भोपाल

शनिवार, 29 अगस्त 2026

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष– 1
वर्ष : 13, अंक : 148
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बाबा महाकाल को अर्पित की राखी

महाकाल से हुई देश में रक्षाबंधन की शुरुआत

बाबा को बांधी गई 2 फीट की राखी, सवा लाख लड्डुओं का लगा महाभोग

- भस्म आरती के दौरान पुजारी परिवार की महिलाओं ने बांधी हस्तनिर्मित विशेष राखी ये 8 दिन में तैयार हुई
- जन्माष्टमी तक होंगे रक्षासूत्र के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

सनातन परंपरा के अनुसार, सभी प्रमुख त्योहारों की शुरुआत सबसे पहले धर्म नगरी अवंतिका (उज्जैन) स्थित भगवान महाकाल के धाम से होती है। इसी क्रम में रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार तड़के महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। तड़के 3 बजे मंदिर के पट खुलने के बाद ⏩ शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी का अलग अंदाज

- 7, लोक कल्याण मार्ग पर बच्चियों ने बांधीं हस्तनिर्मित राखियां
- इस दौरान बच्चों ने प्रधानमंत्री से हाई फाई किया, यानी दे ताली

पीएम मोदी ने 'जेन अल्फा' बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन

एआई राखी से करेले के स्वाद तक खूब मस्ती, पीएम ने मांगा महाकाल का प्रसाद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर स्कूली बच्चों (जेन-अल्फा) के साथ रक्षाबंधन का पर्व अत्यंत आत्मीय माहौल में मनाया। बच्चियों ने पीएम मोदी की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनका आशीर्वाद लिया।

इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'रक्षाबंधन के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं। यह पवित्र त्योहार आप सभी के जीवन में खुशी, ⏩ शेष पेज 6 पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों संग...दे ताली

बच्चों ने सुनाई कविताएं

प्रधानमंत्री ने बच्चों के खान-पान को लेकर भी खूब चुटकी ली। जब पीएम ने एक बच्ची से पूछा कि क्या वह करेला नहीं खाती, तो उसने मासूमियत से कहा कि करेला तो मेरा भाई भी नहीं खाता, कोई भी नहीं खाता! वहीं जब एक बच्ची ने बताया कि वह उज्जैन जाने वाली है, तो पीएम मोदी ने ⏩ शेष पेज 6 पर

माउंट आबू में हो रही संगोष्ठी का आमंत्रण भी दिया

मुख्यमंत्री को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधे 'रक्षा सूत्र'

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय प्रजापिता विश्वविद्यालय से जुड़ी बहनों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर राखी बांधी। डॉ. यादव को आशीर्वाद स्वरूप ब्रह्मकुमारी बहनों ने एक स्लोगन कार्ड दिया जिसमें कहा गया है कि 'आप समर्थ संकल्पों के माध्यम से व्यर्थ के ⏩ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

जनविश्वास अभियान में बालाघाट जाएंगे सीएम

भोपाल। शनिवार को बालाघाट जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान चिन्हित शिकायतों को सीएम के समक्ष प्रस्तुत कर उनका समाधान किया जाएगा। यहां समस्याओं, विकास कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

डिलीवरी बॉय की हत्या के बाद चक्काजाम

ग्वालियर। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में डिलीवरी बॉय विवेक मीणा की गोली मारकर हत्या के विरोध में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। नाराज परिजनों ने गोरखपुर चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। सड़क से भीड़ न हटने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर रास्ता साफ कराया।

दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी 3.89 महंगी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी के दाम में 3.89 प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार नई दरें शनिवार सुबह 6 बजे से प्रभावी होंगी। दिल्ली में सीएनजी की कीमत 83.09 से बढ़कर 86.98 प्रति किलो हो गई है। इस साल सीएनजी की दरों में यह पांचवीं वृद्धि है।

290 भारतीयों समेत 1,000 से अधिक लोग लापता

592 शवों के ढेर के बाद फिर मंडराया बाढ़ का खतरा, भोटेकोशी नदी का जलस्तर बढ़ा

हे ईश्वर! अब बख्शना

बचाए गए बच्चे की आंखों में उम्मीद की मुस्कान

नेपाल में बजा फिर आफत का 'सायरन'

सुरक्षाकर्मी भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में बहकर आए लोगों की तलाश में जुटे

- अस्थाई झील के ओवरफ्लो होने से नया अलर्ट
- त्रिशूली टनल से 350 मजदूर रेस्क्यू
- यूरोपीय संघ देगा 2 मिलियन यूरो की मदद

रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं और नवलपरासी जिलों से बड़ी संख्या में शव बरामद शवगृह में कम पड़ रही जगह

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा 290 नागरिकों से नहीं हो पा रहा संपर्क, 84 लोगों को बचाया गया

एजेंसी ⏭ काठमांडू/नई दिल्ली

हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से नेपाल और तिब्बत की सीमा पर आई भीषण बाढ़ में अब तक नेपाल में 587 और तिब्बत में 5 लोगों सहित कुल 592 लोगों की जान जा चुकी है। 1,000 से अधिक लोग अब भी लापता हैं, जिनमें 290 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। नेपाल के पीएम बालेन शाह ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति को गंभीर बताया है। नेपाली सेना ने त्रिशूली हाइड्रोपावर की टनल ⏩ शेष पेज 6 पर

त्रासदी में फंसीं अनूपपुर की दो बेटियां सुरक्षित

अनूपपुर। नेपाल में जलप्रलय की त्रासदी में अनूपपुर जिले के कोतमा की दो बेटियां पलक माईजी और पल्लवी माईजी फंस गई थीं। दोनों के सुरक्षित होने की खबर मिलने के ⏩ शेष पेज 6 पर

पलक और पल्लवी

जयशंकर ने नेपाल से लौटे तीर्थयात्रियों से मुलाकात की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल में बाढ़ से सुरक्षित बचाए गए तमिलनाडु के 21 तीर्थयात्रियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की आपबीती सुनकर वे भावुक हो गए। जयशंकर ने रेस्क्यू अभियान के लिए नेपाली सेना और नेपाल सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने भारतीय दूतावास की भी सराहना की, जिसने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित भारत वापसी में मदद की।

मोबाइल पर अभी भी रिंग जा रही

कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गईं विदिशा की इंजीनियर 'लापता'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विदिशा की रहने वाली और कनाडा के टोरंटो में रह रहीं इंजीनियर स्वाती बागरेचा कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान चीन-तिब्बत सीमा के पास से लापता हो गई हैं। 26 अगस्त की सुबह 9 बजे परिवार से संपर्क टूट गया। स्वाती के मोबाइल पर अभी भी रिंग जा रही है, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रही हैं। परिवार का कहना है कि नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई बाढ़ के दिन से ही लापता है। मोबाइल की लोकेशन चीन बॉर्डर के आसपास आ रही है। परिजनों ने संबंधित एजेंसियों से मोबाइल लोकेशन तकनीकी रूप से ट्रैक कर स्वाती की सही स्थिति का पता लगाने की मांग की है। ⏩ पढ़ें पेज 10 भी

स्वाती बागरेचा

हादसे के बाद बस की ये हो गई हालत

ब्यावरा में एबी रोड पर भीषण हादसा

स्लीपर बस ब्रिज की दीवार से टकराई, 4 की मौत, 12 घायल

- कर्नाटक के साइबर इंस्पेक्टर और ड्राइवर समेत 4 लोगों ने तोड़ा दम
- हादसे के वक्त अधिकतर यात्री गहरी नींद में थे
- भोपाल रेफर किए गए गंभीर रूप से घायल यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ के नेशनल हाईवे-52 (एबी रोड) पर ब्यावरा शहर के भोपाल बायपास पर शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित तेज रफ्तार स्लीपर बस घुमावदार ब्रिज की सुरक्षा दीवार से टकराकर काफी दूर तक रगड़ाती चली गई। हादसे के वक्त अधिकतर यात्री गहरी नींद में थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस की अपर बर्थ के कांच टूट गए और सो रहे यात्री खिड़की से बाहर सीधे सड़क पर आ गिरे। इस दुर्घटना में 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वालों में बस ड्राइवर और बेंगलुरु में पदस्थ साइबर इंस्पेक्टर रवि केबी (45) शामिल हैं। इंस्पेक्टर रवि अपनी टीम के साथ किसी आरोपी की ⏩ शेष पेज 6 पर

एनटीए में हुआ बड़ा फेरबदल

दो नए डायरेक्टर और एक ज्वॉइंट डायरेक्टर की नियुक्ति

कार्मिक मंत्रालय ने 3 हफ्ते में ज्वॉइनिंग का आदेश दिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीट यूजी पेपर लीक विवाद के बाद विवादों में घिरी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी के बेहतर संचालन के लिए केंद्र ने एनटीए में दो डायरेक्टर और एक ज्वॉइंट डायरेक्टर की नियुक्ति की है। इससे पहले गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एनटीए के प्रश्न-पत्र तैयार करने वाले करीब 600 विशेषज्ञों को ⏩ शेष पेज 6 पर

बिलासपुर में विमान हादसा टला

लैंडिंग पर फटा एलायंस एयर का टायर, 41 यात्री सुरक्षित

पायलट की सूझबूझ ने बचाईं यात्रियों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केवट हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से बिलासपुर पहुंची एलायंस एयर की फ्लाइट 9आई613 के रनवे पर उतरते समय अचानक बाईं तरफ का टायर फट (पंक्चर) गया। हालांकि, पायलट की त्वरित सूझबूझ और एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया। एलायंस एयर के इस विमान ने सुबह ⏩ शेष पेज 6 पर

महादेव सट्टा एप घोटाला मामला

97 लोगों को 40 हजार 603 करोड़ का जीएसटी का नोटिस

1.45 लाख करोड़ के काले कारोबार में डीजीजीआई की कार्रवाई

हरिबूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश की सबसे बड़ी टैक्स चोरी के मामले में डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) रायपुर जोनल ऑफिस ने महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप सिंडिकेट पर शिकंजा कसा है। एजेंसी ने एप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और सह-प्रमोटर रवि उप्पल समेत 97 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 40,603 करोड़ रुपए के जीएसटी भुगतान की मांग की है। डीजीजीआई ⏩ शेष पेज 6 पर

बाइक और स्कूटी की भीषण टक्कर

रीवा में दादा और दो पोतियों समेत 4 की दर्दनाक मौत

रक्षाबंधन की खरीदारी कर लौट रही थीं मासूम बच्चियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा

जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र स्थित भैरव बाबा मोड़ पर गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में एक ही परिवार के दादा और उनकी दो मासूम पोतियों समेत 4 लोगों की मौत हो गई।

चौड़ीयार गांव की रहने वाली दो बच्चियां शिवी तिवारी (4) और शक्ति तिवारी (5) रक्षाबंधन का सामान खरीदने गुढ़ बाजार आई थीं। घर लौटते समय रास्ते में उन्हें उनके दादा विंध्यवासिनी तिवारी (55) मिल ⏩ शेष पेज 6 पर

रक्षाबंधन पर बहन को लेने गया था छोटा भाई, गांव में शोक

दमोह में रक्षाबंधन पर पसरा मातम

बेटे ने की आत्महत्या तो माता-पिता भी ट्रेन के आगे कूदे, तीनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह-कटनी रेलमार्ग पर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। करैया और धरमपुरा रेलवे फाटक के पास एक ही परिवार के तीन सदस्यों की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में भरत अहिरवार (58), उनकी पत्नी उमा अहिरवार (55) और उनका बड़ा बेटा मुकेश अहिरवार (30) शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 10:40 बजे हिंडोरिया थाना क्षेत्र के करैया गांव के पास मुकेश की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। हादसे की खबर मिलते ही बदहवास ⏩ शेष पेज 6 पर

पटरी पर मृतक लाल घेरे में

गर्भवती है मृतक की पत्नी

मुकेश की शादी दो साल पहले हुई थी और उसकी पत्नी फिलहाल गर्भवती है। छोटा बेटा दौलत रक्षाबंधन पर अपनी बहन को लेने सागर गया हुआ था। उनके घर लौटने से पहले ही परिवार तिनके की तरह बिखर गया। पड़ोसी के अनुसार, घटना से 10 मिनट पहले मुकेश ने किसी पारिवारिक समस्या की बात कही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और ⏩ शेष पेज 6 पर

अगस्त के बाद अब सितंबर में भी बारिश दिखाएगी ऐसा जोर

प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 27 डिग्री

35 से अधिक जिलों में औसत सामान्य से कम बारिश, भोपाल में अब तक 133.5 मिमी ज्यादा

भोपाल में पारा 27.6 डिग्री, यह नॉर्मल से 2.3 डिग्री कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी बारिश का दौर जारी है। यह क्रम अगले दो से तीन लगभग ऐसा ही बना रहेगा। प्रदेश में भरपूर नमी आने और नया सिस्टम बनने से सितंबर के पहले सप्ताह में भी बारिश का दौर चलने की पूरी उम्मीद है।

एक अगस्त से जारी बारिश के बीच शुक्रवार तक प्रदेश के करीब 35 जिलों में अब भी कम बारिश दर्ज हुई है। भोपाल में सामान्य से 133.5 मिमी अधिक हो चुकी है। शहर में अब तक कुल 989.4 मिमी बारिश हुई है। प्रदेश में कुल 683.9 मिमी बारिश हुई है, जबकि 750.9 मिमी होना थी। यह सामान्य से 9 फीसदी कम है। शुक्रवार को बादल-बारिश के बीच दिन के तापमान में दो डिग्री तक घटबढ़ रही। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 27 डिग्री रहा। भोपाल में बारिश से पहले पारा 2.4 डिग्री बढ़कर 27.6 डिग्री रहा। यह नॉर्मल ⏩ शेष पेज 6 पर

भोपाल में दिन भर रुकरुक कर बारिश हुई, जवाहर चौक का दृश्य

यहां अति भारी से भारी बारिश

शनिवार तक अनूपपुर, उमरिया में कुछ जगह अति भारी बारिश होगी। वहीं, रायसेन, नर्मदापुरम, सीधी, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़ में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में मध्यम से हल्की बारिश होगी। बादल की जमावट अधिक रहेगी।

खाचरौद में पहुंचे स्वामी निजानंद महाराज के आश्रम

संतों के आशीर्वाद से मिलती है सद्कार्य की प्रेरणा और ऊर्जा: सीएम डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर खाचरौद के ग्राम चिरोला फंटा में स्थित संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे। आश्रम में मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर श्री श्री 1008 सचिदानंद महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. यादव ने आश्रम स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर षोडशोपचार पूजन भी किया। उन्होंने संत श्री निजानंद महाराज के गादी पर पूजा-अर्चना कर आरती की। उपस्थित संतों का वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आश्रम में प्रसादी ग्रहण की। डॉ यादव का श्री निजानंद धाम सेवा समिति द्वारा स्वागत सम्मान भी किया गया।

श्री सचिदानंद महाराज की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि, की पूजा-अर्चना

विधि-विधान से पूजा करते सीएम।

सभी के कल्याण की मुख्यमंत्री ने की कामना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत श्री निजानंद आश्रम पर आकर दर्शन पूजा की है। यह स्थान देश, प्रदेश और मालवा में सनातन संस्कृति की ऐसी विभूतियों के अलौकिक आभा से परिचित कराता है। हम सब भी ऐसे संतों के आशीर्वाद से सद्कार्य की प्रेरणा पाते हैं। निजानंद महाराज के पश्चातवर्ती स्वामी सचिदानंद महाराज ने इस स्थान को चेतना देते हुए पूरे क्षेत्र को चैतन्य किया है। डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी अपने कामों के साथ अपने संतों की मूल भावना सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सभी को लेकर चलने का जो कल्याण का भाव है, ये वेद वाक्य को अमरता के साथ धारण करते हुए हम सभी के कल्याण की कामना करें।

खाचरौद में बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए खाचरौद हेलीपेड पर पहुंचे। हेलीपेड पर नागदा निवासी माया तितलिया एवं मनीषा अखिलेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बांधकर शुभकामनाएं दी। डॉ यादव ने आत्मीयता से बहनों का मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं दी।

पहले दशविधि स्नान, फिर ब्राह्मणों ने बदले यज्ञोपवीत

भोपाल। श्रावण पूर्णिमा पर शीतलदास की बगिया व तालाब के अन्य घाटों आदि स्थानों पर ब्राहाणों समेत कई अन्य समाजों के लोगों ने हेमाद्रि संकल्प के साथ नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। इसी तरह ब्राह्मण एकता अस्मिता सहयोग एवं संस्कार मंच के तत्वावधान में ब्राह्मणों ने बड़ा तालाब स्थित शीतलदास की बगिया में पंचगव्य स्नान, उपाकर्म के बाद जनेऊ बदले, सूर्य की आराधना की। पंडित राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि पंडित अनिल दुबे के आचार्यत्व में विधि-विधान से पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित विप्र बंधुओं ने हिमाद्रि संकल्प लेकर शास्त्रोक्त विधि से दशविधि स्नान किया और पुराने यज्ञोपवीत का त्याग कर विधि-विधान से नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। यज्ञोपवीत परिवर्तन केवल एक धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों, संस्कारों और वैदिक जीवन पद्धति के प्रति पुनः संकल्प लेने का अवसर है।

खबर संक्षेप

मां चामुंडा दरबार में मनाया रक्षाबंधन पर्व

भोपाल। रक्षाबंधन के मौके पर शहर के मंदिरों में भी खास रौनक देखने को मिली। इसी के तहत मां चामुण्डा दरबार में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान को राखी बांधकर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। तो वहीं पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे का आशीर्वाद लिया।

मप्र उर्दू अकादमी ने की उर्दू पांडुलिपियां आमंत्रित

भोपाल। मप्र उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद के द्वारा वर्ष 26-27 में उर्दू पांडुलिपियों के प्रकाशन एवं प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता देने के लिए मध्यप्रदेश के साहित्यकारों/शायरों से अपनी उर्दू पांडुलिपियां 25 सितम्बर, 2026 तक कार्यालय मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूज़ी संस्कृति भवन बाणगंगा रोड, भोपाल-462003 में जमा करनी होगी। पाण्डुलिपि के साथ मप्र के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। जिन साहित्यकारों/शायरों की पुस्तकें अकादमी द्वारा प्रकाशित/आर्थिक सहायता दिए हुए दस वर्ष नहीं हुए हैं पांडुलिपियों पर विचार नहीं किया जाएगा। पुस्तक प्रकाशन/प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता देने के लिये बनाई गई कमेटी का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

रक्षाबंधन पर बाजार रहे गुलजार, बहनों ने खरीदी आकर्षक राखियां तो भाइयों ने दिया अनमोल उपहार

शुभ संयोग में बहनों ने सजाई भाइयों की कलाइयां, बांधी स्नेह की डोर, भाइयों ने दोहराया बहनों की रक्षा का संकल्प

इस बार रक्षाबंधन पर दिन में भद्रा का साया नहीं होने से दिनभर राखी बांधी गई कुल देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की

भाई को राखी बांधती नन्हीं बहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाई-बहन के अटूट प्रेम का रक्षाबंधन पर्व राजधानी भोपाल सहित जिले भर में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार को सुबह लोगों ने अपने कुल देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की, इसके बाद शुभ संयोग में सुबह से दिनभर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के चलते सुबह से ही बाजारों में रौनक दिखाई दी। बहनें भाइयों को नए वस्त्र दिलाते हुए दिखाई दी। वहीं भाई भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने बहनों को उपहार दिलाए। इस बार रक्षाबंधन पर दिन में भद्रा का साया नहीं होने से दिनभर राखी बांधी गई। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुक्रवार को शतभिषा नक्षत्र, सुकर्मा योग, त्रिपुष्कर योग अतिगंड योग सर्वार्थ सिद्धि योग श्रवण नक्षत्र के विशेष संयोग में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहने से बहनों ने शुभ मुहूर्त सुबह से राखी बांधी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन स्थित निज निवास पर शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी बहनों से राखी बंधवाई और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके भाई नंदलाल यादव, नारायण यादव, बहनें शांति यादव, कलावती यादव, धर्मपत्नी सीमा यादव, पुत्र एवं पुत्री तथा परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे। रक्षाबंधन पर्व पर परिवार के सभी लोग साथ थे। वहीं प्रदेशभर में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास और स्नेह के साथ मनाया गया।

सुरक्षित रूप से उतारकर रखें राखी

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि राखी बांधने और उतारने के कुछ नियम है। राखी बांधने के बाद उसे निकालकर यहां फेंकना चाहिए। जन्माष्टमी के अगले दिन गोगा नवमी पर पूजन के बाद गोगा वीर को राखी समर्पित करनी चाहिए।

सुरक्षा व्यवस्था के बीच सेंट्रल जेल में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

राजधानी के सेंट्रल जेल में रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम से सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया गया। दूर दूर से भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनों के लिए सुबह साढ़े सात बजे से ही जेल में मिलाद शुरू कर दी गई थी। सुबह साढ़े सात बजे से शुरू हुआ भाई बहन का यह पर्व शाम साढ़े छह बजे तक चला। इस दौरान सेंट्रल जेल के अधिकारी सहित तीन थानों के थाना प्रभारी और अधिकारी भी जेल में सुरक्षा के लिहाजा से मौजूद रहे। सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाई से मिलते ही कुछ बहनें भावुक हो गई। जिसे देखकर आलाधिकारी भी भावुक हो गए।

बाहर से सामान लाने की इजाजत नहीं

सुरक्षा के लिहाजा से हर बार की तरह इस बार भी मिठाई और खाने का सामान जेल की केंटिन से लेना अनिवार्य कर दिया गया था। बहने जो सामान घर से लेकर आई थी। उसे बाहर ही रखा गया और अंदर से उन्हें सामान लेकर सुरक्षा नियमों का पालन करने का कहा गया। जेल की कैंटीन से मिठाई और अन्य सामान लेने के बाद बहनों ने अपने भाइयों का तिलक किया और राखी बांधकर त्यौहार मनाया।

गेट से अंदर तक पूरी सुरक्षा

जेल अधीक्षक मानवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि जेल बंदियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंध की गई। गेट पर ही सामान चेक किया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी और जेलकर्मियों को भी सुरक्षा में तैनात रखा गया। समय पर बहनें भाइयों से मिलकर राखी बांधे इसका पूरा प्रयास किया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र सहित बेहतर भविष्य की कामना की।

निर्भया आश्रय गृह में मनाया बहनों ने रक्षाबंधन

भाई नहीं आए, निर्भया की बहनों ने डायरेक्टर को बांधी सुरक्षा की डोर

निर्भया महिला आश्रय गृह में मना रक्षाबंधन।

रक्षाबंधन के मौके पर राजधानी के शक्ति सदन निर्भया महिला आश्रय गृह की बहनों ने आश्रम के डायरेक्टर असलम शेर खान को सुरक्षा की डोर बांधकर उनसे सुरक्षा का आशीर्वाद लिया। दरअसल निर्भया में रहने वाली पीड़ित महिलाओं और युवतियों में से कई बहनों के भाई आश्रम में राखी बंधवाने रक्षाबंधन पर नहीं आ पाते हैं। शुक्रवार को निर्भया की बहनों ने आरती उतारकर रक्षा का वचन भी लिया। डायरेक्टर ने उपहार देकर बहनों का सम्मान किया। इस मौके पर आश्रम की महिलाओं के प्रति संवेदना रखने वाली रश्मि मनु व्यास ने भी आश्रम पहुंचकर शेर अफजल खान को राखी बांधते हुए आश्रम की महिलाओं के साथ रक्षाबंधन मनाया।

बहनों ने सेलिब्रेट किया रक्षाबंधन

इस मौके पर निर्भया फाउंडेशन की डायरेक्टर समर खान, आश्रय गृह की अधीक्षक इंद्रा मौर्य, केस वर्कर और कंप्यूटर ऑपरेटर भारती नरवरे, मल्टीपर्पज वर्कर गुलशाद बेगम और निशा चौधरी सहित स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने इस भावुक पल को कैमरे में कैद किया और इसे एक यादगार दिन बताया।

भोजपाल महोत्सव मेला समिति करेगी आयोजन

2.51 लाख की मटकी फोड़ प्रतियोगिता का 5 सितंबर को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपाल महोत्सव मेला समिति की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन 5 सितंबर को प्रदेश की बड़ी इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अवधपुरी चौराहा स्थित विवेकानंद स्कूल के सामने हेलीपैड मैदान पर शाम 7.30 बजे से होने वाले इस आयोजन में 2.51 लाख रुपए की इनामी राशि दांव पर होगी। प्रतियोगिता में प्रदेश और आसपास के जिलों से 15 से अधिक गोविंदा टोलियां शामिल होंगी। आयोजन का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल-11 के विजेता सनी हिंदुस्तानी की प्रस्तुति होगी। वे अपने मधुर गीतों के जरिए गोविंदा टोलियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे। भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता को भव्य स्वरूप देने की तैयारियां चल रही हैं। संयोजक विकास वीरानी ने बताया कि आयोजन स्थल पर आकर्षक सजावट, संगीत और भक्ति गीतों के साथ शहरवासियों को भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। समिति के तत्वावधान में बरखेड़ा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में 4 सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

आयुर्वेद, मेडिकल कॉलेज खोलने आवेदन 10 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकलन एवं रेटिंग बोर्ड एनसीआईएसएम नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ सुश्रुत कन्नौजिया ने नया सर्कुलर पत्र करते हुए वर्ष 2027-28 में नए आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा व सोवा रिग्पा मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए आवेदन करने की तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 10 सितंबर 2026 तक कर दी है। चूंकि आयोग को अनेक राज्यों से निवेदन पत्र प्राप्त हुए थे कि स्टेट एनओसी मिलने में विलंब हो सकता है। यही कारण है कि नए एएसयूएस मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि मध्यप्रदेश समेत देशभर में आयुष के लगभग 700 से ज्यादा कॉलेज संचालित हैं।

ट्रेन का निर्धारित प्रस्थान समय शाम 6.05 बजे था

ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरा यात्री, सवारी गाड़ी प्रबंधक की सूझबूझ से बचा जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल के खंडवा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भोपाल मंडल के वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक नमन पाठक की सूझबूझ से ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरे एक व्यक्ति को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद घायल को उपचार के लिए भेजा गया। घटना 27 अगस्त की है।

गाड़ी संख्या 17605 काचीगुडा-भगत की कोठी एक्सप्रेस खंडवा स्टेशन पर शाम 5:53 बजे पहुंची थी।

ट्रेन का निर्धारित प्रस्थान समय शाम 6:05 बजे था। ट्रेन के प्लेटफॉर्म से रवाना होने के दौरान यात्रियों और आरपीएफ स्टाफ ने वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक नमन पाठक को सूचना दी कि एक व्यक्ति ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गया है। सूचना मिलते ही पाठक ने बिना देर किए प्रेशर ड्रॉप की प्रक्रिया के माध्यम से ट्रेन को रुकवाया। इसके बाद आरपीएफ स्टाफ और रेलवे कर्मचारियों की मदद से घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्राथमिक सहायता के बाद उसे आगे के उपचार के लिए भेजा गया।

समय पर दिखाई गई सजगता से टला बड़ा हादसा

रेलवे अधिकारी की त्वरित कार्रवाई से न केवल ट्रेन को समय रहते रोका गया, बल्कि घायल व्यक्ति को भी सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता मिली। मौके पर मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों ने भी तत्परता से सहयोग किया।

बाबा बटेश्वर और मां गोरा को बांधी राखी, दिव्य श्रृंगार कर मनाया गया रक्षाबंधन

फल-फूल, बेलपत्र दूध, धतूरा, गुलाल आदि से की पूजा

सावन के अंतिम दिन मंदिरों में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे, श्रद्धालुओं में उमड़ा आस्था का सैलाब, दर्शन-पूजन के लिए लगी लंबी-लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन के शुभ संयोग के साथ सावन माह के अंतिम दिन शुक्रवार को राजधानी के शिव मंदिरों में सुबह से भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। फल-फूल, बेलपत्र, दूध, धूतरा, गुलाल आदि से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। शिव मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगने लगी, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। बड़वाले महादेव मंदिर, तलैया मरघटिया महावीर आदि मंदिरों में भक्तों ने पूजा, पाठ कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। बटेश्वर व मां गोरा को बंधी राखी, बाबा बटेश्वर व मां गोरा का दिव्य श्रृंगार कर रक्षाबंधन मनाया गया।

पीपल चौराहा हनुमान मंदिर।

बहनों को पौधे दिए उपहार

सेवा संकल्प युवा संगठन के द्वारा रक्षा बंधन पर्व पर बहनों को उपहार के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पौधों को भी उपहार के रूप में दिए गए। बहनों से पौधा रोपण और उनकी रक्षा का संकल्प दिलाया। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि पर्यावरण का संदेश देने के लिए 44 बहनों को पौधों का उपहार दिया गया।

नारायण गुरु की जयंती: गणपति होमम से हुई कार्यक्रम की शुरुआत, किया झंडा वंदन

भोपाल। श्री नारायण मिशन सुभाष नगर में श्री नारायण गुरु की 172वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान झंडा वंदन भी किया गया। भगवान गणेश की पूजा कर गुरु नारायण का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ सुबह 5:30 बजे गणपति होमम से हुआ। इसके बाद अभिषेकम एवं शारदा पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। मिशन के अध्यक्ष प्रकाशन एस. ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि बिजू पुलिक्कलेदथु (केरल) ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन में जगतगुरु श्री नारायण गुरु के बाल्यकाल से लेकर उनके संपूर्ण जीवन एवं समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। तो वहीं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष शिक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ढोल-ढमाकों के साथ करेंगे विसर्जन

भुजरिया का खास त्योहार आज शहर में निकलेंगे चल समारोह किन्नर कल निकालेंगे जूलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आपसी प्रेम, सौहार्द्र और सद्भावना का पर्व भुजरिया शनिवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर में अनेक स्थानों से भुजरिया चल समारोह निकलेंगे और भुजरिया के विसर्जन के बाद लोग एक दूसरे को भुजरिया देंगे। छोटे भुजरिया देकर बड़ों का आशीर्वाद लेंगे, तो मित्र, हम उम्र लोग एक दूसरे का भुजरिया का आदान प्रदान कर गले मिलकर भुजरिया की बधाई देंगे। इस बार रविवार को किन्नरों का जुलूस निकला जाएगा। जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। हर साल रक्षाबंधन के अगले दिन यानि भाद्रपद प्रतिपदा पर यह पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भुजरिया पर नए और पुराने शहर से अनेक स्थानों पर महिलाएं सिर पर भुजरिया रखकर चल समारोह के रूप में निकलेगी और मंगल गीत गाते हुए सरोवरों पर जाएंगी। शहर के खटलापुरा, कालीघाट, शाहपुरा सहित अन्य स्थानों पर लोंगों द्वारा भुजरिया का विसर्जन किया जाएगा।

■ अन्न की अच्छी पैदावार की करते हैं कामना

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026

4 बच्चों को चॉकलेट के पैसे दिए, फिर गला ...

6 चार साल के मासूम को ट्रैक्टर ने रौंदा, गुस्साई ...

सीवेज के लिए खोदी सड़कें बारिश में बनीं मुसीबत, कीचड़ और गड्ढों से लोगों की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में बीते चार-पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश ने सीवेज नेटवर्क के लिए खोदी गई सड़कों की बदहाल स्थिति सामने ला दी है। शहर के कई इलाकों में सीवेज लाइन डालने के लिए सड़क और गलियों को खोदकर छोड़ दिया गया है।

बारिश के बाद इन जगहों पर कीचड़ और गड्ढे हो गए हैं। लोगों को इनसे बचकर निकलना पड़ रहा है। कई इलाकों में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। शहर भर में सीवेज नेटवर्क के लिए पिछले छह महीने में करीब 110 किलोमीटर सड़कें खोदी गईं। इनमें से अभी तक करीब 60 किलोमीटर सड़कों का ही रेस्टोरेशन हो पाया है।

छह महीने में 110 किमी सड़कें खोदीं, अब तक 60 किमी का ही हुआ रेस्टोरेशन, बारिश ने बढ़ाई परेशानी

रचना नगर में सड़क पर स्थित गड्ढे।

शंकर कॉलोनी में सड़क पर भरा बारिश का पानी

छोला मंदिर स्थित शंकर कॉलोनी में सीवेज लाइन के लिए खोदी गई सड़क बारिश के बाद जलभराव और कीचड़ से भर गई। वहीं रचना नगर में सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को फिसलने का डर बना हुआ है।

रचना नगर में सड़क के गड्ढों में भरा बारिश का पानी।

तीन साल में पूरा होना है 992 किमी का काम...

प्रभारी कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी ने कहा कि सीवेज लाइन के लिए सड़कें खोदने से लोगों को परेशानी हो रही है। विभाग ने काम पूरा करने के लिए तीन साल का टारगेट लिया है। बारिश के कारण फिलहाल थोड़ी दिक्कत आ रही है। करीब 992 किलोमीटर का काम है, जिसे पूरा करने में समय लगेगा।

शंकर नगर में सीवेज लाइन के लिए खोदी गई सड़क।

रास्तों से पैदल निकलना मुश्किल

स्थानीय निवासी सौरभ तिवारी ने बताया कि जनवरी में सड़क खोदी गई थी। इसके बाद से लोगों को लगातार परेशानी हो रही है। बारिश में सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

वीआईपी और रिहायशी इलाकों में भी परेशानी

सीवेज नेटवर्क के लिए खोदी गई सड़कों का असर शहर के कई प्रमुख और रिहायशी इलाकों में दिखाई दे रहा है। शिवाजी नगर, नंबर-6, गौतम नगर, रचना नगर, शांति निकेतन, एमपी नगर, बैरागढ़, रातीबड़, नीलबड़ सहित कई इलाकों में सड़कें खुदी हुई हैं। बारिश के बाद इन जगहों पर कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन ट्रेन कल

भोपाल। त्यौहार पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति रक्षाबंधन विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 02157 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन विशेष ट्रेन रविवार, 30 अगस्त को रानी कमलापति स्टेशन से रात 9:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन सुबह 10:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02158 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति सोमवार, 31 अगस्त को नई दिल्ली स्टेशन से 12:10 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 11:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, मथुरा जंक्शन एवं पलवल स्टेशनों अपना ठहराव लेगी।

आज शाहपुरा में लगेगा जनविश्वास शिविर

भोपाल। शुक्रवार को रक्षाबंधन होने की वजह से अब शनिवार 29 अगस्त को सुबह 10 बजे नगर निगम के वार्ड 51 स्थित सी-सेक्टर जैन मंदिर के पास शाहपुरा में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। शिविर में लोगों से संवाद कर उनकी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। प्रशासन के अफसरों ने आम लोगों से शिविर में आकर अपनी शिकायतों से संबंधित आवेदन पेश करने की अपील की है।

हवा और फ्यूल रेट का बोर्ड भी गायब, पंप पर सुविधाओं की कमी

पेट्रोल पंपों पर कहीं टॉयलेट नहीं, कहीं डाला ताला... पानी भी नहीं मिल रहा

शहर के 200 पेट्रोल पंपों में से अधिकतर पंपों पर नागरिकों के लिए सुविधाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर भर के 200 पेट्रोल पंपों में से अधिकतर पंपों पर बुनियादी सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। अधिकतर पेट्रोल पंपों पर टॉयलेट में ताला डला रहता है, जिसकी वजह से वाहन चालकों को आसपास सुलभ कॉम्प्लेक्स में जाना पड़ता है। इसी तरह पीने का पानी भी कहीं है, तो कहीं वाटर कूलर खाली पड़ा रहता है। हवा और फ्यूल रेट के बोर्ड भी पंपों से गायब हैं।

हरिभूमि की टीम ने शहर के दस प्रमुख पेट्रोल पंपों पर सुविधाओं को लेकर जायजा लिया। शहर के न्यू मार्केट चौराहा स्थित एचपी पेट्रोल पम्प में पेयजल व्यवस्था नहीं हैं, दिखाने के लिए शौचालय बनाया गया है। प्रबंधन ने टॉयलेट में ताला डाल रखा है। नानके पेट्रोल पंप पर भी महिला टॉयलेट में ताला लगा रहता है। बोर्ड ऑफिस चौराहा के प्रगति पेट्रोल पंप पर भी शौचालय और पानी की सुविधा नहीं है।

न्यू मार्केट में एचपी पेट्रोल पंप स्थित टॉयलेट में ताला लगा है।

रियलिटी चेक

शिकायत रजिस्टर, फर्स्ट-एड बॉक्स गायब

शहर के पीएंडटी, नेहरू नगर, अरेरा हिल्स, अन्ना नगर, चिनार सिटी, 11 मील, अल्पना तिराहा, बिट्टन मार्केट, न्यू मार्केट सहित शहर के दर्जनभर से अधिक पेट्रोल पंप में पेट्रोल पंपों पर कॉलिंग, कंप्लेन रजिस्टर और फर्स्ट-एड बॉक्स गायब मिले।

शौचालय में ताला लगा रहने से असुविधा होती है

न्यू मार्केट के एचपी पेट्रोल पंप के शौचालय में कई महीनों से ताला लगा होने से असुविधा होती है। कर्मचारियों से शौचालय का ताला खोलने को बोला गया, तो कर्मचारी इंडियन ऑयल वॉशरूम में भेज रहे है।

दिपेश यादव, वाहन चालक

ग्राहक गंदा कर जाते हैं टॉयलेट

वाहन चालक टॉयलेट गंदा कर जाते हैं, जिसकी वजह से ताला डालकर रखा जाता है। ताला लगा होने से कम लोग टॉयलेट का उपयोग करते हैं।

रोहित बोहर, कर्मचारी

सुविधाओं को पूरा कराने करेंगे जांच

पेट्रोल पंपों पर सुविधाओं को लेकर जांच चल रही है। जिन पंपों पर सुविधाओं का अभाव है, उन्हें पूरा कराया जाएगा। पंप संचालकों पर केस भी दर्ज किया जाएगा।

संदीप भार्गव, सहायक आपूर्ति अधिकारी

इन पेट्रोल पंपों पर भी कमियां

1 अरेरा हिल्स के हिन्दुस्तान पेट्रोलियम में फ्यूल डिजिटल साइन बोर्ड नहीं लगाया गया। यहां महिला और पुरूष के लिए एक ही टॉयलेट बनाया गया है।

पीएंडटी चौराहे के पंप पर एयर और वाटर मशीन बंद।

2 नेहरु नगर के पुलिस वेलफेयर इंडियन ऑयल में ईंधन का रेट डिस्प्ले नहीं किया जाता है और कर्मचारियों से शौचालय पूछने पर निगम के शौचालय में भेजा जा रहा है।

3 पीएंडटी चौराह के एचपी पेट्रोल पंप में एयर और वाटर डिस्पेंसर मशीन बंद है। रेट फ्यूल डिजिटल साइन बोर्ड में नहीं है।

4 नेहरु नगर चौराहे में स्थित भारत पेट्रोलियम में कर्मचारियों ने पेयजल और शौचालय बंद होना बताया है।

नेहरू नगर में पंप पर डिस्प्ले बोर्ड बंद है।

न्यू मार्केट में पंप पर पेयजल नहीं।

कॉलोनी में 7 साल बाद मिला नर्मदा का पानी, पिंक सिटी में 12 साल बाद पजेशन

कॉलोनी सेल की मदद से एक दर्जन कॉलोनियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की पिंक सिटी और जीएमपी अनंता कॉलोनी में 12 साल बाद तीन परिवारों को पजेशन मिला है। वहीं, कोरल कासा कॉलोनी में 7 साल बाद नर्मदा का पानी पहुंचा है। रहवासियों ने वर्ष 2018 से लंबित नर्मदा जल आपूर्ति की समस्या कॉलोनी सेल के समक्ष रखी थी। नर्मदा जल कनेक्शन के लिए रहवासियों ने 10 लाख और शेष राशि बीएम रियल्टी ने जमा कराई।

जिसके बाद नर्मदा जल मिलना शुरु हुआ। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कॉलोनियों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने कॉलोनी सेल का गठन किया है, जिसकी सप्ताह में एक दिन बैठक रखी जाती है। पिंक सिटी कॉलोनी के दो परिवारों को लगभग 12 वर्ष से मकान का पजेशन नहीं मिला था। बिल्डर से समन्वय कर दोनों परिवारों को पजेशन दिला दिया है। इसी तरह जीएमवी अनंता फेज-1 में गोविंद दास वैष्णव के डुप्लेक्स नंबर-123 का पजेशन भी 12 साल से लंबित था। जिसे 12 अगस्त को दिलाया गया।

यह भी हुए निर्णय

- भविष्य मेट्रो सिटी कॉलोनी में सीवेज, साफ-सफाई, लिफ्ट संचालन और पानी की टंकी से संबंधित समस्याएं समस्याएं दूर की गई।
- रेरा प्रकरण में अंकिता सिन्हा को 13 लाख 60 हजार 250 रुपए की लंबित राशि दिलाई गई।
- रोहित, मंदाकिनी, सर्वजन, भेल अनुसूचित जनजाति और सर्वोदय गृह निर्माण सोसाइटी में चुनाव प्रक्रिया शुरु कराई गई।

30 ई-बसें आने के बाद भी देना पड़ा किराया

महिलाओं को रक्षाबंधन पर इस बार नहीं मिला बस का फ्री सफर

रक्षाबंधन पर किराया देकर सफर करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर साल रक्षाबंधन पर बहनों को मुफ्त सिटी बस सफर की सौगात देने वाला नगर निगम ने इस बार चुप्पी साध ली है। शहर में 30 ई-बसें आ गईं, लेकिन रक्षाबंधन पर बहनों को मुफ्त सफर की सौगात नहीं मिल सकी।

ज्ञातव्य हो कि महापौर मालती राय ने इसे हर साल मिलने वाली निगम की सौगात बताया था, लेकिन रक्षाबंधन पर हर साल बहनों को मिलने वाली निगम की मुफ्त सिटी बस यात्रा की सौगात इस बार महिलाओं को नहीं मिली है। इससे भाई के घर राखी बांधने जाने वाली बहनों को इस बार बस का किराया चुकाना पड़ा। बसों में सफर कर रही महिलाओं ने रक्षाबंधन पर मुफ्त सफर की सुविधा नहीं मिलने पर अपनी नाराजगी भी जताई। बता दें कि निगम की ओर से पिछले वर्षों में रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त सिटी बस यात्रा कराई जाती रही है।

इस बार निगम ने बदली तस्वीर...

पिछले साल शहर में सिटी बसों का संकट इतना गहरा गया था कि बसों की संख्या 368 से घटकर बेहद कम रह गई थी। इसके बावजूद रक्षाबंधन पर नगर निगम ने उपलब्ध बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की व्यवस्था की थी, लेकिन इस बार शहर में नई इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत तो हो चुकी है और इनकी संख्या 30 तक पहुंच गई है, ऐसे में उम्मीद थी कि रक्षाबंधन पर महिलाओं को पहले से बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। लेकिन मुफ्त यात्रा का लाभ इन बसों के साथ भी नहीं जोड़ा गया है।

प्रॉपर्टी टैक्स में मिलेगी छह फीसदी की छूट

भोपाल। शनिवार और रविवार को छुट्टी वाले दिन भी प्रॉपर्टी टैक्स में छह प्रतिशत की छूट मिलेगी। नगर निगम के सभी वार्ड और जोन कार्यालय खुले रहेंगे। सोमवार को भी शिविर लगेंगे। यह छूट वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रॉपर्टी टैक्स में दी जाएगी। कर दाता अपने करों का भुगतान निगम के किसी भी वार्ड कार्यालय के अलावा वेबसाइट पर ऑनलाइन भी कर सकते हैं। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने अमले को दफ्तरों में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। यह छूट सोमवार तक दी जाएगी।

75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक वाले लाभान्वित

12वीं के 80 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को मिलेंगे लैपटॉप के लिए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक पाने वाले विद्यार्थियों को एक सितंबर को लैपटॉप के लिए 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के खातों में पैसे ट्रांसफर करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इस बार करीब 80,180 विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र बताए गए हैं। राशि विद्यार्थियों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को मिलता है, जिन्होंने 12वीं की परीक्षा पहले प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों से पास की है।

31 अगस्त से शुरू होना थी, जल्द ही नई तारीख होगी जारी

भारी बारिश के चलते पमरे जोन में होने वाली ट्रैकमैन भर्ती प्रक्रिया स्थगित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पमरे जोन में होने वाली रेलवे भर्ती परीक्षा को बारिश के चलते स्थगित कर दी है। यह परीक्षा 31 अगस्त से 3 सितंबर तक के बीच आयोजित होनी थी। इसमें हजारों की संख्या में आवेदकों को शामिल होना था।

उल्लेखनीय है कि पमरे जोन में रेलवे ट्रैकमैन भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा प्रक्रिया जबलपुर के रेलवे स्टेडियम में होने जा रही है, लेकिन यहां अधिक बारिश के चलते परिस्थिति ठीक नहीं होने के चलते यह परीक्षा स्थगित कर दी गई। सीपीआरओ डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ पमरे जोन द्वारा केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचना संख्या सीईएन-08/2024 (लेवल-1) के अंतर्गत रेलवे स्टेडियम (ग्राउंड) आयोजित की जाने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा बारिश कारणों से स्थगित कर दिया गया है। शारीरिक दक्षता परीक्षा की जल्द ही नई तारीख की घोषणा की जाएगी। रेलवे अभ्यर्थी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट सहित अन्य आधिकारिक माध्यमों सूचना प्राप्त कर सकते है।

समय से पहले जन्मे बच्चे को मस्तिष्क ज्वर के बाद सुनने की हुई थी समस्या

एम्सः नौ माह के शिशु के दोनों कानों में कॉक्लियर इम्प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने महज नौ माह के बच्चे के दोनों कानों में एक साथ सफल कॉक्लियर प्रत्यारोपण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। टीम के मुताबिक यह मध्य भारत में सबसे कम उम्र में किया गया कॉक्लियर प्रत्यारोपण है।

समय से पहले जन्मे बच्चे को मस्तिष्क ज्वर के बाद सुनने की समस्या हुई थी। नवीनतम तकनीक और स्मार्टनैव प्रणाली से सर्जरी सफल रही। बच्चे का जन्म समय से पहले हुआ था। जन्म के बाद उसे एक महीने से अधिक समय तक नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती रखना पड़ा था। इस दौरान बच्चे को मस्तिष्क ज्वर (मेनिन्जाइटिस) भी हुआ। इसके बाद उसकी सुनने की क्षमता प्रभावित होने का पता चला। चिकित्सकों के मुताबिक इतनी कम उम्र में उपचार शुरू करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि शुरूआती वर्षों में सुनने और बोलने की क्षमता के विकास के लिए समय बेहद अहम होता है।

बच्चे के परिजन से चर्चा करते एम्स प्रबंधन के अधिकारी व चिकित्सक।

सर्जरी में कॉक्लियर इम्प्लांट तकनीक स्मार्टनैव निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल

डॉ. विकास गुप्ता के अनुसार एम्स भोपाल में की गई इस सर्जरी में नवीनतम कॉक्लियर इम्प्लांट तकनीक और स्मार्टनैव निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल किया गया। इस तकनीक की मदद से सर्जरी के दौरान ही चिकित्सकों को इलेक्ट्रोड की स्थिति की जानकारी मिलती रही। इससे इलेक्ट्रोड को सही स्थान पर लगाने में मदद मिली और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया की सटीकता बढ़ी।

विशेषज्ञों और पूरी टीम ने मिलकर की सर्जरी

एम्स के ईएनटी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विकास गुप्ता और डॉ. गणकल्याण बहेरा ने सर्जरी की। टीम में वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. रिम्शा खान, कनिष्ठ रेजिडेंट डॉ. ट्विशा चटर्जी, ऑडियोलॉजिस्ट सनी खुराना, डॉ. जैनब अहमद, डॉ. मणि और डॉ. आकृति (एनेस्थीसिया विभाग) शामिल रहे। नर्सिंग टीम से राजाराम और बृजपाल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खबर संक्षेप

सरकारी जमीन का मालिकाना हक नहीं दे सकती न्याय पंचायत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने सरकारी जमीन के स्वामित्व से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि न्याय पंचायत को सरकारी जमीन का मालिकाना हक किसी निजी व्यक्ति को देने का अधिकार नहीं है। राज्य सरकार की जमीन का वैध हस्तांतरण केवल सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने करीब 27 साल से लंबित अपील खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। मामला सतना जिले के रघुराज नगर में सर्किट हाउस के पास स्थित करीब 40 डिसमिल जमीन से जुड़ा है। कमलेश कुमार पटेल की ओर से दायर अपील में दावा किया गया था कि पाकिस्तान के सिंध क्षेत्र से वर्ष 1947 में विस्थापित होकर भारत आए मूलचंद पोहानी को वर्ष 1959 में यह जमीन दी गई थी।

गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस ग्वालियर-शिवपुरी–गुना रूट से चलेंगी

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के बीना स्टेशन यार्ड में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आगासौद-बीना के मध्य तीसरी रेल लाइन को बीना स्टेशन से जोड़ने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 4 फेरे परिवर्तित मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन इस अवधि में ग्वालियर-शिवपुरी-गुना परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 सितंबर से 11 अक्टूबर तक 4 फेरे परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। यह ट्रेन गुना-शिवपुरी-ग्वालियर परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 18 सितंबर से 9 अक्टूबर तक 4 फेरे परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी।

शुभांक

कल्याणः	1235		
दिनः	247	32	480
रातः	566	75	447
ताराः			
दिनः	146	15	780
रातः	120	31	137

लगातार बारिश के कारण बड़ा तालाब लबालब हो चुका है।

शुक्रवार को जलस्तर 1666.40 फीट दर्ज हुआ

फुल टैंक लेवल के करीब पहुंचा बड़ा तालाब, आज खुल सकते हैं डैम के गेट

◆ कोलांस और उलझावन नदियों से आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की लाइफलाइन बड़ा तालाब अपने फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट के नजदीक पहुंच गया है। शहर में रुक-रुक कर बारिश होने के बावजूद कैचमेंट में सक्रिय कोलांस और उलझावन नदियों से पानी की आवक बनी हुई है।

कोलांस नदी सामान्य जलस्तर से तीन फीट ऊपर बह रही है, जिससे तालाब का लेवल लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में बड़े तालाब के जलस्तर में 0.40 फीट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

शुक्रवार को बंद भदभदा डैम के गेट शनिवार या रविवार को खुल सकते

नगर निगम भदभदा डैम की 24 घंटे कर रहा निगरानी

बुधवार शाम को जलस्तर 1665.80 फीट था, जो गुरुवार सुबह बढ़कर 1666.00 फीट और शाम तक 1666.20 फीट पर पहुंच गया। वहीं शुक्रवार को जलस्तर 1666.40 फीट रिकार्ड किया गया। पानी की आवक को देखते हुए नगर निगम भदभदा डैम की 24 घंटे निगरानी कर रहा है। अफसरों का कहना है कि बड़े तालाब में पानी की बढ़ोतरी जारी है, ऐसे में शनिवार को भदभदा डैम के एक या दो गेट खोले जा सकते हैं।

पूर्व प्रेमी के साथ मिलकर दिया था हत्याकांड को अंजाम

बच्चों को चॉकलेट के पैसे दिए, फिर गला दबाकर कर दी मां की हत्या

प्रेमी की पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए प्रेमिका ने रची हत्या की साजिश

हत्या के बाद घर के पास ही खंडहर में फेंक आए थे लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित गोरागांव में गुमशुदा महिला की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की हत्या उसके पति की प्रेमिका और प्रेमिका के पूर्व प्रेमी ने की थी। हत्या करने आरोपी महिला ने अपने प्रेमी को इटारसी से घर बुलाया था। बच्चों को दस रुपए देकर चॉकलेट लेने भेज दिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर महिला की हत्या कर लाश घर के बगल में खंडहर में फेंक दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 24 अगस्त की शाम मोनू रैकवार ग्राम गोरा ने सूचना दी थी कि उसकी पत्नी राखी रैकवार घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की। तीन दिन बाद 27 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि महिला का शव घर के बगल में खंडहर में पड़ा हुआ है। पुलिस की टीम एफएसएल के साथ मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। पुलिस हत्या के एंगल पर जांच करने लगी। इधर शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी हत्या की पुष्टि हो गई थी।

रातीबड़ थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

इटारसी से भोपाल पहुंचा नरेंद्र

योजना के तहत नरेंद्र गत 23 अगस्त को इटारसी से भोपाल पहुंचा था। इस दौरान मोनू रैकवार काम पर गया था। घर में राखी उसके बच्चे और शशि थी। नरेंद्र ने बच्चों को दस रुपए दिए। बच्चे चीज खरीदने दुकान चले गए। इसी दौरान शशि और नरेंद्र ने मिलकर राखी की गला दबाकर हत्या कर दी और शव घर के बगल में खंडहर में ले जाकर छोड़ दिया। बच्चे लौटे तो कह दिया कि मां काम से बाहर गई है।

पति-पत्नी के साथ रह रही महिला पर गहराया संदेह

थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि मोनू रैकवार ने गांव में पड़ोस में रहने वाली शशि रैकवार को अपने साथ रख लिया था। शशि रैकवार मोनू और मोनू की पत्नी राखी सहित दो बच्चे एक ही कमरे में रहते थे। पति-पत्नी के बीच शशि के आने से अक्सर विवाद की स्थिति बनती थी। शशि चाहती थी कि वह मोनू के साथ रहे और राखी रास्ते से हट जाए। राखी को रास्ते से हटाने शशि इटारसी निवासी पूर्व प्रेमी नरेंद्र रैकवार से मोबाइल पर बात करती रही। उसने कहा था कि मोनू दिन में काम पर जाता है। दिन में तुम मेरे साथ रहना।

वाट्सएप की चेटिंग डिलीट की

शशि पर पुलिस को शुरुआत से ही संदेह था। शशि की मोबाइल की सीडीआर निकलवाई और मोबाइल चेक किया गया। मोबाइल चेक करने पर पता चला कि उसकी नरेंद्र रैकवार से बातचीत हुई है। इसके अलावा उससे वाट्सएप की चेटिंग डिलीट की गई है। पुलिस ने शशि से नरेंद्र का फोटो मंगवाया। बच्चों ने फोटो देखकर बताया कि यह अंकल घर आए थे। पुलिस ने नरेंद्र रैकवार और शशि को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या करने की बात स्वीकार ली।

माता-पिता ने कपड़े नहीं दिलाए तो नाना-नानी से भी की थी मांग

रक्षा बंधन पर नए कपड़े की जिद कर रहे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित आवास विकास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह रक्षा बंधन में नए कपड़े की जिद कर रहा था। उसे कपड़े नहीं मिले तो दुखी होकर उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार दिव्यांश पटेल पिता तेजराज पटेल (18) आवास विकास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद में रहता था। आठवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी और कभी कभार पीओपी का काम कर लिया करता था। उसके पिता तेजराज मंडीदीप की फैक्ट्री में काम करते हैं, जबकि मां घर पर ही पापड़-चिप्स, बड़ी बनाकर बेचने का काम करती हैं। बुधवार रात पिता ड्यूटी पर गए थे। घर में दिव्यांश पटेल और मां सहित छोटा भाई अभिनव था। दिव्यांश ने कहा कि उसे अंदर वाले कमरे में सोना है। मां और छोटा भाई हॉल में सो गया। दिव्यांश अंदर कमरे में खाना खाने के बाद सोने चला गया। देर रात मां बाथरूम जाने के लिए उठी तो उनकी नजर कमरे पर पड़ी। कमरा अंदर से बंद था। मां ने आवाज दी, लेकिन कमरा नहीं खुला। इसके बाद कमरे को जोरदार धक्का दिया गया। धक्का लगने से दरवाजा खुला तो अंदर दिव्यांश फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। मां और छोटा भाई उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद दिव्यांश को मृत घोषित कर दिया।

ईंटखेड़ी में फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव बीनापुर में गुरुवार शाम एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक के पास और कमरे की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक शराब पीने और जुआ खेलने का आदी था। अनुमान है कि नशे में उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार दिनेश मैथिल पिता स्वर्गीय प्रहलाद मैथिल (40) बीनापुर, ईंटखेड़ी में रहता था। करीब दस साल पहले उसने पत्नी को छोड़ दिया था और मां के साथ अकेला गांव बीनापुर में रहता था। दिनेश के दो भाई शिव नगर और शाहजहांनाबाद में रहते हैं। गत दिनों मां की तबीयत बिगड़ गई। मां भोपाल बेटे के पास इलाज कराने के लिए चली गई। करीब आठ दिन से वह भोपाल में थी। रक्षा बंधन का पर्व होने के कारण गुरुवार शाम ही वह बीनापुर पहुंची। इस दौरान घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। मां ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अंदर से तेज बदबू भी आ रही थी। अनहोनी की आशंका होने पर मां ने पड़ोसी के घर की सीढ़ियों से उतरकर अपने घर के अंदर देखा। इस दौरान मां को दिनेश फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। मां ने भोपाल में रहने वाले अपने बेटों को घटना की जानकारी दी। इधर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस का कहना कि लाश बुरी तरह से डिकंपोज हो चुकी थी। अनुमान है कि पांच छह दिन पहले ही उसने फांसी लगा ली थी।

ग्रामीणों ने पुष्पहारों से किया भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सागोती माता मंदिर में किए दर्शन व पूजन

श्री सागोती माता मंदिर में पूजन कर करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर खाचरौद से उज्जैन आगमन के दौरान उन्हेल रोड पर ग्राम तुमड़ावदा में श्री सागोती माता मंदिर में पूजन कर दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। सीएम डॉ. यादव का यात्रा के दौरान कई स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। ग्रामीण क्षेत्र की बहनों ने मुख्यमंत्री के आगमन पर तिलक लगाकर स्वागत किया और उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। उन्होंने रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सभी बहनों को शुभकामनाएं दी।

पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने कलेक्टर को भेजा आवेदन

बड़े तालाब के वास्तविक एफटीएल एवं कैचमेंट क्षेत्र, प्रभावित क्षेत्र का हो पुनः वैज्ञानिक सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बड़े तालाब के वास्तविक एफटीएल, कैचमेंट क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र के पुनः वैज्ञानिक सीमांकन और सर्वेक्षण के साथ ही जांच माप कराए जाने को लेकर कलेक्टर भोपाल को आवेदन किया गया है। इस संबंध में पर्यावरणविद राशिद नूर खान ने कलेक्टर भोपाल के साथ ही आयुक्त, नगर निगम, जल संसाधन विभाग, मप्र वेटलैंड प्राधिकरण तथा मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी आवेदन की प्रति भेजी है।

आवेदन में नूर खान ने बताया है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भोपाल के समक्ष इस मामले में प्रकरण दर्ज है। वर्तमान में लगातार बारिश के कारण भोजताल का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और पानी उन क्षेत्रों तक भी पहुंच रहा है, जिन्हें अब तक तालाब की सीमा से बाहर माना जाता रहा है। यानी तालाब स्वयं अपनी वास्तविक जल-सीमा बता रहा है। यही सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बिंदु है। इस समय का सही उपयोग करते हुए तालाब की असली सीमा को वैज्ञानिक ढंग से दर्ज करना जरूरी है, ताकि आगे यह स्पष्ट रहे कि तालाब का वास्तविक क्षेत्र कितना है और कहीं इसे भरकर कम तो नहीं किया गया।

यह हैं मुख्य मांगें

आवेदन में मामले से जुड़ी कुछ प्रमुख मांगें की गई हैं। इनमें वर्तमान में बारिश के दौरान ही, जब तालाब का पानी अपनी वास्तविक सीमा तक फैल रहा है, तत्काल स्थल-निरीक्षण एवं मापन कराकर तालाब की असली जल-सीमा दर्ज की जाए। वैज्ञानिक सर्वेक्षण के माध्यम से तालाब की वास्तविक सीमा का पुनः सीमांकन कराया जाए। यह जांच की जाए कि क्या पहले मिट्टी, मलबा या अन्य सामग्री डालकर तालाब के किसी हिस्से को भरकर उसका क्षेत्र कम किया गया है। पुराने रिकॉर्ड और वर्तमान स्थिति की तुलना कर यह पता लगाया जाए कि समय के साथ तालाब के क्षेत्रफल में कोई कमी हुई है या नहीं। सर्वेक्षण की रिपोर्ट तैयार कर तालाब की सीमा को स्थायी रूप से चिन्हित किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भ्रम न रहे। इस पूरी प्रक्रिया में संबंधित विभागों को शामिल किया जाए और इसे पारदर्शी रखा जाए। साथ ही सर्वेक्षण की तिथि और प्रक्रिया की सूचना आवेदक को भी दी जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

माउंट कार्मल स्कूल बागसेवनिया का मामला

महिला के गले से पर्स झपटकर भागे बाइक सवार तीन बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मोबाइल और साढ़े 9 हजार रुपए लेकर गए लुटेरे

बागसेनिया थाना क्षेत्र स्थित माउंट कार्मल स्कूल के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने पांच साल के बेटे के साथ मार्केट जा रही महिला के गले से पर्स झपट लिया। पर्स में साढ़े 9 हजार रुपए की नगदी और मोबाइल था।

घटना बुधवार दोपहर दो बजे के आसपास की है। पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार स्वाति पति अखिलेष परमार (28) बिल्किसगंज सीहोर की रहने वाली है। उनका अरविंद विहार बागसेवनिया में मायका है। रक्षा बंधन मनाने वह बिल्किसगंज से भोपाल अपने मायके आई हुई हैं। स्वाति पारमार बुधवार दोपहर अपने पांच साल के बेटे के साथ घर से मार्केट जाने के लिए निकली थी।

दोपहर करीब दो बजे माउंट कार्मल स्कूल के पास पहुंची ही थी कि एक बाइक पर तीन बदमाश आए और पीछे बैठे बदमाश ने उनके गले में लटका पर्स छीन लिया। उन्होंने शोर मचाया, लेकिन बदमाश तेजी से बाइक लेकर भाग निकले। स्वाति ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद घर पहुंचकर परिजन को बताया। परिजन उन्हें गुरुवार को बागसेवनिया थाने लेकर पहुंचे, वहां शिकायत दर्ज कराई।

सर्कुलर की आड़ में शिक्षकों का हक नहीं छीन सकती सरकार

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने शिक्षकों को बीएड-डीएड की योग्यता हासिल करने पर मिलने वाली दो अग्रिम वेतनवृद्धि के मामले में राज्य सरकार को झटका दिया है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग की पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए कहा कि एक ही वर्ग के कर्मचारियों के बीच बिना ठोस आधार और तार्किक उद्देश्य के मनमाने तरीके से कट-ऑफ तारीख तय कर अलग-अलग वर्ग नहीं बनाया जा सकता। सरकार महज परिपत्र जारी कर मूल नियमों के तहत समान रूप से पात्र कर्मचारियों को उनके वैधानिक लाभ से वंचित नहीं कर सकती। मामला पन्ना जिले के शिक्षक सुमेर सिंह और भान सिंह से संबंधित है। दोनों शिक्षकों ने बीएड-डीएड की योग्यता हासिल की थी। हाई कोर्ट ने 16 जून 2025 को दोनों को संबंधित योग्यता पूरी करने पर दो अग्रिम वेतनवृद्धि देने का आदेश दिया था।

पंजाब नेशनल बैंक रोड का निर्माण कार्य नहीं हो सका शुरू

50 लाख की सड़क को दो-दो भूमिपूजन भी नहीं दिला सके रफ्तार

दो बार भूमिपूजन, फिर भी सड़क नहीं बनी, अब तीसरी बार का इंतजार, जर्जर रोड पर चलने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के वार्ड 4 में करीब 50 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित पंजाब नेशनल बैंक रोड का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका है। सड़क निर्माण के लिए पहली बार 13 मई 2026 को भूमिपूजन किया गया था, इसके बाद दोबारा भी 25 जुलाई 2026 को भूमि पूजन हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण धरातल पर शुरू नहीं हो पाया।

- साढ़े तीन माह बाद भी सुध लेने को तैयार नहीं अधिकारी

भूमिपूजन के करीब साढ़े तीन माह बीतने के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। जर्जर सड़क के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी को लेकर यह सड़क अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

संतनगर के वार्ड 4 में जर्जर हो चुकी पंजाब नेशनल बैंक रोड।

जनप्रतिनिधि बोले- जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा

विडंबना यह है कि सड़क निर्माण के लिए दो बार भूमिपूजन होने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ। ऐसे में क्षेत्रवासी अब तीसरी बार भूमिपूजन होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि इस बार महज औपचारिकता के बजाय सड़क निर्माण कार्य वास्तव में शुरू हो सके। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी कहना है कि सड़क निर्माण के लिए अधिकारियों से बात हो चुकी है और जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। एमआईसी मेंबर व क्षेत्रीय पार्षद राजेश हिंगोरानी ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

हलवाई ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कृषक नगर करोंद में हलवाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन छतरपुर से भोपाल पहुंच गए हैं। शनिवार को उनकी मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार राहुल शर्मा पिता राम रतन शर्मा (32) मूलतः इटावा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह पेशे से हलवाई था। उसकी पत्नी और दो बच्चे छतरपुर मं रहते हैं। राहुल यहां महेश प्रजापति के मकान में तीन चार साल से किराए से रह रहा था। राहुल के परिचित शुक्रवार सुबह से ही उसे कॉल कर रहे थे, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। परिचित राहुल के कमरे पर पहुंचे। इस दौरान राहुल का शव पंखे पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला फिर पुलिस को सूचना दी गई।

संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

संविदा नीति में संशोधन करने सीएम डॉ. मोहन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में संशोधन कर नियमित किए जाने का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अवगत कराया कि संविदा कर्मचारी अधिकारी मप्र के 54 विभागों में पिछले 25 से 30 सालों से काम कर रहे हैं, जिस पद पर वह काम कर रहे हैं उस पद पर उसकी शैक्षिणक योग्यता और विधिवत चयन प्रक्रिया के माध्यम से संविदा कर्मचारियों की भर्ती की गई थी। लेकिन संविदा कर्मचारी आज भी बंधुआ मजूदरों जैसे बर्ताव हो रहा है, इसलिए मप्र सामान्य प्रशासन विभाग ने 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति बनाई थी उसमें अनेक विसंगतिया हैं, इसलिए उसमें संशोधन किया जाना चाहिए, संविदा नीति में संशोधन कर संविदा कर्मचारियों को विभागों में नियमित रिक्त पद हैं उन पदों पर वरिष्ठता के अनुसार संविलयन किया जाए, वरिष्ठता के अनुसार वेतन निर्धारण किया जाए और समयमान वेतनमान, पदोन्नती, क्रमोन्नती तथा उच्च प्रभार दिया जाए। रमेश राठौर ने बताया कि सीएम ने समस्याओं का परीक्षण कर निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया है।

सीएम को ज्ञापन सौंपते रमेश राठौर।

मनोज की लास्ट मैन इन टावर का टीजर आउट

मुंबई। मनोज बाजपेयी की अगली फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' का टीजर रिलीज हो गया है। ये फिल्म बस कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में रिलीज होनेवाली है। बेन रेखी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को राणा दग्गुबाती की 'सप्रिंट मीडिया' ने प्रड्यूस किया है। फिल्म की ये कहानी मनोज बाजपेयी की झलकियों से शुरू होती है जो एक स्कूल मास्टरजी, रिटायर्ड टीचर हैं, जो अपनी कम्यूनिटी के लोगों की इच्छाओं के विरुद्ध खड़ा है। यही वजह है कि उन्हें कोई पसंद नहीं करता। टीजर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की कांपती आवाजों से होती है जिसमें वो कहते हैं, 'इंसान सिर्फ उतना ही तो नहीं हो सकता न जितना उन्हें समाज ये उसके आस-पड़ोस के लोग जानते हैं।' इसके बाद एक लाइन में कहा जा रहा है- रिश्तों को तो रिस्पेक्ट मिल ही जाती है, पर वो हैं भी क्या इस रिस्पेक्ट लायक? इसके बाद मनोज बाजपेयी के किरदार को लेकर कोई कहता है- मुझे तो नहीं लगता कि उसका पढ़ाया कभी कोई पास भी होता है। वहीं महिलाएं उनके बारे में आपस में बात करती हैं- बाहर तो गांधी जी बने फिरते हैं, घर में तो बिल्कुल तानाशाह हैं।

लाइफ Style

दीया

किरदार की सच्चाई को समझना जरूरी

फिल्म इंडस्ट्री में हम अक्सर सुनते हैं कि एक्ट्रेसेस से कई बार शूट के दौरान मेकर्स कुछ ऐसी डिमांड करते हैं, जिसे पूरा करना पाना उनके लिए बेहद मुश्किल होता है। कुछ ऐसा ही बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा के साथ भी हुआ। हाल ही में दीया ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर और फिल्मों में काम करने के दौरान सामने आई चुनौतियों को लेकर खुलकर बात की है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दीया ने साल 2004 में आई फिल्म 'तुमसा नहीं देखा' के गाने 'मुझे तुमसे मोहब्बत है' से जुड़ा एक एक्सपीरियंस शेयर किया। दीया ने बताया इस फिल्म के एक गाने की शूटिंग की दौरान उन्होंने 100 लोगों के सामने 'कपड़े उतारने' पड़े थे। दीया ने बताया, 'इसने मुझे ऐसे आजाद किया जैसा मैंने कभी सोचा भी नहीं था। इसके बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ मैं इस गाने को परफॉर्म कर पाई, उसकी वजह यह थी कि वैभवी मर्चेंट इस गाने की कोरियोग्राफर थीं। वहीं, इस पर काम करने वाले सभी लोगों ने मुझे बहुत सुरक्षित महसूस कराया।'

दीया ने आगे बातचीत में बताया, 'लेकिन एक लड़की के तौर पर यह शायद मेरे लिए सबसे मुश्किल कामों में से एक था। क्योंकि, मुझे सेट पर मौजूद सैकड़ों पुरुषों के सामने लगभग निर्वस्त्र होना पड़ा। बस अंडरवियर और ब्रा में शूट करना पड़ा।' उन्होंने आगे कहा, 'उस वक्त तक मैं ये समझ चुकी थीं कि एक एक्टर के लिए किरदार की सच्चाई को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है। मैं इसे कैसे समझाऊं? ऐसा लगा तो सही, लेकिन असल में वैसा महसूस नहीं हुआ, क्योंकि तब तक यानी जब हमने गाना शूट किया मैं यह अच्छी तरह समझ चुकी थी कि एक एक्टर के तौर पर किरदार की सच्चाई को तलाशना और अपने रोल के जरिए आप क्या संदेश दे रहे हैं, यह कितना जरूरी है।

हॉलीवुड मसाला

16 साल में इस हॉरर फिल्म के आए 6 पार्ट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रैंचाइजी इनसीडियस का छठा पार्ट 'इनसीडियसः आउट ऑफ फर्दर' थिएटर्स में रिलीज हो चुका है। सिर्फ 171 करोड़ रुपए (करीब 18 मिलियन डॉलर) के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक लगभग 610 करोड़ रुपए (64.7 मिलियन डॉलर) कमा लिए हैं। भारत में भी ये फिल्म दर्शकों को डराने और सिनेमाघरों तक खींच लाने में कामयाब रही है। इस हॉरर फ्रेंचाइजी की खास बात यह है कि इनसीडियस 6 से पहले इसके पांच पार्ट रिलीज हो चुके हैं और ये सारी फिल्में सुपरहिट रही हैं। 21 अगस्त 2026 को अमेरिका और भारत समेत कई देशों में रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में ही दुनियाभर में 60 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई कर ली थी।



गॉड ऑफ वॉर सीरीज में क्रेटोस बनेंगे डेव बटिस्टा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर डेव बटिस्टा की एंट्री पॉपुलर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी 'गॉड ऑफ वॉर'की लाइव-एक्शन टीवी सीरीज में हो गई है। वह एक्टर रयान हर्स्ट को रिप्लेस कर रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी की इस सीरीज में डेव बटिस्टा को क्रेटोस के रोल के लिए आधिकारिक तौर पर फाइनल कर लिया गया है। डेव बटिस्टा को ड्यून और गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। रयान हर्स्ट को जनवरी 2026 में क्रेटोस के तौर पर अनाउंस किया गया था। लेकिन जून में शूटिंग के दौरान उनके बाइसेप में गंभीर चोट लग गई। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और उनकी वजह से प्रोडक्शन को दोबारा शुरू करने में काफी देरी होने वाली थी। ऐसे में अमेजन और सोनी ने क्रेटोस के रोल के लिए नए एक्टर की तलाश शुरू की। कुछ समय पहले खबर आई थी कि डेव बटिस्टा इस किरदार को निभाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अब उन्हें आधिकारिक तौर पर इस रोल के लिए चुन लिया गया है।



कृति ने बहन नुपूर संग मनाया रक्षा बंधन

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने रक्षा बंधन के मौके पर त्योहार मनाते हुए नया पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बहन नुपूर के साथ राखी का पर्व मनाया है और दोनों बहनों ने अपनी कलाइयों की तस्वीर साझा की है। लेकिन लगे हाथ उन्होंने उन आलोचकों पर भी तंज कसा है, जो उनके विवादित रक्षा बंधन विज्ञापन में कपड़ों को लेकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। हालांकि, अब ज्वेलरी कंपनी ने वह विज्ञापन हटा लिया है और इसी बीच कृति ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में लिखा है- जब तक राखी फैशन कमेटी की मीटिंग चल रही है, हम उन चीजों पर ध्यान दे रहे हैं , जो सच में मायने रखती हैं। कृति सेनन के साथ ही उनकी छोटी बहन नूपुर सेनन ने भी रक्षा बंधन पर एक जैसी तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें दोनों बहनों के हाथों की एक तस्वीर है, जिसमें कलाई पर राखी बंधी हुई है। जाहिर तौर पर, 'राखी फैशन कमेटी'का जिक्र सीधे-सीधे उन आलोचकों के लिए है, जिन्होंने विज्ञापन में एक्ट्रेस के कपड़ों को लेकर टीका-टिप्पपणी की थी।

प्रेम कीटाणु का गाना 'कहो तो' हुआ रिलीज

नई दिल्ली। फिल्म 'प्रेम कीटाणु'का नया रोमांटिक गाना 'कहो तो' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस गाने में अरमान मलिक की सुरीली आवाज फैंस को फिर सुनने मिल रही हैं। फिल्म कॉलेज लाइफ पर आधारित है और उसी दौरान होने वाले रोमांस पर आधारित है। फिल्म 'प्रेम कीटाणु'में वीर पहाड़िया को दर्शक एक रोमांटिक अंदाज में देखने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ आफिया सैयद भी नजर आने वाली हैं। फिल्म 'प्रेम कीटाणु'का गाना 'कहो तो' रोमांस में डूबा हुआ गाना है। गानें में इश्क में डूबने तड़पने और तलाशने के एहसास को दिखाता है। इस गाने को अरमान मलिक ने गाया है। वहीं इसके लिरिक्स सचिन उर्मतोष ने लिखे हैं। 'कहो तो' को अन्नकुर आर पाठक ने कंपोज किया है। इस गाने में कव्वाली का तारतम्य को अल्तमश फरीदी ने गया है। अमाल ने एक्स पर आपनी वापसी की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'मैं बिल्कुल ठीक हूं और इस बार मैं पूरी तरह से कोशिश करूंगा।

टीवी मसाला

घमासान का ट्रेलर रिलीज, खूंखार डाकू बने नजर आए अरशद

नई दिल्ली। तिग्मांशु धूलिया निर्देशित दमदार ड्रामा 'घमासान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी और अरशद वारसी आमने-सामने नजर आएंगे। यह सीरीज सत्ता, राजनीति, वफादारी और अस्तित्व के संघर्षों को उजागर करती है, जहां एक दृढ़ निश्चयी पुलिस अधिकारी एक कुख्यात अपराधी से भिड़ता है और नैतिकता के विभिन्न पहलुओं को एक साथ समेटे हुए है। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित,'घमासान' का ट्रेलर दर्शकों को सत्ता, संघर्ष और अस्तित्व की कसौटी पर आधारित एक कठोर दुनिया की पहली झलक दिखाता है। हिंदी भाषी क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर आधारित, 'घमासान' धूलिया की विशिष्ट कहानी कहने की शैली को दर्शाता है, जो नैतिक रूप से जटिल दुनिया में रची-बसी है, जहां सत्ता और अस्तित्व के लिए आसान समाधान की गुंजाइश नहीं रहती। महाराज के रूप में अरशद वारसी और आदित्य के रूप में प्रतीक गांधी के बीच फिल्म में टकराव दिखाया जाएगा जो पारंपरिक पुलिस-बनाम-अपराधी संघर्ष से कहीं आगे बढ़कर सत्ता, वफादारी, राजनीति और अस्तित्व से ग्रस्त एक संपूर्ण व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए एक उच्च दांव वाली लड़ाई में बदल जाता है। घमासान को एमएएमआई मुंबई फिल्म फेस्टिवल, सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल सहित कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में दिखाया जा चुका है। घमासान 11 सितंबर से जी5 पर प्रसारित होगी।

हर्ष को ट्रोल करने वालों पर बरसी भारती

मुंबई। शो खतरा खतरा खतरा तथा हम तुम और क्वारंटाइन के बाद कामेडियन भारती सिंह ने एक बार फिर अपने पति और लेखक हर्ष लिंबाचिया के साथ बतौर प्रोड्यूसर इंडियन गेम शो बनाया है। सोनी चैनल

पर प्रसारित हो रहे इस शो में दोनों चार साल बाद एक-दूसरे के साथ मेजबानी भी कर रहे हैं। हर्ष के साथ पत्नी से ज्यादा एक अच्छे दोस्त का रिश्ता रखने वाली भारती से उनके शो, कॅरियर तथा काम और मातृत्व की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन पर बातचीत की। अक्सर यह देखा जाता है कि अगर पत्नी ज्यादा कमाई या प्रसिद्ध वाली हो तो लोग उसका मजाक उड़ाते हैं, इस पर भारती ने कहा कि फिलहाल तो मैं उसकी कमाई पर बैठी हूं। हमने कभी इस चीज पर ध्यान ही नहीं दिया। मैं पहले भी बोल चुकी हूं कि हम पति-पत्नी कम, उससे कहीं ज्यादा अच्छे दोस्त हैं। दोस्तों में तो कम ज्यादा कमाना या प्रसिद्धि वाली बात होती ही नहीं। रही बात मजाक की तो मैं भी कभी-कभी उससे मजाक में बोल देती हूं कि मैं तुम्हारी सीनियर हूं।

चुंबकः 5 पड़ोसी, 10 दोस्त और हजार हंगामे की कहानी

मुंबई। क्या होगा जब आपके पड़ोसी ही आपका परिवार बन जाएं? एक ऐसा परिवार जो चुंबक की तरह साथ चिपका ही रहे, फिर चाहे लाख हंगामे हों? आने वाली सीरीज 'चुंबक' कुछ इसी ताने-बाने पर बुनी गई है, जिसका ट्रेलर हाल ही रिलीज किया गया और खूब पसंद किया जा रहा है। यह एक फैमिली कॉमेडी है, जिसमें पांच पड़ोसी, 10 दोस्त और उनके हजार हंगामों की कहानी है। इन हंगामों के बीच फिर ऐसा बम फटता है कि सबकी दुनिया ही पलट जाती है और मजेदार ट्विस्ट देखने को मिलते हैं। 'चुंबक' को 'साराभाई वर्सेस साराभाई' और 'खिचड़ी' जैसे शोज बनाने वाले हैट्स ऑफ प्रोडक्शन ने बनाया है। जेडी मजीठिया और आतिश कपाड़िया ने प्रोड्यूस किया है। आतिश कपाड़िया ही इसके डायरेक्टर हैं। यह सीरीज आज के दौर के भारतीय मोहल्लों पर आधारित है और यह दिखाती है कि जब पड़ोसी परिवार का ही हिस्सा बन जाते हैं, तो क्या होता है। तब घर की कोई छोटी-सी बात भी जल्द ही पूरे मोहल्ले में चर्चा का विषय बन सकती है। नतीजा यह होता है कि लोग बिना मांगे सलाह देने लगते हैं, गप्पे लगाते हैं, जश्न मनाते हैं और मदद के लिए हमेशा कोई न कोई तैयार रहता है। 'चुंबक' के ट्रेलर में कई तरह के मजेदार किरदारों को दिखाया गया है, जिनकी अपनी-अपनी अजीब आदतें हैं, रिश्ते हैं और कमियां भी हैं। एक तरफ मिकी और ट्विंकल जैसा रोमांटिक कपल है, जो अपने ही सपनों की दुनिया में खोया हुआ लगता है, दूसरी ओर आदित्य और प्रियंका खन्ना हैं, जिनका रिश्ता शांत और सुलझा हुआ लगता है, पर असल में हालात बिल्कुल भी शांत नहीं हैं। फिर तारापोरवाला परिवार है, जिसमें मम्मा गुलशन, फ्रेडी और हुतोक्सी हैं।

सितंबर में आएंगी 14 फिल्में, बॉक्स ऑफिस पर होगा इन बड़ी बजट की मूवीज का क्लैश

नई दिल्ली। सितंबर में एक या दो नहीं, 14 फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। दिलचस्प बात ये है कि बड़ी-बड़ी फिल्मों का आपस में क्लैश होने वाला है। सितंबर 2026 में सिनेमाघरों में फिल्मों की भरमार देखने को मिलने वाली है। इस महीने अक्षय कुमार, सिद्धार्थ मल्होत्रा, नानी, मनोज बाजपेयी और करीना कपूर खान जैसे सितारे बड़े पर्दे पर अलग-अलग अंदाज में नजर आएंगे। क्राइम थ्रिलर, एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और पौराणिक फिल्मों के साथ हॉलीवुड की चर्चित रिलीज भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। 4 सितंबर- तीन फिल्मों का क्लैश।

मिर्जापुर - द मूवी : यह 'मिर्जापुर' की वेब सीरीज की दुनिया को बड़े पर्दे पर लाने वाली फीचर फिल्म है। इसमें पंकज त्रिपाठी और अली फजल हैं। वहीं मुन्ना भैया के रूप में दिव्येंदु और कई अन्य कलाकारों की वापसी हो रही है। 31 अगस्त से इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।

हाउ टू रॉब ए बैंक : डेविड लीच के डायरेक्शन में तैयार हुई यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें निकोलस हॉल्ट हैं। यह बैंक डकैतों के एक ऐसे गिरोह की कहानी है जो अपनी डकैती को सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीम करते हैं।

11 सितंबर - अक्षय की फिल्म होगी रिलीज

जीवन बीमा योजना : अभिषेक डोगरा के निर्देशन में बनी यह एक हिंदी क्राइम-कॉमेडी फिल्म है जो गलतफहमियों और जुड़वा किरदारों पर आधारित है। इसमें अरशद वारसी डबल रोल में हैं, साथ ही संजीदा शेख और विजय राज नजर आएंगे।

लास्ट मैन इन टावर
अरविंद अडिगा के मशहूर उपन्यास पर आधारित इस ड्रामा फिल्म में मनोज बाजपेयी 'मास्टरजी' के किरदार में हैं, जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और एक क्रूर रियल एस्टेट डेवलपर के खिलाफ अकेले खड़े होते हैं। इसमें बोमन ईरानी और दिव्या दत्ता भी हैं।

हैवान : इस फिल्म को प्रियदर्शन डायरेक्ट कर रहे हैं। यह एक सस्पेंस क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन के रूप में हैं, जिनके साथ सैफ अली खान, बोमन ईरानी और सैयामी खेर नजर आएंगे।

18 सितंबर - 5 फिल्में देंगी दस्तक

दायरा : मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित यह एक इन्वेस्टिगेटिव क्राइम थ्रिलर है, जिसमें करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं।

रक्षा बंधनः अक्षय को याद आई नोकझोंक

प्रिया हुईं इमोशनल, प्रीति, जिनिलया, रिद्धिमा ने लुटाया दुलार

एजेंसी ⏭ मुंबई

भाई और बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा के अटूट संकल्प का त्योहार रक्षा बंधन। शुक्रवार, 28 अगस्त को देशभर में बहनों अपनी भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधीं। सोशल मीडिया पर आम जनता से लेकर सेलिब्रिटीज तक त्योहार के उमंग और उत्साह की झलक दिखा रहे हैं। किसी को अपना बचपन याद आ रहा है, तो कोई भावुक हो रहा है। कंगना रनौत ने जहां अपने भाई के साथ त्योहार मनाने की तस्वीरें शेयर की हैं, वहीं प्रीति जिंटा को भी पूजा की थाल के साथ बचपन की शरारतें याद आ गईं। रिद्धिमा कपूर साहनी ने भाई रणबीर कपूर और मां नीतू कपूर के साथ पुरानी तस्वीर शेयर की, जबकि प्रिया दत्त ने इस खास मौके पर संजय दत्त के साथ एक बेहद पुरानी तस्वीर शेयर कर इमोशनल पोस्ट लिखा है। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भी शुक्रवार को बहन अलका भाटिया के साथ एक तस्वीरें शेयर की। राखी की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा, 'रिश्ता वो, जिसमें नोकझोंक भी है, प्यार भी है और हर मुश्किल में साथ भी। हर भाई-बहन को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं।'

रिद्धिमा ने शेयर की रणबीर संग बचपन की फोटो

रिद्धिमा कपूर साहनी ने भाई रणबीर कपूर और कजिन्स आदर जैन, अरमान जैन के साथ इंस्ट्राग्राम स्टोरी पर तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें रणबीर कपूर वाली तस्वीर बेहद प्यारी है। उन्होंने किसी नई तस्वीर की बजाय, बचपन की फोटो दिखाई है, जिसमें रणबीर और रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर के साथ स्कूल ड्रेस में नजर आ रहे हैं। बचपन की यादों से लेकर जिंदगी के हर मोड़ तक, कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। वो प्यार, वो हंसी-मजाक, वो बहस, वो कभी न खत्म होने वाली कहानियां, वो बिना कहे एक-दूसरे को समझ लेना... हम हमेशा एक-दूसरे के साथ रहेंगे।

शरारतें, खुशियां और प्यार

इसी तरह प्रीति जिंटा ने अपने दोनों भाइयों मनीष और दीपांकर के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने तीन तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आप सभी को रक्षाबंधन की बधाई जो आज इसे मना रहे हैं, और मेरे उन दोनों साथियों को भी, जिनके साथ मैंने शरारतें कीं, खुशियां बांटीं और जिंदगी के हर पल को जिया। आप दोनों से बहुत-बहुत प्यार।'

जिनिलिया ने 'निगु-पिगु' भाई को बांधी राखी

एक्ट्रेस जिनिलिया डिसूजा ने इस खास मौके पर भाई निगेल डिसूजा के साथ रक्षा बंधन मनाते हुए वीडियो शेयर किया है। वह उन्हें तिलक लगा रही हैं, आरती उतार रही हैं। जिनिलिया लिखती हैं, 'हर साल होने वाली लड़ाई... बड़ी बहन को ही हमेशा तोहफे देने और लाड़-प्यार करने वाला होना चाहिए, उल्टा नहीं हो सकता - इसकी इजाजत नहीं है। लेकिन इस बार निगु-पिगु ने 'छोटी गैंग' की मदद ली और मैं बुरी तरह हार गई। रक्षाबंधन की बधाई, निगु-पिगु। मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी रहूंगी।'

पेज एक का शेष....

एआई राखी से ...

समृद्धि और सफलता लाए। प्यार, स्नेह और आपसी भरोसे का बंधन हमेशा अटूट बना रहे- यही मेरी हार्दिक कामना है। पीएम ने इस तीन मिनट के मुलाकात का एक खास वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और पीएम के बीच दिलचस्प बातचीत हुई। जब एक बच्ची ने पूछा कि उनके बचपन का सपना क्या था, तो पीएम ने मुस्कुराकर कहा कि आप लोगों से मिलने का। वहीं एक अन्य छात्रा ने पीएम को नेचर लवर बताते हुए अपने हाथों से बनाई खास राखी बांधी। एक छोटी बच्ची ने पीएम को 'लोटस' वाली राखी बांधी और एक अन्य बच्चे ने 17 सितंबर से पहले ही उन्हें जन्मदिन की अग्रिम शुभकामनाएं दे दीं। एक छात्र ने तकनीक पर आधारित 'एआई राखी' बांधी और वादा किया कि वह 'एआई फॉर ऑल' के विजन के तहत जिम्मेदारी से तकनीक सीखेगा। इस दौरान बच्चों ने प्रधानमंत्री से हाई फाइव किया, यानी दे ताली । हाई-फाई यानी जब दो लोग खुशी या जीत का जश्न मनाने के लिए अपने-अपने एक हाथ हवा में एक-दूसरे के हाथ से टकराते हैं।

बच्चों ने सुनाई ....

उससे मुस्कुराते हुए कहा कि मेरे लिए महाकाल का प्रसाद जरूर लेकर आना। बच्चों ने इस मौके पर कविताएं भी सुनाईं, जिसे पीएम ने पूरे ध्यान से सुना।

मुख्यमंत्री को ब्रह्मकुमारी...

विषयों को समाप्त करने वाली श्रेष्ठ आत्मा हैं।' मुख्यमंत्री को माउंट आबू स्थित ब्रह्मकुमारी संस्था के मुख्यालय में 18 से 20 सितंबर तक होने वाली माइंड बॉडी मेडिसिन संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में आने का आमंत्रण भी दिया गया।

बाबा को बांधी ....

भगवान महाकाल का पंचाभिषेक, जलाभिषेक और भांग, भस्म, चंदन व रजत मुकुट से दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद पुजारी ओम गुरु और राजेश गुरु के परिवार की महिलाओं ने बाबा महाकाल को 2 फीट की विशेष राखी बांधी। रेशम के धागों, आभूषणों, मोर पंख, त्रिशूल और त्रिपुंड से सुसज्जित इस भव्य राखी को बनाने में महिलाओं को 8 दिन का समय लगा। श्रावण मास में उपवास रखकर महिलाओं द्वारा तैयार की गई यह राखी जन्माष्टमी तक श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेगी। पुजारी परिवार के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई राखियां भी बाबा महाकाल को अर्पित की गईं।

20 हलवाइयों ने 4 दिन में बनाए सवा लाख लड्डूः भगवान महाकाल को सवा लाख शुद्ध देसी घी, बेसन और ड्राइ फ्रूट्स से बने लड्डुओं का महाभोग लगाया गया। पुजारी आकाश शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर के पास 20 हलवाइयों ने 4 दिन की कड़ी मेहनत से यह प्रसाद तैयार किया है। यह महाप्रसाद दिनभर मंदिर आने वाले भक्तों में वितरित किया जाएगा।

नेपाल में बजा ...

में फंसे 350 मजदूरों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। इस हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में कई भारतीय मजदूर भी काम कर रहे थे। वहीं चीन से सीमा पार कर 149 भारतीय नागरिक सुरक्षित नेपाल पहुंचे हैं। सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण से पता चला है कि रसुवागढ़ी सीमा से 18 किमी ऊपर लेंडे नदी का बहाव रुकने से तटीय इलाके में एक अस्थाई झील बन गई है। शुक्रवार को इस झील के ओवरफ्लो होने के कारण बचाव कार्य कुछ समय के लिए रोकना पड़ा था। आपदा प्रबंधन अधिकारी सैटेलाइट, कैमरों और सेंसर के जरिए झील के जलस्तर पर लगातार नजर रख रहे हैं। झील का बांध टूटने पर निचले इलाकों में दोबारा फ्लैश फ्लड आने की चेतावनी जारी की गई है। शुक्रवार सुबह चीन के सिचुआन में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके चलते नेपाल में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई। क्षेत्र में सड़कों के पुनर्निर्माण सहित सभी प्रकार के काम रोक दिए गए हैं। जलस्तर बढ़ने वाला है, इसलिए सभी को रोका जा रहा है। बचाव कार्य में लगे सभी वाहन लौट रहे हैं। सभी को वहां से निकाला जा रहा है और सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने त्रासदी पर दुख व्यक्त करते हुए नेपाल के लिए 2 मिलियन यूरो की तुरंत मानवीय सहायता राशि देने की घोषणा की है। इस बीच मौसम साफ होते ही नेपाल और चीन ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव अभियान फिर से शुरू कर दिया है।

भारत ने भेजी राहत की तीसरी खेपः भारत ने राहत और मानवीय सहायता अभियान तेज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत ने आपदा सामने आने के उसी दिन राहत सामग्री जुटानी शुरू कर दी थी। 26 अगस्त की शाम पहली उड़ान से 10 टन राहत सामग्री भेजी गई, जिसमें अस्थायी शेल्टर, कंबल, हाइजीन किट, सोलर लैंप और दवाइयां शामिल थीं। इसके बाद 27 अगस्त को दूसरी उड़ान रवाना हुई, जिसमें 37.5 टन राहत सामग्री भेजी गई। इसमें टेंट, कंबल, हाइजीन किट, सोलर लैंप, पानी निकालने वाले पंप, किचन सेट, जनरेटर, दवाइयां और खाद्य सामग्री शामिल थी। तीसरी राहत उड़ान शुक्रवार शाम भेजी गई। इस विमान में करीब 12 से 13 टन राहत सामग्री होगी, जिसमें पोर्टेबल जनरेटर, डिग्निटी किट, भोजन, पानी शुद्ध करने वाली गोलियां और दवाइयां शामिल हैं। वहीं, चीन में मौजूद करीब 400 भारतीय नागरिकों को लेकर उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षित हैं और अपने परिवारों के संपर्क में हैं। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और इन भारतीयों को चीन से सुरक्षित निकालने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

त्रासदी में फंसीं...

बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है। सरकारी मदद से दोनों को सुरक्षित नेपाल के पोखरा पहुंचाया गया है। परिजनों के अनुसार दोनों शनिवार को नेपाल से अपने घर कोतमा लौटेंगी। जानकारी के अनुसार कोतमा वार्ड क्रमांक 8 निवासी मंजू माईजी की बेटियां पलक और पल्लवी माईजी कुल 9 लोगों के समूह के साथ नेपाल घूमने गई थीं। दोनों ग्वालियर में पढ़ाई और नौकरी करती हैं तथा कुछ दिन पहले छुट्टी पर नेपाल घूमने गई थीं। जलप्रलय के बाद वहां हालात बिगड़ गए और दोनों बहनों का परिजनों से संपर्क भी बाधित हो गया था। त्रासदी और नेटवर्क की समस्या के कारण करीब दो दिनों तक परिजन उनकी कुशलक्षेम को लेकर चिंतित रहे। इस दौरान परिवार ने सरकार से मदद की गुहार लगाई। बाद में पिता को जानकारी मिली कि समूह के छह लोग सुरक्षित हैं, जबकि तीन अन्य लोगों के संबंध में उस समय कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। इसके बाद प्रशासन और सरकार की मदद से दोनों बहनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। अब उनके पोखरा पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद परिवार में राहत का माहौल है। परिजनों ने बताया कि दोनों बेटियों से फोन पर बातचीत भी हुई है। उनके सुरक्षित होने की जानकारी मिलने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है। शनिवार को दोनों के कोतमा पहुंचने की उम्मीद है।

स्लीपर बस ब्रिज...

गिरफ्तारी के सिलसिले में इंदौर आ रहे थे। दुर्घटना में उनकी टीम के दो सदस्य विश्वनाथ और रमेश नायक भी घायल हुए हैं। बस में यूपी (जौनपुर, कानपुर, अलीगढ़, सीतापुर) और बिहार के यात्री सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा तुरंत ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने के सख्त निर्देश दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो नए डायरेक्टर ...

पद से हटा दिया गया था। एजेंसी के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए तीन वरिष्ठ अधिकारियों को कमान सौंपी गई है। इनमें डायरेक्टर पद के लिए आईपीएस अधिकारी रवि कुमार सिंह और आईएएस अधिकारी प्रसन्ना वेंकटेश वी. को नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं 2016 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी अमित समदरिया को ज्वॉइंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इन तीनों अधिकारियों को आदेश मिलने के 3 सप्ताह (21 दिनों) के भीतर अपना पद संभालना होगा। तय समय-सीमा के भीतर ज्वॉइन न करने की स्थिति में अधिकारियों को केंद्रीय कर्मचारी योजना से बाहर किया जा सकता है।

लैंडिंग पर फटा...

दिल्ली से उड़ान भरी थी। लगभग 11 बजे जैसे ही विमान बिलासपुर एयरपोर्ट के रनवे पर लैंड कर रहा था, तेज धमाके के साथ उसका एक टायर फट गया। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी सुरक्षा प्रोटोकॉल एक्टिव कर दिया गया। विमान के रनवे पर रुकते ही उसमें सवार सभी 37 यात्रियों और 4 क्रू मेंबर्स (कुल 41 लोगों) को सुरक्षित बाहर निकालकर टर्मिनल भवन पहुंचाया गया। हादसे के बाद विमान की विस्तृत तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए इस एयरक्राफ्ट से आगे संचालित होने वाली बिलासपुर की उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

97 लोगों को ...

की जांच के अनुसार 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2024 के बीच इस सिंडिकेट के जरिए करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए अवैध कारोबार किया गया। कुल कमाई का 80 फीसदी हिस्सा सीधे सौरभ और रवि तक पहुंचता था। गोल्ड365, लेजर247 जैसी दर्जनों वेबसाइटों और करीब 2,000 पैनल ऑपरेटरों के जरिए सट्टा खिलवाया जाता था। वॉट्सएप के जरिए सट्टेबाजों से संपर्क कर बेनामी बैंक खातों में रोजाना औसतन 99 करोड़ रुपए जमा कराए जाते थे, जिसके बदले में यूजर्स को डिजिटल पॉइंट्स दिए जाते थे।

रीवा में दादा ...

गए, जिसके बाद दोनों बच्चियां दादा के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर की ओर रवाना हुईं। जैसे ही स्कूटी भैरव बाबा मोड़ के पास पहुंची, सीधी की ओर से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। शिवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पोती शक्ति और दादा विंध्यवासिनी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सीधी निवासी बाइक चालक पंकज सिंह (22) की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बाइक पर तीन युवक सवार थे और हादसे का मुख्य कारण बाइक की अत्यधिक रफ्तार थी। रक्षाबंधन के त्योहार से ठीक पहले एक ही परिवार के तीन चिराग बुझ जाने से चौड़ीयार गांव में मातम और गहरा शोक छाया हुआ है। गुढ़ थाना पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बेटे ने की ...

माता-पिता मौके पर पहुंचे। बेटे का शव देखकर दोनों गहरे सदमे में आ गए और इसके तुरंत बाद धरमपुरा रेलवे फाटक के पास वे दोनों भी ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई।

गर्भवती है मृतक ...

संबंधित एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंची। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि परिवार के अन्य सदस्यों और परिचितों से बातचीत के बाद ही स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

35 से अधिक....

से 2.3 डिग्री कम है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 19 फीसदी तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 10 से 40 फीसदी तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नमर्ज्दापुरम, नीमच, बड़वानी,रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 10 से 50 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है।

चार साल के मासूम को ट्रैक्टर ने रौंदा, गुस्साई भीड़ ने लगा दी आग

मार-मारकर चालक को अधमरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री (कुरुद)

शुक्रवार को जहां पूरे क्षेत्र में भाई बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन मनाया जा रहा था वहीं ग्राम नारी में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही ने एक ऐसे घटना को अंजाम दे दिया, जिसमें नारी निवासी सोनी परिवार के कुल का इकलौता चिराग बुझ गया। त्योहार की खुशी मातम में बदल गई। नारी के बस स्टैंड में सुबह 8 बजे रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने 4 साल के मासूम को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रैक्टर चालक को मार-मारकर अधमरा कर दिया और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक रेत से भरे बिना नंबर प्लेट वाली ट्रैक्टर को चालक शराब पीकर चला रहा था और ग्राम कोकड़ी की तरफ जाने के लिए मुड़ रहा था। उसी दम्यान ट्रैक्टर ने 4 साल के फ़नीश सोनी को कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। इस ट्रैक्टर को ग्राम नारी निवासी रूपेश साहू पिता चंद्रहास साहू उम्र 28 वर्ष चला रहा था। घटना को देख पास खड़े ग्रामीण दौड़े। समीप में घर होने से मासूम बच्चे के परिजन भी दौड़कर बाहर आए और देखा तो बच्चे की लाश पड़ी हुई थी। ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही ग्रामीणों ने दबोच लिया और जमकर पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। चालक इतना नशे में था कि वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा था।

मौके पर क्षेत्र के तहसीलदार सूरज बंछोर भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की लेकिन दुर्घटना से गुस्साई बेकाबू ग्रामीणों की भीड़ ने किसी की नहीं सुन रही थी। ग्रामीणों ने गाड़ियों की स्पीड पर लगाम लगाने, रेत खदान बंद कराने की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। बस स्टैंड में ब्रेकर बनाने की मांग की। कुरूद थाना प्रभारी अवधराम साहू, उपनिरीक्षक अजय सिंह सहित पुलिस बल ने सूझबूझ दिखाते हुए मामले को नियंत्रण में लिया और ग्रामीणों को शांत कराया।

ट्रैक्टर को किया आग के हवाले

दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया और चालक की ताबड़तोड़ पिटाई कर दी। वह मौके पर घायल होकर गिर पड़ा और 3 घंटे तक रास्ते में ही पड़ा रहा। ग्रामीणों ने 3 घंटे तक जमकर हंगामा किया। मासूम बच्चे की पहचान फ़नीश सोनी पिता नागमणी सोनी उम्र 4 वर्ष के रूप में की गई। पिता अपने इकलौते बेटे की लाश पकड़ कर रोड में ही बैठा रहा। सूचना पर कुरूद पुलिस मौके पर अपने दलबल के साथ पहुंची और गुस्साई भीड़ को काबू करने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने लगभग 3 घंटे तक रोड जाम किया। इससे आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

धमतरी जिले के कुरूद ब्लाक के ग्राम नारी की घटना

रक्षाबंधन के दिन सोनी परिवार का इकलौता चिराग बुझा

अंकित बालियान हत्याकांड

4 शूटर, ताबड़तोड़ फायरिंग नया वीडियो आया सामने

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के शामली में मशहूर हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या के मामले में एक बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। बुधवार शाम मोहल्ला आर्यपुरी की नाल पटरी पर सिंगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। अब इस हत्याकांड से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चार बदमाशों ने सिंगर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और उसे घायल हालत में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक अंकित बालियान बुधवार शाम जिम से बाहर निकल रहे थे। उसी दौरान सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई।

फुटेज में दिखाई दे रहा है कि सिंगर जैसे ही जिम से बाहर आते हैं, वैसे ही चार बदमाश अचानक वहां पहुंच जाते हैं। इसके बाद बदमाश बिना किसी देरी के सिंगर पर एक के बाद एक कई गोलियां चला देते हैं। गोलियां लगते ही सिंगर वहीं गिर पड़ते हैं और बदमाश मौके से भाग निकलते हैं। यह पूरा घटनाक्रम कुछ ही सेकंड में हो जाता है, जो फुटेज में साफ नजर आ रहा है।

वरिष्ठ भाजपा नेता की डॉक्टर पुत्री मीना गुप्ता भी लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नेपाल-तिब्बत की सीमा पर आई बाढ़ के बाद शहर के भाजपा नेता और एल्डरमेन करताराम गुप्ता की पुत्री डॉ. मीना गुप्ता के लापता होने की खबर आई है। डॉ. मीना गुप्ता वर्तमान में इंग्लैण्ड में निवासरत थी और ईशा योगा फाउंडेशन सतगुरु ग्रुप के साथ भारत आई हुई थी। घटना के समय वे नेपाल के इमिग्रेशन सेंटर में थी। घटना के बाद से ही डॉ. मीना गुप्ता से परिजन का सम्पर्क नहीं हो पा रहा है जिसके बाद परिवार बेचैन है।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

शब्द पहेली - 6331



बाएँ से दाए-
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली - 6330 का हल

सूडोकु नवताल - 6341

★☆☆☆☆ सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6340 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

खबर संक्षेप

एटमबर्ग की 450 करोड़ का नया इश्यू लाने की योजना

मुंबई। एटमबर्ग टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। आईपीओ में 10 रुपए अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का अधिकतम 450 करोड़ रुपए का नया निर्गम और 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 7,65,42,051 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध राशि में से मुख्य रूप से 90 करोड़ रुपए कुछ कर्जों के पुनर्भुगतान 150 करोड़ रुपए ब्रांड जागरूकता तथा 100 करोड़ रुपए अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश के लिए इस्तेमाल करेगी।

जीईजी ने डिजिटल सुरक्षा क्षेत्र में किया विस्तार

मुंबई। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस कारोबार ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत की है। कंपनी को योट्टा और एनटीटी डाटा सेंटर की ओर से एकीकृत की मैनेजमेंट सॉल्यूशन तैनात करने का अनुबंध मिला है, जयह अनुबंध एक सफल लाइव प्रदर्शन के बाद प्रदान किया गया। इस प्रदर्शन में केंद्रीकृत की मैनेजमेंट, परिचालन दक्षता, मौजूदा और भविष्य के जेनेटेक सॉफ्टवेयर संस्करणों के साथ अनुकूलता तथा बेहतर सुरक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

इंडसइंड का रोडसाइड असिस्टेंस महत्व पर जोर

मुंबई। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक नया प्रचार अभियान शुरू किया है। इस अभियान में ग्राहकों को सफर में अचानक आने वाली परेशानियों से निपटने और अपनी यात्रा जारी रखने में समय पर मिलने वाली मदद की भूमिका को उजागर किया गया है।इस प्रचार फिल्म में सुरक्षा के बारे में व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए बताया गया है कि सुरक्षित होने का मतलब अनहोनी घटनाओं से बचने की तैयारी करना ही नहीं है, बल्कि अचानक मुश्किल आने पर मदद मिलना भी है।

डाबर ने लांच किया एक नया डिजिटल अभियान

नई दिल्ली। हेयर ऑयल ब्रांड डाबर आंवला ने रक्षाबंधन के अवसर पर लोकप्रिय क्रिएटर भाई-बहन आवेज दरबार और आनम दरबार के साथ एक नया डिजिटल अभियान लांच किया है। यह अभियान भाई-बहनों के बीच की मस्ती, उनके अटूट एवं मज़बूत रिश्ते का उत्सव मनाता है। कंपनी के हेड ऑफिस मार्केटिंग अंकुर कुमार ने कहा कि डाबर आंवला में 'मज़बूती' हमेशा से हमारे ब्रांड वादे का केंद्र रही है। इस रक्षाबंधन विचार को केवल मज़बूत बालों तक सीमित नहीं रखना चाहते थे।

बाजारों में छाई रही रक्षाबंधन खरीदारी की खुमारी

मध्यप्रदेश सहित देशभर में हुआ करीब तीस हजार करोड़ रुपए का कारोबार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन इस बार कारोबारियों के लिए भी खासा उत्साह लेकर आया। मध्यप्रदेश सहित देशभर में रक्षाबंधन को लेकर 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक का रिकॉर्ड कारोबार हुआ। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार इस कारोबार में अकेले राखियों की बिक्री का हिस्सा करीब 20 हजार करोड़ रुपए रहा। जबकि 10 हजार कारोबार राखियों के अलावा मिठाई, कपड़े, उपहार और अन्य सामान की भी बड़े पैमाने पर खरीदारी हुई।

रक्षाबंधन के पर्व पर भोपाल में बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। मध्य प्रदेश में अनुमानित 1500 से 2000 करोड़ और राजधानी भोपाल में अनुमानित 500 करोड़ का व्यापार माना जा रहा है। भोपाल के प्रमुख बाजारों - न्यू मार्केट, चौक, एमपी नगर और बैरागढ़ में राखी, मिठाई, गिफ्ट हैम्पर और कपड़ों की बिक्री में 25 से 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्व भारतीय परंपराओं के साथ-साथ स्थानीय व्यापार और उद्यमिता को भी मजबूती देते हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को रक्षाबंधन पर व्यापक जनसमर्थन मिला। उपभोक्ताओं ने स्वदेशी और स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दी।

कैट मध्यप्रदेश के मीडिया प्रभारी धर्मेंद शर्मा नेबताया कि हस्तनिर्मित राखियों, स्थानीय कारीगरों के उत्पादों, पारंपरिक उपहारों, महिला स्वयं सहायता समूहों और एमएसएमई के उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।

बढ़ी बिक्री ने त्योहारों की अर्थव्यवस्था के महत्व को सामने रखा

व्यापारिक संगठन एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील जैन 501 के अनुसार महानगरों से लेकर छोटे शहरों, अर्ध-शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण बाजारों तक खरीदारी का माहौल काफी मजबूत रहा। बाजारों में उमड़ी भीड़ और बढ़ी बिक्री ने त्योहारों की अर्थव्यवस्था के महत्व को एक बार फिर सामने रखा है।

मध्यप्रदेश कैट के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का पर्व होने के साथ-साथ स्थानीय व्यापार और उद्योग के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। उरक्षाबंधन आस्था, स्नेह और आर्थिक गतिविधियों का संगम है। छोटे कारोबारियों, कारीगरों और उद्यमियों को बाजार मिलता है।

चार्टर्ड बस ने की महिलाओं के लिए 48 घंटे निःशुल्क इंटरसिटी बस यात्रा की घोषणा

चार्टर्ड बस कंपनी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर अपने भाइयों और परिवारजनों से मिलने के लिए यात्रा करने वाली महिलाओं को 27 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त सुबह 6 बजे तक 48 घंटे के लिए महिलाओं को इंटरसिटी चार्टर्ड बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की है। इस विशेष पहल का उद्देश्य रक्षाबंधन पर अपने मायके, गृह नगर और परिवार तक पहुंचने वाली महिलाओं की यात्रा को आसान, सुविधाजनक और किफायती बनाना है। यह सुविधा इंदौर को भोपाल, सागर, उज्जैन, राजगढ़, धार, खरगोन, रतलाम, नीमच, मंदसौर, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, ब्यावरा सहित अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ने वाले इंटरसिटी मार्गों पर उपलब्ध रहेगी।रक्षाबंधन के आसपास इंटरसिटी यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। बड़ी संख्या में महिलाएं त्योहार मनाने के लिए अपने मायके और गृह नगर की ओर रवाना होती हैं। चार्टर्ड स्पीड लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक संयम गांधी ने कहा कि रक्षाबंधन ऐसा पर्व है, जो परिवारों को एक-दूसरे के करीब लाता है। महिलाओं के लिए यह अपने भाइयों और प्रियजनों से मिलने के लिए घर लौटने का विशेष अवसर होता है।

साड़ियों की दुकानों पर रही भीड़

विमल साड़ी एम्पोरियम के संचालक नीलेश अग्रवाल के मुताबिक शोरूम में साड़ियों के खरीदी के लिए रक्षाबंधन पूर्व महिलाओं की खासी भीड़ रही है। उन्होंने कहा कि सावन को लेकर इस बार साड़ियों के कई रेंज बाजार में उपलब्ध हैं। सिल्क, जॉर्जेट, कॉटन, मिक्स्ड फैब्रिक की साडियां महिलाओं को पसंद आ रही हैं। इन साड़ियों में चुनरी प्रिंट खासा पसंद किया जा रहा है। गोल्डेन बॉर्डर की लाइट वेट प्लेन साड़ी, लाइट वेट चुनरी प्रिंट जॉर्जेट साड़ी, तांत की कलरफुल साड़िया इस बार ट्रेंड में हैं।

आयकर रिटर्न का आंकड़ा 7 करोड़ के पार

सिर्फ तीन दिन कर सकेंगे गैर-ऑडिट करदाता आईटीआर दाखिल, खाते की ऑडिट जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 7 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए जा चुके हैं। आयकर विभाग ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कारोबार और पेशे से आय अर्जित करने वाले उन करदाताओं से जल्द रिटर्न दाखिल करने की अपील की है, जिनके खातों का ऑडिट कराना जरूरी नहीं है।

आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए बताया कि 31 अगस्त 2026 उन करदाताओं के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख है, जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से है और जो ऑडिट के दायरे में नहीं आते हैं। विभाग ने करदाताओं को अंतिम तारीख का

इंतजार नहीं करने और समय रहते अपना रिटर्न दाखिल करने की सलाह दी है। विभाग ने कहा कि एवाई 2026-27 के लिए 7 करोड़ से अधिक आईटीआर पहले ही दाखिल हो चुके हैं। ऐसे में पात्र करदाताओं को किसी तरह की अंतिम समय की परेशानी से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल कर देना चाहिए।

अंतिम दिनों में बढ़ सकता है पोर्टल पर दबाव

आयकर विभाग की यह अपील ऐसे समय आई है, जब गैर-ऑडिट श्रेणी के कारोबारियों और पेशेवरों के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख नजदीक है। आमतौर पर अंतिम दिनों में आयकर पोर्टल पर ट्रैफिक बढ़ने से तकनीकी दबाव की स्थिति बन सकती है। समय से पहले आईटीआर दाखिल करने से करदाताओं को ऐसी संभावित परेशानियों से बचने में मदद मिल सकती है। इससे पहले जुलाई 2026 में आयकर विभाग ने बताया था कि 31 जुलाई 2026 की समय सीमा तक 5.9 करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके थे। विभाग ने उस समय करदाताओं का आभार जताते हुए कहा था कि समय पर कर अनुपालन और करदाताओं का भरोसा देश के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आदित्य बिरला ग्रुप 40,000 इलेक्ट्रीशियनों को देगा कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आदित्य बिरला ग्रुप के वायर एंड केबल बिजनेस ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के साथ साझेदारी की है। ईएसएससीआई, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के तहत काम करने वाली एक सेक्टर स्किल काउंसिल है। कंपनी अगले एक वर्ष में पूरे भारत के 40,000 से अधिक इलेक्ट्रीशियनों को सुरक्षित वायरिंग के तौर-तरीकों, सही इंस्टॉलेशन तकनीकों, सामग्री के चयन, बढ़ती इलेक्ट्रिकल लोड जरूरतों और उन्नत वायर टेक्नोलॉजी में भविष्य के लिए तैयार तकनीकी कौशल से लैस करेगी। इस साझेदारी के तहत देश भर में स्किल इंडिया इलेक्ट्रीशियन ट्रेनिंग प्रोग्राम लांच किया गया है। भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन से जुड़े इस कार्यक्रम का उद्देश्य इलेक्ट्रीशियनों की तकनीकी क्षमताओं, विश्वसनीयता, करियर के अवसरों और अपने पेशे के प्रति सम्मान को बढ़ाकर उन्हें कुशल, प्रमाणित और प्रतिष्ठित पेशेवर बनने में मदद करना है।

वंदे भारतम हुआ लाइवः गौतम अडाणी की देशव्यापी मुहिम आज से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गौतम अडाणी की देशव्यापी पहल वंदे भारतम - पहल शनिवार 29 अगस्त को टेलीविजन पर शुरू होने जा रही है। यह शो एक साथ तीन एनडीटीवी चैनलों - एनडीटीवी प्रॉफिट, एनडीटीवी (इंग्लिश) और एनडीटीवी इंडिया - पर प्रसारित होगा और देश भर के घरों तक भारत की सबसे बेहतरीन उद्यमी प्रतिभा की कहानियां पहुंचाएगा। 45 मिनट का पहला एपिसोड 29 अगस्त को एनडीटीवी प्रॉफिट पर शाम 7:30 बजे, एनडीटीवी (इंग्लिश) पर शाम 7 बजे और एनडीटीवी इंडिया पर रात 10 बजे प्रसारित होगा। तीनों चैनलों पर उसी रात

और अगले दिन इसके रिपीट टेलीकास्ट भी दिखाए जाएंगे। इसके बाद सितंबर में नियमित शेड्यूल के तहत 25-25 मिनट के एपिसोड दिखाए जाएंगे और 17 सितंबर को ग्रैंड फिनाले (45 मिनट का स्पेशल शो) प्रसारित होगा। जाने-माने अभिनेता, टेलीविजन होस्ट एवं उद्यमी राजीव खंडेलवाल इस शो के एंबेसडर और होस्ट होंगे। टेलीविजन, सिनेमा और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने काम के लिए मशहूर खंडेलवाल, होस्टिंग के अनुभव और दर्शकों के साथ जुड़ाव की अपनी खूबी इस शो में लाएंगे। शो के माध्यम से बड़े शहरों, उभरते शहरों, छोटे कस्बों और ग्रामीण इलाकों के इनोवेटर्स की कहानियां पेश की जाएंगी। इस पहल पर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि वंदे भारतम के जरिए हम ऐसे इनोवेटर्स और उद्यमियों को खोजना चाहते थे जिनके बारे में भारत ने अभी तक नहीं सुना है। अब टेलीविज़न के जरिए उनकी कहानियों को देश के हर घर तक पहुंचाएंगे। यह शो सिफ कामयाबी के बारे में नहीं है, यह उस हिम्मत के बारे में है जो कुछ शुरू करने के लिए चाहिए होती है।

कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर

प्र.क्र. 12/26/13/3/ए.बी.सी./ जनसंपर्क RO क्रमांक 593 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — ग्वालियर, दिनांक : 25/08/2026 दिनांक : 27/08/2026

नगर निगम ग्वालियर अन्तर्गत शहर में आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण हेतु ए.बी.सी. प्रोजेक्ट (एनीमल बर्थ कन्ट्रोल डॉग रूल 2023) के अन्तर्गत आवारा श्वानों का बंध्याकरण एवं ऐन्टीरेबीज वैक्सीन लगाने का कार्य दो स्थानों पर करने हेतु टेण्डर निम्न तालिका अनुसार कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर में ई-टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्न है :-

ठेका	टेण्डर क्र.	टेण्डर क्रय करने की तिथि	टेण्डर डालने की अंतिम तिथि	टेण्डर खुलने की तिथि	अनुमानित व्यय
Sterilization & Anti rabies work for Birth Control of Street Dogs for 02 locations on empanelment basis. Year 2026-27	2026_UAD_532009_1	25/08/2026	25/09/2026	28/09/2026	1.33 करोड़

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।

नोडल अधिकारी,ए.बी.सी., नगर निगम, ग्वालियर

विक्रम सोलर का 'पावरकनेक्ट 2026'

रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर के 140 से अधिक प्रतिनिधि जुटे

एजेंसी ▶▶ इंदौर

सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माता कंपनियों में शामिल विक्रम सोलर ने इंदौर में 'पावरकनेक्ट 2026' के दूसरे संस्करण का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र से जुड़े उद्योग प्रतिनिधियों के लिए एग्जिक्यूटिव नेटवर्किंग और ज्ञान साझा करने का मंच बना। इसमें इंदौर के 140 से अधिक उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें ईपीसी कंपनियां, स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी), वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सीएंडआई) कंपनियां, प्रोजेक्ट डेवलपर्स, वित्तीय संस्थान और अन्य प्रमुख क्षेत्र शामिल रहे।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश में तेजी से बदलते रिन्यूएबल एनर्जी परिदृश्य पर चर्चा हुई। प्रमुख विषयों में पीएम-कुसुम योजना के तहत अवसर, सीएंडआई सोलर सेक्टर की तेज वृद्धि, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) की बढ़ती भूमिका और भारत के स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में उन्नत सोलर तकनीक को अपनाने जैसे मुद्दे शामिल रहे। इस अवसर पर विक्रम सोलर ने अपनी नई एन-टाइप सोलर मॉड्यूल तकनीक, बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और एकीकृत सोलर-प्लस-स्टोरेज सॉल्यूशन पेश किए। विक्रम सोलर के अनुसार, कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक सोलर सेल उत्पादन क्षमता को 9 गीगावाट तक बढ़ाने की है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2029-30 तक 12 गीगावाट क्षमता की वेफर और इंगट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मध्यप्रदेश में बढ़ रही सौर ऊर्जा की संभावनाएं

मध्य प्रदेश देश के रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास बाजार के रूप में उभर रहा है। राज्य में अब केवल अलग-अलग सोलर पंपों की स्थापना तक सीमित रहने के बजाय बड़े स्तर पर फीडर सोलराइजेशन और सीएंडआई आधारित सौर परियोजनाओं की दिशा में भी काम हो रहा है। मध्य प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी निवेश की बढ़ती गति भी इस क्षेत्र की संभावनाओं को रेखांकित करती है। एसईसीआई ने राज्य में चरणबद्ध तरीके से करीब 2,500 करोड़ रुपए के रिन्यूएबल एनर्जी निवेश का प्रस्ताव रखा है। इसमें 200 मेगावाट की सौर परियोजना और 1,000 मेगावाट-घंटे की बैटरी स्टोरेज परियोजना शामिल है।

ROHA HOUSING FINANCE — GROW WITH YOUR OWN HOME

रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

कॉर्पोरेट ऑफिस : युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

भोपाल शाखा:- ऑफिस नंबर 3, प्रथम मंजिल, ज्योति सिनेप्लेक्स कॉम्प्लेक्स, एमपी नगर जोन 1, भोपाल - 462001 (मध्य प्रदेश)

प्राधिकृत अधिकारी: रत्नेश कुमार मिश्रा - 7024122890, संदीप सोनी - 8819999203

उज्जैन शाखा:- 301, 302, तीसरी मंजिल, पाटीदार टॉवर, वरुचि मार्ग, शहीद पार्क के पास, फ्रीगंज, उज्जैन - 456010 (मध्य प्रदेश)

प्राधिकृत अधिकारी: रवि बघेल - 9907777747, संदीप सोनी - 8819999203

नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

सिक्युटराईजेशन एण्ड रिकन्सटक्शन ऑफ फायनेंशियल असेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्रायवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋण की ओर बकाया धनराशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित प्रतिभूत आस्तियों का आधिपत्य लेने के अनुक्रम में, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अचल सम्पत्ति, जिन्हें नीचे वर्णित किया गया है, जो कि भौतिक आधिपत्य में है, के ''**जहाँ है, जैसी है और जो है**''के आधार पर क्रय हेतु सीलबंध लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार (लोन नं. / शाखा)	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%)
1	**लोन नं.:** HLSEHRPPSC000005004375/ **शाखा:** सिहोर 1. **श्री मान सिंह** 2. **श्रीमती कृष्णा बाई पति मान सिंह** **सभी का पता:** वार्ड नं. 07, जी कॉलोनी, अकोदिया, जिला शाजापुर, मध्य प्रदेश - 465223	14-05-2026 & ₹ 2,72,693/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, सर्वे नं. 943/1/min1 944/2 स्थित प्लॉट का भाग, नगर परिषद् अकोदिया, वार्ड नं. 3, परमार वेयर हाउस के पीछे, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर, म.प्र.- 465223	₹ 3,60,000/-	₹ 36,000/-
2	**लोन नं.:** LAGANJLPRS000005017509 / **शाखा: गंज बासौदा** 1. **श्री कपिल कुमार कालावत** 2. **श्रीमती रेखा पति कपिल कुमार** **सभी का पता:** वार्ड नं. 07, गायत्री नगर, चार खंभा गली, बरेढ रोड, गंज बासौदा, विदिशा, म.प्र.- 464221	12-11-2025 & ₹ 9,98,153/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट / मकान, प्लॉट क्षेत्रफल 560 वर्गफीट, मकान नं. 224, वार्ड नं. 07, स्वामी विवेकानंद वार्ड, गायत्री नगर, चार खंभा गली, गंज बासौदा, म्यूनिसिपल काउंसिल क्षेत्र गंज बासौदा, तहसलील गंज बासौदा, जिला विदिशा, म.प्र.	₹ 17,24,800/-	₹ 1,72,480/-

(1) **निरिक्षण की तिथी एवं समय : 19/09/2026 दोप. 12.00 से सांय 5.00 बजे तक।**
(2) उपरोक्त वर्णित शाखा कार्यालय के पते पर निर्धारित निविदा प्रारुप में ईएमडी एवं केवायसी सहित सीलबंद प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि **28/09/2026** सायं 5.00 बजे रहेगी। निविदाएं जो पूर्णतः विधिवत रुप से भरी नहीं जावेंगी अथवा निविदाएं जो अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होंगी, को वैध निविदा के रुप में स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं तदनुसार निरस्त कर दी जावेंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
(3) **उपरोक्त वर्णित शाखा कार्यालय के पते पर प्रस्ताव खोलने कि तिथि (नीलामी दिनांक) एवं 29/09/2026** को समय **प्रातः 11.00 से दोप. 2.00 बजे** है, निविदा को प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में खोला जावेगा।
(4) ऋणी एवं जमानतदार को एतदनुसार विक्रय के समय व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने के लिए सूचित किया जाता है एवं वे, विक्रय के नियम एवं शर्तों के अनुसार, उपरोक्तानुसार वर्णित अचल सम्पत्ति को क्रय करने के लिए प्रस्तावित क्रेतागण को साथ ला सकेंगे।
(5) यह **30 दिनों का विक्रय नोटिस सरफेसी एक्ट 2002** के तहत आम तौर पर जनता विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं), सह उधारकर्ता (ओं), जमानतदार(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदारों के पास बंधक/ प्रभारित किया गया है। रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड सुरक्षित लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** ले लिया है, जिसे जहां है जैसी है तथा जिस अवस्था में है और रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड की बकाया राशि के आधार पर बेचा जाएगा, बिक्री की तारीख से पहले पूर्ण रूप से, नीलामी विज्ञापन रोके जाने के लिए उत्तरदायी है।
(6) अचल सम्पत्ति को सबसे ऊंची निविदा (बोली) लगाने वाले को विक्रय किया जावेगा। हालांकि अधोहस्तारकर्ता को अन्तर बोली (निविदा), यदि आवश्यक हो तो, को स्वीकार करने का एकमेव विवेकाधिकार रहेगा। दी गई संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम राशि पर नहीं होगा।
(7) (आरएचएफपीएल) उपरोक्त दर्शायी गई संपत्ति के उपर किसी भी प्रकार के देनदारियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति की नीलामी ''जहां है जैसी है, जो है तथा जिस अवस्था में है ''के आधार पर की जावेगी।
(8) डिमांड डाफ्ट **रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड के पक्ष में** बनाए जाएंगे।
(9) नीलामी विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्तें निर्धारित निविदा प्रारुप में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रारुप उपरोक्त शाखा कार्यालय पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के पास निविदा की तिथि बढ़ाने एवं प्रस्ताव के नियम व शर्तो में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बोली के नियम एवं शर्ते व अन्य जानकारी हेतु हमारी शाखा पर संपर्क करें । अधिक जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

स्थान : मध्यप्रदेश — **सही/ - प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 29.08.2026 — **रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्रायवेट लिमिटेड**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

ई-नीलामी की सूचना

परिशिष्ट - IV क [नियम 8 (6) का परन्तुक देखें]

चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसी है और जो है जैसी है''** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा निम्नवर्णित दिनांक को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

खाते / ऋणी का नाम एवं पता	बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जेल रोड शाखा, भोपाल फोन : 702411 5051			
ऋणी- **श्री विष्णुकांत कुशवाह पुत्र श्री बी.पी. कुशवाह एवं मेसर्स माँ वैष्णो इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर- श्री विष्णु कांत कुशवाह पुत्र श्री बी.पी कुशवाह**	एक रिहायशी प्लाट नं. 245, खसरा नं. 152, 162/1/1, 162/1/2, 162/3/1, 162/3/2 का भाग, क्षेत्रफल 135 वर्गमीटर या 1453.12 वर्गफीट स्थित जय दुर्गे गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित 'दुर्गेश विहार' ग्राम नरेला शंकरी, मुख्य सड़क के अंदर, वार्ड क्रमांक 66, तहसील हुजूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक- श्री विष्णु कांत कुशवाह पुत्र श्री बी.पी. कुशवाहा चर्तुसीमाएं- उत्तर-प्लाट नं. 248, दक्षिण- 25 फिट रोड, पूर्व- प्लाट नं. 244, पश्चिम- प्लाट नं. 246 **भौतिक कब्जा**	10.02.2026 / 20.05.2026 / दिनांक 10.02.2026 को ₹ 86,87,004.33 +दिनांक 10.02.2026 से ब्याज एवं खर्चे	₹ 58,16,000/- / ₹ 5,81,600/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- 1. **श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा** पत्नि श्री कमल विश्वकर्मा सहऋणीः 2. **श्री कमल विश्वकर्मा** पुत्र श्री बिहारी लाल विश्वकर्मा	SI-12 निर्मित क्षेत्रफल 665 वर्गफीट एसबीयू निर्मित क्षेत्रफल 895 वर्गफीट ''एच'' ब्लॉक, 6वीं मंजिल, शीतलधाम सर्वे खसरा नंबर, ग्राम समरधा, प.ह. नंबर 26, तहसील - हुजूर भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल -665.00 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा पत्नि श्री कमल विश्वकर्मा चर्तुसीमाएं- पूर्व-ब्लॉक-जी, पश्चिम-शीतल धाम आंतरिक सड़क, उत्तर-शीतल धाम आंतरिक सड़क, दक्षिण-फ्लैट नंबर एसआई-11 **भौतिक कब्जा**	30/07/2024 / 18/10/2024 / ₹ 27,50,515.74/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 13,95,000/- / ₹ 1,39,500/- / ₹ 10,000/-
इमामीगेट शाखा, भोपाल फोन : 702411 5048			
ऋणी- **श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन** सहऋणी- **श्रीमती तस्लीम पत्नी सैयद मिनहाज उद्दीन**	फ्लैट नंबर एलएल-12, तीसरी मंजिल, साहिल अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर बी-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल, मप्र-462001, क्षेत्रफल-500 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन, चर्तुसीमाएंः उत्तरः फ्लैट नंबर एसएल-11, दक्षिणः खुला प्लॉट नंबर बी-05, पूर्वः हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मकान नंबर बी-10, पश्चिमः फ्लैट नंबर एसएल-10 **भौतिक कब्जा**	05/12/2024 / 11/03/2025 / ₹ 13,44,831.81 +ब्याज एवं खर्चे	₹ 16,87,500/- / ₹ 1,68,750/- / ₹ 10,000/-
ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 17.09.2026 को सायं 5.00 बजे या उससे पूर्व ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 17.09.2026 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 15.09.2026 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक			
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एसआई लाईन्स शाखा, भोपाल फोन : 7024115079			
ऋणी- **श्रीमती सोनल पारेख** सहऋणी- **श्रीमती विनीता राबिन**	विक्रेता के मालिकाना हक के तहत, आवासीय उपयोग के लिए डायवर्टेड भूमि का एक हिस्सा-जिसमें खसरा नंबर 21/1/1 (क्षेत्रफल 0.557 हेक्टेयर), खसरा नंबर 21/1/2 (क्षेत्रफल 0.3530 हेक्टेयर) और खसरा नंबर 23/3 (क्षेत्रफल 0.3000 हेक्टेयर) शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1.210 हेक्टेयर है—उसमें से प्लॉट नंबर ए-9 (आवासीय उपयोग के लिए डायवर्टेड भूमि, खसरा नं. 21/1/2) स्थित ग्राम अरहेडी, प.ह.नं. 38, आर.एन.एम. 03, ब्लॉक फंदा, तहसील हुजूर, ज़िला भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल 15 फीट X 40 फीट (अर्थात 600 वर्गफीट / 55.76 वर्गमीटर) संपत्ति मालिक - श्रीमती सोनल पारिख चर्तुसीमाएँः उत्तरः प्लॉट नंबर ए-10, दक्षिणः प्लॉट नंबर ए-08, पूर्वः प्लॉट नंबर ए-16, पश्चिमः आंतरिक सड़क। **सांकेतिक कब्जा**	05.05.2026 / 10.07.2026 / दिनांक 05.05.2026 को ₹ 21,69,645.98/- +दिनांक 06.05.2026 से ब्याज एवं खर्चे	₹ 14,22,000/- / ₹ 1,42,200/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- **श्री अभिषेक कुमार कछवाहा**	एक आवासीय यूनिट फ्लैट संख्या 08204, ब्लॉक संख्या 08, द्वितीय मंजिल, जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1127 वर्गफुट (104.73 वर्गमीटर) और बिल्टअप क्षेत्रफल 783 वर्गफुट (72.76 वर्गमीटर) है। यह संपत्ति खसरा संख्या 50/1-k/2, 309/1-K/2, 310/2K/2, 150/1-K/1, 309/1K/1, 310/2-K/1, 150/5/2K, 309/3/2, 309/2-K, 310/3, 311/2, 311/2/1-K वाले भूभाग पर स्थित है। कुल क्षेत्रफल 5.59 एकड़ है। यह फ्लैट 'सौम्या पार्कलैंड' नामक बहुमंजिला इमारत गांव खजूरी कलां, पटवारी हल्का नं.-19, वार्ड नं. 60 (गोविन्दपुरा वार्ड), तहसील हुजूर एवं जिला भोपाल में स्थित है। संपत्ति मालिक- श्री अभिषेक कुमार कछवाहा, निवासीः मकान संख्या 146/2 ए-साकेत नगर, भोपाल पब्लिक स्कूल, हबीबगंज, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462024, चर्तुसीमाएँः उत्तर-फ्लैट नं. 09203, दक्षिण-फ्लैट नं. 08203, पूर्व-सड़क, पश्चिम- फ्लैट नं, 08201 **सांकेतिक कब्जा**	18.12.2025 / 07.04.2026 / दिनांक 18.12.2025 को ₹ 4057676.47/- +दिनांक 19.12.2025 से ब्याज एवं खर्चे	₹ 29,70,000/- / ₹ 2,97,000/- / ₹ 10,000/-
ऋणी- **श्रीमती रानी गुर्जर पत्नि श्री मेहरबान सिंह**	एक डायवर्टेड रिहायशी प्लॉट नंबर 22, जो रेवेन्यू सर्वे नंबर 125/1/ख वाली जमीन का भाग क्षेत्रफल - 600 वर्गफुट स्थित ग्राम- पलासी, तहसील- हुज़ूर, ज़िला- भोपाल म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन वार्ड नंबर 75 के अंतर्गत, संपत्ति मालिक- श्रीमती रानी गुर्जर पत्नि श्री मेहरबान सिंह चर्तुसीमाएँः उत्तरः प्लॉट नंबर 23, दक्षिणः सड़क, पूर्वः विक्रेता की बची हुई जमीन, पश्चिमः सड़क। **सांकेतिक कब्जा**	26.05.2026 / 03.08.2026 / दि. 26.05.2026 को ₹ 31,04,762.02 +दिनांक 27.05.2026 से ब्याज एवं खर्चे	₹ 27,00,000/- / ₹ 2,70,000/- / ₹ 10,000/-
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, राजगढ़ शाखा, राजगढ़ फोन : 7024115076			
ऋणी- **श्री अनिल भट्ट पुत्र श्री रमेशचंद भट्ट**	कमर्शियल भूमि स्थित ग्राम चैनपुरिया, पी.एच नंबर 113, रिन पुस्तिका नं. सीएलआर नंबर 11057302160, सर्वे नंबर 41/1/1/1 क्षेत्रफल 0.298 हेक्टेयर और सर्वे नंबर 41/1/1/2 क्षेत्रफल-0.111 हेक्टेयर, कुल कित्ता 2, कुल क्षेत्रफल 0.409 हेक्टेयर, भूमि ग्राम चैनपुरिया, तहसील एवं जिला-राजगढ़ (म.प्र.) **संपत्ति मालिक-** श्री अनिल भट्ट पुत्र रमेश चंद भट्ट चर्तुसीमाएँः उत्तरः गंगराम पुत्र गुमान जी की भूमि, दक्षिणः रघुवीर पुत्र कंवर लाल सोंधिया की भूमि, पूर्व- राम नारायण पुत्र कंवर लाल की भूमि, पश्चिमः सामान्य सड़क **सांकेतिक कब्जा**	07/08/2025 / 08/12/2025 / दि. 07.08.2025 को ₹ 15,25,444.24 +दिनांक 08/08/2025 से ब्याज एवं खर्चे	₹ 16,42,670/- / ₹ 1,64,267/- / ₹ 10,000/-
ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 30.09.2026 को सायं 5.00 बजे या उससे पूर्व ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30.09.2026 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 25.09.2026 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक			

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा http://BAANKNET देखें।

तारीख : 29.08.2026, स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी

चिंतन

पाक जासूसों की घरों में घुसपैठ रोकनी होगी

सीमा पार से जासूसी का चेहरा तेजी से बदल रहा है। कभी किसी विदेशी एजेंट को वर्षों तक तैयार किया जाता था, गुप्त मुलाकातों के जरिए सूचनाएं हासिल की जाती थीं और उन्हें सीमा पार पहुंचाने के जटिल रास्ते तलाशे जाते थे। अब इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों ने इस पूरी प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया है। विदेश में बैठा कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक से लगातार संपर्क कर सकता है, उसकी गतिविधियों को समझ सकता है और छोटी रकम या किसी दूसरे लालच के जरिए उसे अपने नेटवर्क में शामिल कर सकता है। अब यह खतरा घरों तक भी पहुंच गया है। दिल्ली में एक दंपति की गिरफ्तारी से पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क का जो खुलासा हुआ है, उसने इसी बदलते खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, दोनों वर्ष 2024 से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। उन पर आठ भारतीय सिम कार्ड दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने, संवेदनशील सूचनाएं जुटाने और दूसरे लोगों को जासूसी गतिविधियों से जोड़ने में मदद करने के आरोप हैं। इन नंबरों से वहां सामाजिक माध्यमों पर खाते सक्रिय किए गए और भारत में लोगों से संपर्क साधने की कोशिश हुई। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह दूरसंचार व्यवस्था की कमजोरियों पर भी सवाल खड़ा करेगा। किसी व्यक्ति की पहचान पर जारी मोबाइल नंबर का दूसरे देश में संदिग्ध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद संभावित छेद का संकेत है। हालांकि असली चुनौती उन लोगों तक पहुंचने की है जो सीमा पार बैठकर इस तरह के नेटवर्क को संचालित करते हैं। पैसा कौन भेज रहा था? संपर्क किसने स्थापित किया? भारतीय नागरिकों को किस तरह चुना गया? किन सूचनाओं की मांग की गई? इन सवालों के जवाब पूरे नेटवर्क की तस्वीर सामने ला सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को दूसरे लोगों की भर्ती का काम सौंपा गया था तो यह संकेत है कि नेटवर्क एक-दो लोगों तक सीमित नहीं हो सकता। इसलिए जांच को स्थानीय संपर्कों से आगे बढ़ाकर पूरे आर्थिक और डिजिटल तंत्र तक पहुंचना होगा। किसी दूसरे के लिए सिम लेना, कुछ रुपये के बदले जानकारी देना या सैन्य प्रतिष्ठान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी साझा करना देखने में छोटा काम लग सकता है, लेकिन यही छोटी कड़ियां बड़े जासूसी नेटवर्क को मजबूत करती हैं। इसलिए नागरिकों को भी समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है। सैन्य छावनियों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी जानकारी को लेकर विशेष सावधानी की जरूरत है। सोशल मीडिया पर अनजाने लोगों से होने वाले संपर्कों को सामान्य मानकर छोड़ देना भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए स्थानीय मददगारों को पकड़ना बेहद जरूरी है, लेकिन सीमा पार बैठे संचालकों तक पहुंचना उससे भी ज्यादा जरूरी है। देश की सीमाओं की रक्षा हथियारों से होती है, लेकिन उसकी आंतरिक सुरक्षा सतर्कता से मजबूत होती है। पाकिस्तान में बैठे कथित संचालक यदि भारतीय नागरिकों को माध्यम बनाकर देश के भीतर पहुंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं तो हर सिम, हर संदिग्ध संपर्क और हर आर्थिक लेन-देन की कड़ी को गंभीरता से लेना होगा। जासूसी का नेटवर्क जितना चुपचाप घरों तक पहुंचने की कोशिश करेगा, सुरक्षा व्यवस्था को उतनी ही तेजी से उसके रास्ते बंद करने होंगे। सीमा पर चौकसी के साथ अब घर की चौखट पर भी पहरा जरूरी है। घरों में पाकिस्तानी जासूसों की घुसपैठ रोकनी होगी, तभी पाक जासूसी के नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सकेगा।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

आमजन के लिए मुश्किलें बढ़ाती महंगाई

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी।

इन दिनों महंगाई पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भारत में महंगाई बढ़ने से आम आदमी के जीवन की मुश्किलें बढ़ने संबंधी चिंताएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 27 अगस्त को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण ऊंची ऊर्जा कीमतों और अलनीनो से प्रभावित कमजोर मानसून की चुनौतियों की वजह से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत में खुदरा महंगाई (सीपीआई) के बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2026 में भारतीय बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मौसम की अनिश्चितता और फसल प्रभावित होने से चीनी के खुदरा भाव ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। सीमित आपूर्ति के कारण प्याज के दाम पिछले साल की तुलना में तेजी से बढ़े हैं। इसके अलावा सरसों तेल, रिफाइंड तेल और दालों के दाम भी ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं। त्योहारों के मौसम में मांग बढ़ने, चारे की लागत और परिवहन खर्च में वृद्धि के कारण दूध, मिठाइयों, पैकबंद खाद्य पदार्थों और पैक्ड चाय की कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। यह परिदृश्य स्पष्ट संकेत देता है कि कमजोर मानसून और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें आने वाले महीनों में आम नागरिक के बजट पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.45 प्रतिशत हो गई है, जो जून में 4.38 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य से ऊपर बना हुआ है। महंगाई में इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें हैं। निश्चित रूप से खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की थाली महंगी हो गई है। जीवन निर्वाह लागत बढ़ गई है। क्रिसिल की अगस्त 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2026 में घर पर बनने वाली शाकाहारी थाली की औसत लागत सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 29.1 रूपए हो गई। यह पिछले 7 महीनों का उच्चतम स्तर है। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत 9 प्रतिशत बढ़कर 58.3 रुपये पर पहुंच गई। थाली महंगी होने का मुख्य कारण प्याज, खाद्य तेल और रसोई गैस की दरों में वृद्धि है। इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल और कमजोर मानसून की चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0

प्रतिशत कर दिया है। जहां खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में कुछ वृद्धि के संकेत हैं, वहीं अन्य क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने के संकेत नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मानसून, अलनीनो और पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से खाने-पीने की वस्तुएं और ईंधन महंगे हो सकते हैं। निसंदेह अब ऊंची ऊर्जा लागत, अलनीनो और कमजोर मानसून के कारण महंगाई की चिंता बढ़ती जा रही है। इससे कृषि पर मंडराता खतरा भी दिखाई दे रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक जून-सितंबर के बीच देश में सामान्य वर्षा के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई है। इस स्थिति के पीछे अल-नीनो प्रभाव को मुख्य कारण माना जा रहा है, जिसने मानसून की गति को धीमा कर दिया है। शुरुआत में कम बारिश और मिट्टी में नमी की कमी के कारण इस वर्ष खरीफ फसलों की बुआई का कुल रकबा प्रभावित हुआ है। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं, वहां फसलों के सूखने का जोखिम काफी बढ़ गया है। बारिश की लगातार कमी से मिट्टी में नमी का स्तर घट रहा है। इससे न केवल कुल खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है, बल्कि किसानों की आय प्रभावित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल दबाव पड़ सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जुलाई की शुरुआत से लेकर अब तक महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के कारण आर्थिक दबाव से आम जनता को राहत देने और बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यावहारिक रणनीतियां अपनाई हैं। खाद्य पदार्थों और ईंधन के दामों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं के राष्ट्रीय बफर स्टॉक का उपयोग किया जा रहा है। खुले बाजार में कृषि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर कीमतों को थामने का सीधा प्रयास किया जा रहा है। महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारियों के लिए औद्योगिक महंगाई भत्ते की संशोधित दरों की घोषणा की गई है। वित्तीय बाजार में नकदी के संतुलन को बनाए रखने और अत्यधिक मांग से मूल्य वृद्धि रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक समीक्षा के तहत नकदी प्रवाह पर सख्त नियंत्रण रखा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और फसलों की बुआई की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि आने वाले समय में खाद्यान्न की कमी न हो और कीमतों में उछाल को रोका जा सके। वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों से ईंधन और आयातित वस्तुओं पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए व्यापारिक रणनीतियों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। संभावित मुद्रास्फीति के दबाव को देखते हुए आवश्यक उपभोग योग्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का खाका तैयार किया गया है। वहीं, सरकार आगामी महीनों में अलनीनो तथा कमजोर मानसून की चुनौतियों से निपटने के लिए भी सावधानी और सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। सरकारी गोदामों से गेहूं, चावल और दालों को उपयुक्त रूप से खुले बाजार में जारी किया जाना होगा, ताकि त्योहारी सीजन में आपूर्ति बनी रहे। प्याज, टमाटर और आलू की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नाफेड जैसे सरकारी संगठनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर सीधी बिक्री बढ़ाई जानी होगी। आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने के लिए व्यापारियों के स्टॉक सीमाओं की सख्त निगरानी आवश्यक होगी। खाद्य तेलों और दालों की उपलब्धता सुधारने हेतु आयात शुल्क में अस्थायी कटौती की जानी होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आपदा
रोहित कौशिक

नेपाल की बाढ़ से भारत को लेना चहिए सबक

हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण से जुड़े इन सवालों पर यदि गंभीरता से चिंतन नहीं किया गया तो भविष्य में ऐसी आपदाओं के बढ़ने की उम्मीद है। इस आपदा में कई लोगों की जान चली गई जबकि अनेक लोग लापता हैं। बाढ़ से कई पुल बह गए और अनेक जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लेशियर के ढहने से भूकंपीय गतिविधि शुरू हुई और नेपाल-तिब्बत सीमा के पास पहाड़ी से चट्टानों के खिसकने के बाद बाढ़ आई। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम विकास के चक्कर में हिमालय के पारिस्थितिक तंत्र को समझने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। नेपाल में आई बाढ़ तो एक उदाहरण भर है। हमारे देश में भी बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन हम इन आपदाओं से कोई सबक नहीं लेते हैं। पहाड़ों में नदी, नालों और पानी के रास्ते के किनारे होने वाले निर्माण और अतिक्रमण को हम रोक नहीं पाए हैं। अभी भी धड़ल्ले से इस तरह के निर्माण और अतिक्रमण हो रहे हैं। जाहिर है कि जब इस तरह की आपदाएं आती हैं तो किनारे पर होने वाले अतिक्रमण और निर्माण की वजह से जान-माल की हानि ज्यादा होती है। हमारे देश में भी उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों में बादल फटने, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। निश्चित रूप से कई बार मौसम खराब होने के कारण भी ऐसी आपदाएं आती हैं लेकिन मौसम खराब होना ऐसी आपदाओं का एक कारण है। मानवीय गतिविधियां बढ़ने के कारण भी ऐसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। इस तरह की कई आपदाएं पहाड़ों पर जान और माल का नुकसान बढ़ा रही हैं। इसलिए इस दौर में इन आपदाओं के कारणों पर व्यापक रूप से चिंतन करना होगा। कई भूवैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ों पर हिमनदों के पिघलने की दर बढ़ रही है। बढ़ते तापमान और पहाड़ों के भीतर हो रहे कई तरह के बदलावों के कारण हिमनदों के टूटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय पहले संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के विभिन्न हिमनद जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। इस कारण वहां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा आ सकती है। कुछ समय पहले उत्तराखंड में हिमनद पिघलने की वजह से ऐसी कई प्राकृतिक आपदाओं ने भारी तबाही मचाई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम केदारनाथ आपदा से सबक नहीं ले पाए और पहाड़ों पर जल प्रलय के शास्त्र को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को हरी झंडी देते चले गए। यही कारण है कि हमें लगातार इस तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रारम्भ से ही पहाड़ों पर अत्यधिक जल विद्युत परियोजनाओं का विरोध होता रहा है। अनेक वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि पहाड़ों पर ये जल विद्युत परियोजनाएं भविष्य में और भी बड़ी तबाही मचा सकती हैं। हर क्षेत्र का अपना अलग पर्यावरण होता है। हम पहाड़ के पर्यावरण की तुलना मैदानी क्षेत्रों के पर्यावरण से नहीं कर सकते। यदि हम पहाड़ के पर्यावरण को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तो इस तरह की आपदाओं को ही निमंत्रण देंगे। यह विडम्बना ही है कि मानव हस्तक्षेप के चलते पहाड़ों पर इस तरह की आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। गौरतलब है कि पहाड़ों पर बनने वाले बांधों ने ग्लेशियरों को कमजोर किया है। ग्लेशियरों के मुहाने पर बनने वाले बांध पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तराखंड में ज्यादातर ग्लेशियरों पर बर्फबारी के कारण कई लाख टन बर्फ का भार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से ग्लेशियरों के खिसकने व टूटने का खतरा बना रहता है। हालांकि सर्दियों में ग्लेशियर टूटने की घटनाएं कम होती हैं। दरअसल विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए जिस तरह से जंगलों को नष्ट किया गया और पेड़ों की कटाई की गई, उसने स्थिति को और भयावह बना दिया। इस भयावह स्थिति के कारण मानसून तो प्रभावित हुआ ही, ग्लेशियरों का टूटना, भू-क्षरण एवं नदियों द्वारा कटाव किए जाने की प्रवृति भी बढ़ी। आज विकास का जो हवा महल बनाया जा रहा है, वह किसी न किसी रूप से आम आदमी की कब्र खोदने का काम ही कर रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम बड़े ही शर्मनाक तरीके से इस विकास पर अपनी पीठ थपथपाते रहते हैं। क्या हम विकास का ऐसा माडल नहीं बना सकते जिससे पहाड़ भी सुरक्षित रहे और पहाड़ के निवासियों को स्थायी रूप से फायदा हो। आज निश्चित रूप से विज्ञान निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है लेकिन वह प्रकृति के सामने बौना ही है। अगर विश्व के बुद्धिजीवी प्रकृति के साथ विज्ञान की प्रतियोगिता कराएंगे तो किसी न किसी रूप में वे तबाही को ही जन्म देंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

बिन बुलाए किसी के घर न जाएं

संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

सटाका

आज की पाती

बच्चों की सेहत से बड़ा कोई पाठ नहीं

राजस्थान हाई कोर्ट का स्कूलों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला केवल एक न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल कैंटीन तथा स्कूल गेट के 50 मीटर के दायरे में ज्यादा वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक और उसके पालन के लिए नियमित औचक निरीक्षण की व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है। आज जब बच्चों की जीवनशैली तेजी से बदल रही है, ऐसे समय में स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र मानना पर्याप्त नहीं है। स्कूल वह स्थान है जहां बच्चे पढ़ना ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की आदतें भी सीखते हैं। इसलिए उन्हें पौष्टिक भोजन और सक्रिय जीवनशैली का वातावरण देना चाहिए।

- मनीराम बहलान, सिरसा

करंट अफेयर

नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन, बेटे ने संभाली गद्दी

नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन हो गया है। वह 89 वर्ष के थे। राजमहल ने शुक्रवार सुबह इसकी सूचना दी। नाजी कब्जे के दौरान बचपन का कुछ समय निर्वासन में अमेरिका में बिताने वाले हेराल्ड ने उस महिला से शादी करने के लिए यूरोप की कई कुलीन महिलाओं के विवाह प्रस्ताव ठुकरा दिए थे जिससे वह स्कूल के समय से प्रेम करते थे। हेराल्ड यूरोप के सबसे उम्रदराज सम्राट थे। लोकप्रिय महाराजा के रूप में उन्होंने राजशाही को आधुनिक रूप दिया, लेकिन हाल के वर्षों में पद छोड़ने वाले अन्य उम्रदराज राजाओं की तरह उन्होंने गद्दी छोड़ने से इनकार कर दिया था। हेराल्ड के निधन के बाद उनके बेटे हाकोन अष्टम को स्वत: ही राज गद्दी मिल गई है। यूरोप के अन्य राजतंत्रों की तरह नॉर्वे के राजा की भूमिका भी मुख्य रूप से प्रतीकात्मक है। हालांकि, उन्हें देश में काफी लोकप्रियता हासिल है। करीब 55 लाख की आबादी वाले इस लोकतांत्रिक देश में वास्तविक सत्ता निर्वाचित संसद के पास है। हेराल्ड ने जनवरी 1991 में उनके पिता राजा ओलाव पंचम के निधन के बाद राजगद्दी संभाली थी। उनके शासनकाल में नॉर्वे ने तेल और गैस के सहारे आर्थिक समृद्धि का दौर देखा। हेराल्ड का जन्म 1937 में ओस्लो के पास अस्केर में हुआ था।

ऑफ बीट

वसीयत, पासवर्ड और जरूरी संवाद : अभी करें तैयारी

हममें से ज्यादातर लोग अपनी मौत के बारे में सोचना पसंद नहीं करते। लेकिन ऐसा करने की एक व्यावहारिक वजह है : जब व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसके पीछे छूटी चीज़ों को समेटने और उनका निपटारा करने की जिम्मेदारी किसी और को उठानी पड़ती है। उन्हें अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी पड़ सकती है, वसीयत तलाशनी पड़ सकती है, बैंकों और पेंशन कोषों से संपर्क करना पड़ सकता है, घर से जुड़े मामले निपटाने पड़ सकते हैं, बिल चुकाने पड़ सकते हैं, बिजली-पानी जैसी सेवाओं और डिजिटल खातों को बंद करना पड़ सकता है और आखिर में छोड़ी गई संपत्ति का बंटवारा करना पड़ सकता है। और यह सब वे आपके जाने के दुख के बीच कर रहे होंगे। आप कुछ ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिनसे उनका यह बोझ कम हो सके। संपत्ति की अच्छी योजना का मतलब सिर्फ यह तय करना नहीं है कि आपकी रकम और संपत्ति किसे मिलेगी। इसका मकसद यह भी है कि आपके जाने के बाद लोगों के लिए पूरी प्रक्रिया आसान हो। वसीयत बनाना इसकी एक अहम शुरुआत है। ऑस्ट्रेलिया में केवल करीब 40 प्रतिशत लोगों ने वसीयत तैयार की है। उम्र बढ़ने और संपत्ति जुटने के साथ वसीयत बनाने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जाती है। आप खुद भी वसीयत बना सकते हैं जिसके लिए स्वयं तैयार करने वाली या ऑनलाइन वसीयत की किट उपलब्ध हैं।

ट्रेंड

रिसर्च पर ध्यान



आज भारत वेंटिलेटर बना रहा है और 2028 से पहले बैंडेज से लेकर एमआरआई मशीन तक सब कुछ बनाने की तैयारी में है। फार्मा सेक्टर का रिसर्च पर ध्यान इस कोशिश को और गति देगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

संचार साथी



'संचार साथी' ने खोए हुए फोन के मामले में बाज़ी पलट दी है...सच में यह एक गेम-चेंजर है! पूरे देश में सिर्फ़एक महीने में 75,000 से ज़्यादा हैंडसेट बरामद किए गए हैं...यह कामयाबी स्मार्ट टेक्नोलॉजी और टेलीकॉम ऑपरेटर्स और देशभर के पुलिस विभागों के बीच बेहतरीन तालमेल से मिली है।

-ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

बदलाव की वजह

पेंगुइन वर्ल्डवाइड, सोनिया गांधी की आने वाली किताब को दुनिया भर में उसके मूल रूप में प्रकाशित करने के लिए तैयार है, लेकिन पेंगुइन इसे भारत में लॉन्च करने के लिए इसमें बदलाव चाहता है। क्या वजह है जो उसे भारत में प्रकाशित नहीं कर सकते?

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

पुनर्निर्माण कार्यों में मदद

नेपाल में तबाही के दृश्य भयानक और दिल दहला देने वाले हैं। मैं खोज और बचाव कार्यों में नेपाल की स्थानीय क्षमताओं के इस्तेमाल की सराहना करता हूँ। इस मुश्किल समय में राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों में मदद के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

- आनंद महिंद्रा, उद्यमी

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

देशभर में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री समेत अन्य दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं, भाई-बहन के प्रेम व विश्वास को याद किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने सभी के जीवन में खुशी और सफलता के लिए प्रार्थना की। रिश्तों में मिठास और भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज देशभर में मनाया गया। कई नेताओं ने बहनों से राखी बंधवाई और इस पर्व के जरिए भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के रिश्ते को याद किया।

नई दिल्ली। अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर प्रधानमंत्री मोदी ने स्कूली बच्चों से राखी बंधवाई और देशवासियों की खुशहाली की कामना की।

खुशी और समृद्धि सफलता की कामना

प्रधानमंत्री ने छात्रों के साथ रक्षा बंधन मनाया। इस दौरान वे छात्रों से हाथों से दिल बनाते नजर आए। उन्होंने एक्स पर लिखा, रक्षाबंधन के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं। यह पवित्र त्योहार आप सभी के जीवन में खुशी, समृद्धि और सफलता लाए। प्यार, स्नेह और आपसी भरोसे का बंधन हमेशा अटूट बना रहे - यही मेरी हार्दिक कामना है। वार्षिक परंपरा को जारी रखते हुए, स्कूली छात्राओं ने 7 लोक कल्याण मार्ग पर स्थित प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास जाकर उनकी कलाई पर 'राखी' बांधी। प्रधानमंत्री ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और एक वीडियो साझा किया।

राष्ट्रपति ने बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन

राखी के महत्व को रिश्ते से कहीं बड़ा बताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में अलग-अलग स्कूलों और संगठनों के बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का महत्व भाई-बहन के रिश्ते से कहीं बढ़कर है। राखी का पवित्र धागा परिवार के सदस्यों, दोस्तों और यहां तक कि पेड़ों पर भी बांधा जा सकता है, जो प्यार और देखभाल के बंधन का प्रतीक है। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए राष्ट्रपति ने बच्चों से पेड़-पौधों की देखभाल करने का भी आग्रह किया।

नई दिल्ली। बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनातीं राष्ट्रपति

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाई।

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में स्कूली बच्चों से राखी बंधवाते हुए।

नई दिल्ली। रक्षाबंधन के अवसर पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बहन प्रियंका गांधी वाड्रा संग सोशल मीडिया 'एक्स' पर फोटो शेयर किया।

गांधीनगर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के कोटा स्थित अपने संसदीय क्षेत्र में महिलाओं के साथ रक्षाबंधन मनाया।

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन स्कूलों बच्चों से राखी बंधवाई और बच्चों ने भी प्यार से रक्षा सूत्र बांधा।

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को राखी बांधी।

खबर संक्षेप

कानपुर में बाइक की भिड़ंत, 3 की मौत

कानपुर। सिकंदरा के इटखुदा गांव के सामने मुगल रोड पर बाइक भिड़ंत में पिता पुत्री समेत 3की मौत हो गई। औरैया के फफूंद के कल्याणपुर खानपुर निवासी शिवम कुमार व दूसरी बाइक पर सवार गणेश कुमार, उनकी पत्नी गायत्री व छह वर्षीय बेटी पल्लवी की सामने सामने टक्कर हो गई। रक्षाबंधन पर गणेश पत्नी को लेकर ससुराल राजपुर जा रहे थे तभी हादसा हुआ।

ईदमिलाद पर फिलिस्तीन का झंडा, 3 पर केस दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक के शिवमोगा में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी समारोह में फिलिस्तीनी झंडा लहराने के आरोप में पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि 24 अगस्त को आरएमएल नगर में ईद मिलाद के लिए लगाए जा रहे एक कटआउट के ऊपर चढ़कर आरोपियों ने फिलिस्तीनी झंडा लहराया और इसका वीडियो शेयर किया।

थानों में सीसीटीवी नहीं झारखंड डीजीपी को नोटिस

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश का पालन नहीं होने पर डीजीपी तदाशा मिश्रा को अवमानना नोटिस भेजा है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मुख्य सचिव अविनाश कुमार और गृह सचिव वंदना दादेल से कहा कोर्ट के आदेशों को गंभीरता से लें।

शिमला में बस पहाड़ी से टकराई, 40 घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में शुक्रवार दोपहर हिमाचल सड़क परिवहन निगम की एक बस पहाड़ी से टकरा गई, जिससे 40 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर महिलाएं हैं। अधिकारियों के अनुसार, घटना के समय बस में करीब 60 लोग सवार थे। यह दुर्घटना ब्यासा-बखली मार्ग पर कटार गांव के पास हुई।

बाबा ने भेजे उपहार मिठाई तो एक्ट्रेस ने बताया 'भाई'

हरिद्वार। योग गुरु बाबा रामदेव और भाजपा सांसद कंगना रनौत के कुछ दिनों से चल रहा विवाद अब खत्म हो सकता है। रक्षाबंधन पर बाबा ने कंगना को मिठाइयां और उपहार भेजकर रिश्तों में आई दूरी कम करने की कोशिश की है। इसे कंगना ने भी स्वीकार किया है। कंगना ने लिखा, त्योहार का दिन होता ही सब भूल-चूक माफ करने के लिए है। मेरे भाई बाबा ने कहा विवाद खत्म हो।

गृह मंत्री ने कोरोना काल का जिक्र कर अनुभव साझा किए

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में कहा

मेरे भाग्य में आंदोलनों से निपटना ही लिखा है, देश का 'धैर्य' रहा सराहनीय

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे हमेशा से गृह मंत्रालय ही मिलता है। मेरे भाग्य में आंदोलनों से निपटना ही लिखा है। साथ ही, गृह मंत्री ने कोरोना काल का जिक्र कर कहा कि उस समय देश ने जिस धैर्य का परिचय दिया वो काबिले तारीफ है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कार्यक्रम में कहा कि मैं एक अनुभव बताना चाहता हूं कि मैं जब भी राज्य या केंद्र में मंत्री बना हूं, मुझे गृह मंत्रालय ही मिला है। तो मेरे भाग्य में आंदोलनों से निपटना ही लिखा है। आतंकियों से भी निपटना है।

एक कर्फ्यू को लागू करना होता है तो अहमदाबाद जैसे शहर में कम से कम 300 पुलिस की गाड़ी पर माइक लगाकर घोषणा करानी पड़ती है कि कल सुबह 8 बजे से कर्फ्यू लागू किया गया है कोई घर से बाहर न निकले।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में अपने संसदीय क्षेत्र की उन लड़कियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया, जिन्हें टाइप-1 डायबिटीज है।

प्रधानमंत्री ने कहा था, चिंता न करें, रास्ता खोजना होगा

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कोरोना काल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि कोरोना जब हमारे यहां पर दो मौतें हुईं और पुणे की लैब से सत्यापित किया कि कोरोना है और यह तेजी से फैलेगा। इसकी मेरे ऑफिस में प्रेजेंटेशन भी हुई। तब मैं पीएम मोदी के पास में चिंता लेकर गया था। पीएम ने मुझसे कहा कि चिंता करके क्या होगा, इसके रास्ते सोचने होंगे। उन्होंने कहा कि जनता कर्फ्यू लगाते हैं, जनता को साथ में लेना पड़ेगा। मैंने पूछा कि जनता कर्फ्यू क्या होता है, हम किसी को कानून से नोटिफिकेशन से घोषणाओं से बाधित नहीं करेंगे। हम आग्रह करें कि हमें अभ्यास करना पड़ेगा, कल सुबह 8 बजे से कल सुबह 8 बजे तक कोई घर के बाहर न निकले।

'विश्व संस्कृत दिवस' पर देशवासियों को बधाई दी

संस्कृत को बताया भारत की ज्ञान परंपरा संस्कृति और चेतना का मूल आधार

नई दिल्ली। *केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 'विश्व संस्कृत दिवस' के मौके पर बधाई दी और इस भाषा को भारत की ज्ञान परंपरा, संस्कृति और चेतना का मूल आधार बताया। गृह मंत्री ने रक्षाबंधन पर भी नागरिकों को बधाई दी। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि संस्कृत भारत की ज्ञान परंपरा, संस्कृति और चेतना का आधार है और यह भाषा जितनी प्राचीन है, उतनी ही वैज्ञानिक भी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत में लिखे गए वेद, उपनिषद और शास्त्र सदियों से मानवता को ज्ञान के रास्ते पर ले जा रहे हैं। शाह ने उन सभी विद्वानों और शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया, जिन्होंने संस्कृत भाषा को संरक्षित करने और इसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाने में अविस्मरणीय योगदान दिया है।*

जनता साथ हो तो सारी जंग जीतना आसान होगा

शाह ने कहा कि मैंने कहा कि साहब आप ऐसा प्रयोग करने जा रहे हैं जो विफल होगा। इतनी सारी घोषणाओं के बाद भी लोग निकलते हैं। दूसरे दिन सुबह आठ बजे से दूसरे दिन 8 बजे तक देश में पूरा रोड सुनसान था, कोई भी नहीं निकला और तब उन्होंने उनकी टीम को भरोसे से कहा था कि हम जीत जाएंगे। अगर जनता लड़ने को तैयार है तो हमें कोई नहीं रोक सकता है। फिर जब कोरोना खत्म हो गया तो हम लोग विश्लेषण करने के लिए बैठे कि हमने क्या खोया क्या पाया।

दुनिया के 70 देशों को कोरोना की वैक्सीन भेजी

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कोविड वैक्सीन का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि कई सारी वैक्सीन ऐसी थी कि जो पश्चिम के देशों में आने के बाद 23 साल, 36 साल और 42 साल के बाद भारत में आई थी जब उनको कोई जरूरत नहीं थी। कोरोना में भारत सबसे पहले वैक्सीन बनाने वाले तीन देशों में शामिल था। हमने ना केवल भारत में दिया बल्कि दुनिया के 70 देशों में वैक्सीन भेजकर उनको बचाने का काम किया।

सुप्रिया ने आदेश जारी किए

कांग्रेस ने पांच राज्यों में चुनावी गतिविधियों के समन्वय के लिए सोशल मीडिया पदाधिकारियों को किया तैनात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आगामी चुनावों से जुड़ी गतिविधियों को लेकर कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया विभाग में पांच राज्यों के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की हैं। कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने इस संबंध में आदेश जारी किया। आदेश के तहत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में आगामी चुनाव संबंधी सोशल मीडिया गतिविधियों के समन्वय के लिए राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को तैनात किया गया है।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय संयोजक प्रणव और पांडेय तो उत्तराखंड में गुप्ता और सिंह को दी गई जिम्मेदारी

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय संयोजक प्रणव वच्छराजानी और राष्ट्रीय समन्वयक आयुष पांडेय को जिम्मेदारी दी गई है। आयुष पांडेय वर्तमान में उत्तर प्रदेश के प्रभारी के तौर पर भी काम कर रहे हैं। उत्तराखंड के लिए राष्ट्रीय समन्वयक संदीप गुप्ता और राष्ट्रीय समन्वयक अक्षय सिंह को नियुक्त किया गया है। वहीं पंजाब में राष्ट्रीय समन्वयक अमरजीत सिंह और राष्ट्रीय समन्वयक अभय तिवारी को चुनाव संबंधी सोशल मीडिया गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमरजीत सिंह वर्तमान में पंजाब के प्रभारी हैं। गोवा में राष्ट्रीय समन्वयक विपिन यादव और राष्ट्रीय समन्वयक अभिषेक महानंदा को जिम्मेदारी दी गई है। मणिपुर में राष्ट्रीय समन्वयक सुमित दुबे को आगामी चुनाव संबंधी सोशल मीडिया गतिविधियों के समन्वय के लिए नियुक्त किया गया है। सुमित दुबे वर्तमान में मणिपुर के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।कांग्रेस ने इन नियुक्तियों की जानकारी पार्टी के संगठन प्रभारी महासचिव, संचार प्रभारी महासचिव, संबंधित राज्यों के प्रभारी महासचिव एवं राज्य कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों और विधायक दल के नेताओं को भी भेजी है। इसी प्रकार पार्टी के इस कदम को आगामी चुनावों के मद्देनजर सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत करने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस ने इन राज्यों में चुनाव संबंधी गतिविधियों के दौरान सोशल मीडिया अभियान, डिजिटल संचार और पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

लद्दाख में होगी अब हाई कोर्ट की बेंच, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

कानूनी सशक्तिकरण का मजबूत भरोसा होगा

पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को न्याय मिलना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लद्दाख के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों और मुकदमों के मुवक्किलों के लिए न्याय पाना अब बेहद आसान और सुलभ होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख साझा हाई कोर्ट की नियमित बेंच (पीठ) के आयोजन का रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया है।

गुरुवार को राष्ट्रपति की ओर से जारी किए गए इस नए नियम के तहत अब लद्दाख के वादकारियों

(मुकदमेबाजों) को सुनवाई के लिए श्रीनगर या जम्मू के चक्कर काटने से बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय न केवल न्यायिक सुगमता की दिशा में एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव है, बल्कि सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को उनके अधिकारों के प्रति सुरक्षा और कानूनी सशक्तिकरण का मजबूत भरोसा भी दिलाता है।

संवैधानिक शक्तियों का किया उपयोग

राष्ट्रपति ने 'द यूनियन टेरिटरी ऑफ लद्दाख (सिटिंग ऑफ बेंच ऑफ द हाई कोर्ट ऑफ जम्मू एंड कश्मीर, एंड लद्दाख इन लद्दाख) रेगुलेशन, 2026' को मंजूरी दे दी है। यह विनियमन संविधान के अनुच्छेद 240 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 58(2) के तहत जारी किया गया है। यह विनियमन लद्दाख में साझा हाई कोर्ट की एक पीठ के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री जनधन योजना के 12 साल पूरे

59 करोड़ से अधिक खाते खुले, वित्तीय समावेशन को मिली नई ताकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनधन योजना के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे वित्तीय समावेशन और जन सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया है।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि जनधन योजना ने पिछले 12 वर्षों में अभूतपूर्व विस्तार और परिवर्तनकारी परिणाम हासिल किए हैं। इस योजना का देशभर में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल

प्रधानमंत्री ने जनधन योजना को दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना लगातार सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को नए रूप में परिभाषित कर रही है। योजना के विस्तार से समाज के ऐसे वर्गों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिला है, जो लंबे समय तक इससे बाहर रहे थे।

2014 में हुई थी योजना की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य देश के उन लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना था, जो अब तक बैंक खाते और अन्य औपचारिक वित्तीय सेवाओं से वंचित थे। योजना के तहत लोगों को बैंक खाता खोलने के साथ बचत, धन हस्तांतरण, बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में 78 प्रतिशत खाते

जनधन योजना के तहत खोले गए खातों का बड़ा हिस्सा ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, करीब 78 प्रतिशत जनधन खाते ग्रामीण अथवा अर्धशहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इससे स्पष्ट है कि योजना का विस्तार महानगरों और बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गांवों और छोटे शहरों तक भी बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ी है।

महिलाओं की भागीदारी भी महत्वपूर्ण

जनधन योजना की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि महिलाओं की बैंकिंग व्यवस्था में बढ़ती भागीदारी है। योजना के तहत खोले गए कुल खातों में लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इससे महिलाओं की औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भागीदारी बढ़ने और उनके आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलने का संकेत मिलता है।

चीनी मिलों को सितंबर से पखवाड़े के आधार पर बिक्री कोटा दिया जाएगा

देश में चीनी की कोई कमी नहीं कीमतों में नरमी आईः केंद्र सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कृत्रिम किल्लत रोकने के लिए सितंबर से मिलों को पखवाड़े के हिसाब से बिक्री कोटा दिया जाएगा। फिलहाल खाद्य मंत्रालय चीनी मिलों को बिक्री के लिए मासिक कोटा आवंटित करता है। चीनी की खुदरा कीमतों में नरमी आनी शुरू हो गई है और मिल स्तर पर कीमतें कुछ दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट चुकी हैं। मिलों ने घोषित मात्रा से अधिक भंडारण किया। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि वह चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर करीबी नजर रख रहा है तथा देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। बयान के मुताबिक, चीनी मिलों में मौजूद स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया गया। इसमें कुछ मिलों के पास मासिक रिटर्न में घोषित मात्रा से अधिक भंडार पाया गया, जबकि कुछ मिलों ने उन्हें आवंटित मासिक कोटे से कम चीनी बेची।

तबाही के जख्म

ड्रोन से ली गई तस्वीर में नुवाकोट जिले के देवीघाट गांव में बाढ़ के मलबे से तबाही का मंजर

रसुवा हाइड्रोपावर सुरंग में फंसे व्यक्ति को निकालता नेपाल सेना का जवान

विनाशकारी बाढ़ से गुमसुम नेपाल

आपदा के बाद बालेन शाह ने बुलाई कैबिनेट की आपात बैठक, राहत कार्यों में 'बचाव' के निर्देश

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल के पीएम बलेंद्र शाह ने शुक्रवार को सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। यह बैठक 26 अगस्त को रसुवा के भोटेकोशी क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए थी। इसमें बचाव, राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) नेपाल ने यह जानकारी दी। नेपाल इस प्राकृतिक विपदा में 26 अगस्त को तिब्बत-नेपाल सीमा पर अचानक आई बाढ़ के कारण के कारण फंसा। इसने भोटे कोशी और त्रिशूली नदी प्रणालियों में पानी, गाद और पत्थरों का शक्तिशाली बहाव भेजा, जिससे व्यापक तबाही हुई।

सेना के दो और निजी क्षेत्र के हेलिकॉप्टर से बचाव में जुटे

कैबिनेट की बैठक लेते पीएम बालेन शाह

रसुवा हाइड्रोपावर सुरंग में चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

नेपाल के रसुवा जिले में आई इस बाढ़ के कारण एक बड़ी जलविद्युत परियोजना की सुरंग में कई श्रमिक फंस गए हैं। पीएमओ ने बताया कि नेपाली सेना ने बाढ़ के बाद रसुवा में एक जलविद्युत परियोजना की सुरंग के अंदर फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया है। सेना ने अब तक सुरंग से दो लोगों को सुरक्षित बचाया है। नेपाली सेना ने शुक्रवार सुबह से ही इन फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए एक बेहद जटिल बचाव अभियान शुरू किया है। इस खतरनाक काम के लिए सेना की एक विशेष टीम को तकनीकी उपकरणों और विशिष्ट प्रशिक्षण के साथ सुरंग में उतारा गया है। बेहद कठिन रास्तों और खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद, सेना की टीम ने अब तक दो श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

80 पुल और 42 किमी सड़क आपदा में ध्वस्त

नेपाल के भोटे कोशी और त्रिशूली नदी क्षेत्रों में ऊंची चोटियों से उतरी आपदा अपने पीछे भयावह तबाही और बर्बादी का मंजर छोड़ गई है। त्रिशूली बाजार और उसके आसपास लगभग 60 घर बह गए हैं, जबकि त्रिशूली नदी पर बने दो मोटर योग्य पुल भी बह गए। पास के देवीघाट क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, बाढ़ से परिवहन ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। इसके तहत 35 मोटर योग्य पुल, 45 सस्पेंशन ब्रिज और लगभग 40 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कई स्थानों पर वाहन बह गए या मलबे के नीचे दब गए।

अस्थाई राहत शिविर में आपदा पीड़ित

नवजात शिशुओं को बचाया

लापता लोगों को तलाशते परिजन

गंडक नदी में मिले तीन शव

नेपाल में आई भीषण बाढ़ का गंभीर असर अब गंडक नदी के रास्ते भारतीय क्षेत्र में भी साफ दिखाई देने लगा है। गुरुवार के दिन निचलौल क्षेत्र के टेलफाल के समीप गंडक नदी में अचानक तीन शव तैरते मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसबी, एसडीआरएफ और निचलौल पुलिस की संयुक्त टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तेज बहाव के बीच एसएसबी की टीम ने मोटरबोट की मदद से तीनों शवों को गंडक नदी से बाहर निकालकर किनारे पहुंचाया। नदी से बरामद किए गए तीनों शवों में दो महिलाओं और एक पुरुष के शामिल होने की आधिकारिक जानकारी सामने आई है

यूपी में गंडक समेत अन्य नदियों की निगरानी, दो जिले हाई अलर्ट पर

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बाद यूपी के महाराजगंज और कुशीनगर जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। यूपी प्रशासन ने गंडक सहित नेपाल से आने वाली अन्य नदियों की निगरानी बढ़ा दी है। यूपी सरकार ने बचाव और राहत कार्यों के लिए नेपाल में 32 सदस्यीय एडीआरएफ प्लाटून और 22 पीएसी कर्मियों को भेजा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, राप्ती और घाघरा जैसी नदियां चेतावनी स्तर के करीब या ऊपर बह रही हैं। बिहार के माधोपुर में राप्ती का जलस्तर 124.54 मीटर, बढ़ रहा पानी। बलिया में घाघरा नदी चेतावनी स्तर 63.01 मीटर से ऊपर 64.06 मीटर पर बह रही थी। वाल्मीकिनगर बैराज के सभी 36 गेट खोल दिए गए हैं।

खबर संक्षेप

आरोपः इमरान को मारने के प्रयास जारी

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व पीएम और दिग्गज क्रिकेटर इमरान खान के बेटों सुलेमान और कासिम ने अपने पिता की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इन्होंने कहा कि इमरान को जेल में मारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पाक सरकार उन्हें वहां जितनी लंबी अवधि तक हो सके रखना चाहते हैं और वे यही चाहते हैं कि बस उनकी आवाज हमेशा के लिए चुप करा दी जाए। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दौरान इमरान के दोनों बेटों ने यह बात कही।

मलाला की किताब पढ़ने के दौरान हमला, 3 अरेस्ट

अहमदाबाद। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई की आत्मकथा 'आई एम मलाला' के पठन सत्र के दौरान हमले की खबर है। यह हमला गुजरात के अहमदाबाद शहर में गुरुवार शाम को वस्त्रपुर गार्डन में हुआ था। वस्त्रपुर पुलिस थाने की इंस्पेक्टर जी एम चौधरी ने बताया कि करीब 20 लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, सार्वजनिक उद्यान में पढ़ने के लिए जमा हुए थे। 18 से 20 लोगों के एक सशस्त्र समूह ने उन्हें रोका।

भारत और कनाडा के वित्त मंत्रियों के बीच पहली आर्थिक और वित्तीय चर्चा पूरी

बीआईटी पर वार्ता को हरी झंडी, 2030 तक 4.65 लाख करोड़ कारोबारी लक्ष्य

बैठक के बाद भारत ने कनाडा के साथ जल्द से जल्द 'द्विपक्षीय निवेश संधि' (बीआईटी) पर बातचीत शुरू करने की इच्छा जताई है। यह रणनीतिक कदम निवेश संबंधों को मजबूत करेगा

एजेंसी ⏭ टोरंटो

भारत और कनाडा के बीच आर्थिक संबंधों में नया अध्याय जुड़ रहा है। नई दिल्ली में मार्च 2026 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की बैठक की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के वित्त मंत्रियों के बीच पहली आर्थिक और वित्तीय वार्ता संपन्न हुई। बैठक के बाद भारत ने कनाडा के साथ जल्द से जल्द 'द्विपक्षीय निवेश संधि' (बीआईटी) पर बातचीत शुरू करने की इच्छा जताई है। यह रणनीतिक कदम निवेश संबंधों को मजबूत करेगा और वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को 70 अरब कनाडाई डॉलर यानी करीब 4.65 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस वार्ता का मुख्य ध्यान दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाना और निवेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना रहा। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को बढ़ाकर 70 अरब कनाडाई डॉलर (करीब 4.65 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया है। यह महत्वपूर्ण कदम मार्च 2026 में नई दिल्ली में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक की प्रतिबद्धताओं पर आधारित है। दोनों पक्षों ने वर्ष 2026 के अंत तक 'कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता' (सीईपीए) वार्ता को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

- इस साल के अंत तक सीईपीए वार्ता को पूरा करेंगे
- आर्थिक सहयोग और निवेश नई ऊंचाई पर ले जाएंगे

निर्मला सीतारमण और फ्रांसिस-फिलिप शैम्पेन

वित्तीय संस्थानों के बीच बढ़ेगी साझेदारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कनाडा के वित्त मंत्री फ्रांसिस-फिलिप शैम्पेन ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और अपनी घरेलू नीतिगत प्राथमिकताओं पर चर्चा की। वार्ता में भारतीय बाजार में कनाडाई पेंशन फंडों की बड़ी मौजूदगी को रेखांकित किया गया और वित्तीय संस्थानों के बीच साझेदारी बढ़ाने पर बात हुई। दोनों पक्षों ने निवेशकों के लिए स्थिर और निश्चित घरेलू कर कानूनों की आवश्यकता को महत्वपूर्ण माना।

कनाडा में भारत के यूपीआई का विस्तार होगा

संवाद में भुगतान प्रणालियों के आधुनिकीकरण, वित्तीय स्थिरता, फिनटेक इनोवेशन और वित्तीय अपराधों से निपटने पर सहयोग की रूपरेखा तैयार की गई। इसमें सबसे बड़ा कदम कनाडा में भारत के 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) के विस्तार का स्वागत करना है। इसके लिए स्थानीय भुगतान सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी की जाएगी, जिससे सीमा पार प्रेषण (रेमिटेंस) तेज और सस्ता होगा। इसका लाभ दोनों देशों के बीच पर्यटन, शिक्षा, व्यापार और छोटे व मध्यम स्तर के उद्यमों (एमएसएमई) को मिलेगा।

दोनों देश इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान

- **निवेश और पेंशन फंडः** भारतीय बाजार में कनाडाई पेंशन फंडों की भागीदारी को और बढ़ावा दिया जाएगा।
- **क्रिटिकल मिनरल्सः** महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जाएगा।
- **डिजिटल पेमेंट (यूपीआई):** कनाडा में भारतीय यूपीआई के विस्तार से सीमा पार भुगतान और व्यापार बेहद आसान होगा।
- **तकनीक और ऊर्जाः** ऊर्जा, एआई (एआई) और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में साझेदारी के अवसर तलाशे जाएंगे।

अभी द्विपक्षीय व्यापार 8 अरब अमेरिकी डॉलर

वर्ष 2025-26 में भारत-कनाडा द्विपक्षीय वस्तु व्यापार लगभग 8 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा है, जिसमें भारत का निर्यात 4.67 अरब डॉलर और आयात 3.28 अरब डॉलर था। इसे देखते हुए 2030 तक इसे 4.65 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस यात्रा के दौरान कनाडाई कंपनियों के साथ ऊर्जा, एआई और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में चर्चा कर रही हैं। इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अगली आर्थिक और वित्तीय वार्ता वर्ष 2027 में आयोजित की जाएगी, जहां इसकी प्रगति की समीक्षा होगी।

भारत की सैन्य ताकत और मजबूत होगी

अमेरिका से मिलेगी टैंक नाशक मिसाइल प्रणाली

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत अमेरिका के साथ टैंक नाशक गाइडेड जेवलिन मिसाइल प्रणाली की खरीद करने के लिए तैयार है। इस संबंध में भारतीय सेना ने विदेशी सैन्य खरीद (एफएमएस) के तहत स्वीकृति पत्र (लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उधर, अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने इस समझौते की कुल लागत 45.7 मिलियन डॉलर की बताई है। जैवलिन मिसाइल फायर एंड फॉरगेट यानी दागो और भूल जाओ के सिद्धांत पर काम करने वाली एक पोर्टेबल और मध्यम दूरी की एक मिसाइल है। जिससे दूरी से भी दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों पर निशाना लगाया जा सकता है। 25 से 30 किलो वजनी, लगभग 2.5 किमी तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल को जवान अपने कंधे पर रखकर भी लक्ष्य पर निशाना लगा सकता है, जिसमें यह 60 से 70 मीटर की ऊंचाई तक जाती है।

सर्जियो गोर

सर्जियो गोर ने बताया शानदार कदम

इस मुद्दे को लेकर राजधानी में तैनात अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट की थी। जिसमें उन्होंने इस प्रक्रिया को दोनों देशों के बीच पहले के बजाय मौजूदा दौर में और अधिक प्रगाढ़ होते रक्षा संबंधों का प्रमाण बताया है। बकौल गोर, 'बड़ी खबर! भारत युद्ध में इस्तेमाल होने वाली एंटी-टैंक मिसाइल जैवलिन मिसाइल की अमेरिका से खरीद की योजना बना रहा है। इस संबंध में मौजूदा साल के मई महीने में अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शांगरी-ला संवाद में जानकारी दी थी। भारत, अमेरिका रक्षा संबंधों के मामले में यह एक शानदार कदम है।

सहयोग के नए रास्ते खुले

अमेरिका की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के मध्य लंबे समय से चली आ रही साझेदारी और अधिक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होती है। इसकी मदद से भारत, अमेरिका के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के नए मार्ग खुलते हैं। ऐतिहासिक समझौते को लेकर किए गए भारत की सेना के हस्ताक्षर अमेरिका द्वारा उसे प्रदान किए जाने वाले समर्थन की गहराई को प्रदर्शित करता है। जिससे दोनों के बीच पारस्परिक आधार पर लाभप्रद सह-उत्पादन व रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाने के अन्य अवसरों को लेकर संवाद करने का रास्ता खुलता है।

नई प्रौद्योगिकियों से काम आसान होगा, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे

उपराष्ट्रपति ने किया 'ज्ञानी अर्थ' का शुभारंभ स्वदेशी एआई क्षमताओं को बताया आवश्यक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति भवन में 'ज्ञानी अर्थ' का शुभारंभ किया। यह ज्ञानी एआई द्वारा विकसित एक स्वतंत्र एआई स्टैक है, जिसमें इवोन 3.3 और प्लेक्सस तकनीक शामिल हैं। इवोन 3.3 एक बड़ा भाषा मॉडल है, जबकि प्लेक्सस एआई की बुद्धिमत्ता को वास्तविक दुनिया के कार्यों और संस्थानों से जोड़ने वाला प्लेटफॉर्म है। उपराष्ट्रपति ने 'ज्ञानी अर्थ' के शुभारंभ का स्वागत करते हुए कहा कि इवोन 3.3 और प्लेक्सस का संयोजन भारत के तेजी से मजबूत हो रहे प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को दर्शाता है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय इंजीनियर अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करने के साथ-साथ उनका निर्माण करने में भी सक्षम हैं।

आईटी क्षेत्र ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि टाइपराइटर के दौर और सीमित कंप्यूटर उपयोग से लेकर आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बड़े भाषा मॉडल के युग तक तकनीक ने लंबी यात्रा तय की है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर आने के समय रोजगार खत्म होने की आशंकाएं जताई गई थीं, लेकिन इसके विपरीत आईटी क्षेत्र ने भारत और दुनिया में रोजगार के अनेक नए अवसर पैदा किए।

समझौते को दिया गया अर्ली हार्वेस्ट नाम, 2027 में भारत में होगी एसआर स्तर की अगली बैठक

इसके लिए वर्ष 2005 में हस्ताक्षर किए गए समझौते को आधार बनाया जाएगा

भारत-चीन 8 सूत्रीय समझौते से निकालेंगे सीमा निर्धारण के मसले का जल्द समाधानः जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच इस सप्ताह मंगलवार को बीजिंग में हुई विशेष प्रतिनिधियों के (एसआर) स्तर की 25 वीं बैठक का महत्वपूर्ण और विस्तृत परिणाम वह आठ सूत्रीय 'अर्ली हार्वेस्ट' समझौता है। जिसके मार्फत अब दोनों देश सीमा निर्धारण (डिलिमिटेशन) के मामले का जल्द और ठोस समाधान निकालने के लिए राजी हो गए हैं। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्ष 2005 में हस्ताक्षर किए गए समझौते को आधार बनाया जाएगा। दोनों पक्ष सीमाई विवाद के निष्पक्ष, तर्कसंगत और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर वार्ता करने के लिए भी तैयार हैं।

यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।

समझौते में शामिल 8 बिंदुओं का सार

- सीमा क्षेत्रों में शांति, स्थिरता कायम रखना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों व स्थिर विकास के लिए जरूरी है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए शीर्ष राष्ट्राध्यक्षों के मार्गदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- भविष्य की बातचीत 2005 के समझौते में तय राजनीतिक मानदंडों, मार्गदर्शक सिद्धांतों व बाद की एसआर वार्ताओं में बनी सहमति के तहत की जाएगी।
- सीमा मामलों पर परामर्श, समन्वय के लिए गठित डब्ल्यूएमसीसी के तहत दो समूह बनाए जाएंगे। पहला सीमा निर्धारण पर विशेषज्ञ समूह और दूसरा सीमा प्रबंधन पर कार्य समूह होगा। शुरुआत में दोनों अपने-अपने कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारियां तय करेंगे। बाद में आगे का कार्य किया जाएगा।
- एलएसी पर गलतफहमी या किसी भी लंबित मुद्दे को मौजूदा कूटनीतिक-सैन्य माध्यमों से तुरंत हल करने की कोशिश की जाएगी।
- सीमा प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए दोनों सैन्य अधिकारियों की बैठकों के लिए 2 अतिरिक्त बैठक स्थल बनाए जाएंगे।

सुरक्षा को बनाए रखने को प्रतिबद्ध भारत

रणधीर ने ब्रीफिंग में कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए हैं। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए मक्का समझौते को लेकर बांग्लादेश के विदेश मंत्री के बयान को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा, हम लगातार अपने पड़ोस में होने वाले सभी घटनाक्रमों पर पैनी नजर बनाए रखते हैं।

रोमांचक फाइनल में जीत के साथ अपने नाम किए 1.91 करोड़ रुपए

'प्रज्ञाना' ने 6 अंक पिछड़ने के बाद रचा इतिहास, कारुआना को दी मात

ग्रैंड शतरंज टूर जीतने वाले पहले भारतीय बने प्रज्ञानानंदा

अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर में प्रज्ञानानंदा की जगह पक्की

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यहां ग्रैंड फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराया। प्रज्ञानानंदा ने कारुआना से 6 अंक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की।

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय खिलाड़ी ने आखिर में कारुआना को 15-13 से हराकर अपना पहला जीसीटी खिताब जीता और पुरस्कार राशि के रूप में 200,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग एक करोड़, 91 लख रुपए) अपने नाम किए। इस तरह से प्रज्ञानानंदा, कारुआना और एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर में जगह पक्की कर दी। वेस्ली ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को 18-12 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

रैपिड राउंड जीतना महत्वपूर्ण : प्रज्ञानानंदा

प्रज्ञानानंदा ने जीत के बाद कहा, 'सच कहूं तो, मुझे नहीं लगता था कि आज मेरे पास जीतने के ज्यादा मौके हैं। ऐसा हर दिन नहीं होता। आप फैबी (कारुआना) से एक गेम जीत सकते हैं लेकिन रैपिड राउंड में दो गेम जीतना महत्वपूर्ण था।'

प्रज्ञानानंदा ने की शानदार वापसी

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद से प्रशिक्षण लेने वाला चेन्नई का यह 21 वर्ष का खिलाड़ी दिन की शुरुआत में छह अंक से पीछे था लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी की तथा दोनों रैपिड गेम (प्रति गेम विजेता को चार अंक) जीतकर दो अंकों की बढ़त बना ली। इसके बाद खेले गए चार ब्लिट्ज मैचों में मुकाबला बराबरी का रहा, जिसमें प्रज्ञानानंदा और कारुआना ने एक-एक मैच जीता जबकि शेष दो मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से रैपिड राउंड के आखिर में मिली दो अंकों की बढ़त भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक साबित हुई।

ड्रॉ करके खिताब अपने नाम किया

ब्लिट्ज सेक्शन का पहला गेम ड्रॉ रहा, जिसके बाद कारुआना ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। प्रज्ञाननंदा ने हालांकि तीसरा गेम जीत कर फिर से दो अंक की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने अगला गेम ड्रॉ करके खिताब अपने नाम कर दिया। प्रज्ञानानंदा इस साल की शुरुआत में नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इस दौरान उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार मैग्नस कार्लसन को दो बार हराया था।

अविश्वसनीय सीजन का समापन

ग्रैंड शतरंज टूर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'प्रज्ञाननंदा को पहली बार ग्रैंड शतरंज टूर का खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। एक रोमांचक फाइनल मैच में फैबियानो कारुआना को हराकर प्रज्ञानानंदा ने एक अविश्वसनीय सीजन का समापन किया और अपने करियर में पहली बार जीसीटी का खिताब अपने नाम किया।' उसने कहा, 'क्या शानदार वापसी थी। क्या जबरदस्त मुकाबला था। चैंपियन बनने का इससे शानदार तरीका और नहीं हो सकता।'

यूएस ओपन: विमेंस सिंगल्स मेन ड्रॉ के टॉप हाफ में सबालेंका, पेगुला और नोस्कोवा

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका के साथ टॉप-सीडेड अमेरिकी जेसिका पेगुला और 2026 विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को यूएस ओपन 2026 के 'विमेंस सिंगल्स' ड्रॉ के टॉप हाफ में रखा गया है।

वहीं, यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ (2023) और इगा स्वियातेक (2022) बॉटम हाफ में हैं, उनके साथ 2026 ग्रैंड स्लैम चैंपियन मीरा एंड्रीवा और एलेना रायबाकिना भी शामिल हैं। सबालेंका अपने अभियान की शुरुआत कोलंबिया की वर्ल्ड नंबर 58 कैमिला ओसोरियो के खिलाफ करेंगी, जबकि दूसरी सीड वाली रायबाकिना पहले राउंड में अमेरिका की 580वीं रैंक वाली थिया फ्रोडिन से भिड़ेंगी।

पेगुला, गॉफ और अनिसिमोवा के पास आगे बढ़ने का मौका

टॉप अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला, गॉफ और अनिसिमोवा सभी के पास यूएस ओपन 2026 में आगे बढ़ने का मौका है। अब ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि पिछले साल यूएस ओपन में अनिसिमोवा के बाद से कोई भी अमेरिकी महिला खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम फाइनल में नहीं पहुंच पाई हैं। अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहीं पेगुला क्वार्टर फाइनल में मुचोवा या नंबर 9 एलिना स्वितोलिना से भिड़ सकती हैं। ड्रॉ के निचले हिस्से में होने के कारण, अनिसिमोवा और हाल ही में सिनसिनाटी चैंपियन बनीं गॉफ क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने हो सकती हैं। अगर सब कुछ सही रहा, तो नंबर 3 पेगुला और नंबर 4 गॉफ फाइनल में भी मिल सकती हैं।

खबर संक्षेप

महिला आयरिश ओपन प्रणवी की शानदार शुरुआत

स्ट्राफन। प्रणवी उर्स ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में शानदार शुरुआत करते हुए तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया लेकिन अन्य भारतीय खिलाड़ियों दीक्षा डागर, अवनी प्रशांत और त्वेसा मलिक पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। प्रणवी ने 10वें होल से शुरुआत की। उन्होंने 10वें, 16वें और 17वें होल पर बर्डी बनाई और फिर पहले होल पर एक और बर्डी जोड़ी। उन्होंने प्रणवी ने आठवें होल पर अपना एकमात्र शॉट गंवाया। वर्तमान में एलईटी रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज दीक्षा और त्वेसा दोनों ने 74 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 69वें स्थान पर हैं। कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अवनी प्रशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने सात ओवर में 79 का स्कोर बनाया।

बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश फाइनल में सेंथिलकुमार

बुडापेस्ट। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल मुकाबले में अपने हमवतन वीर चोटरानी को हराकर हंगरी की राजधानी में चल रहे 43,500 अमेरिकी डॉलर के पीएसए कॉपर टूर्नामेंट बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में सेंथिलकुमार का मुकाबला स्थानीय खिलाड़ी बालाज फरकास से होगा। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने तीसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी को 9-11, 11-8, 11-7, 1-11, 12-10 से हराकर अपने 15वें पीएसए टूर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के विश्व के नंबर 18 और शीर्ष वरीयता प्राप्त ईन यो एनजी को 11-2, 11-9, 11-8 से हराया था।

डायमंड लीग : फाइनल में खेलेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिता की सीरीज के केवल दो टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के बावजूद 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

चोपड़ा ने 19 जून को दोहा और 21 अगस्त को लुसाने में हुई डायमंड लीग में क्रमशः दूसरा स्थान हासिल करके 12 अंक जुटाए। इसके साथ वह अंक तालिका में छठे स्थान पर रहे और ब्रसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे, जिसमें विजेता सीधा चैंपियन बनता है।

ज्यूरिख में अंक तालिका की गई अपडेट

ज्यूरिख में सीरीज के 14वें और आखिरी चरण के समाप्त होने के बाद अंक तालिका अपडेट की गई। इस साल हुई 14 डायमंड लीग प्रतियोगिता में से पांच में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, लेकिन नीरज चोपड़ा ने इनमें से केवल दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। अठाईस वर्षीय चोपड़ा चोट से उबरने के बाद वापसी की राह पर हैं, उन्हें पिछले साल सितंबर से कमर के निचले हिस्से में लगी चोट परेशान कर रही थी। इस चोट के कारण उनकी वापसी में देरी हुई और उन्होंने दोहा डायमंड लीग में वापसी की।



- डब्ल्यूए अल्टीमेट चैंपियनशिप में जगह बनाने की दौड़ में
- 05 सितंबर को ब्रसेल्स में होगा टूर्नामेंट

ब्रसेल्स में दो दिन तक होगा फाइनल

डायमंड लीग फाइनल ब्रसेल्स में दो दिन तक आयोजित होगा, जिसमें 4 सितंबर को 16 स्पर्धाएं होंगी जबकि बाकी 16 स्पर्धाएं अगले दिन आयोजित की जाएंगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पांच सितंबर को होगी। विजेता को ट्रॉफी के साथ कम से कम 30,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। वहीं आठवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 1,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अगर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को डायमंड 'प्लस' स्पर्धाओं में चुना जाता है तो विजेता को 60,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश पथिरागे 39 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर हैं। ऐसे में उन्हें ब्रसेल्स में डायमंड लीग की ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

लॉर्ड्स टेस्ट : इंग्लैंड की पहली पारी 290 पर सिमटी, अब्बास ने चटकाए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| लॉर्ड्स

पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के पहले सत्र में इंग्लैंड की पहली पारी 290 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए।

दूसरे दिन के खेल की शुरुआत इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 248 रन से की। गस एटकिंसन और जोश टंग की जोड़ी ने 10वें विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 290 तक पहुंचाया। एटकिंसन 46 गेंदों पर 45 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। टंग 48 गेंदों पर 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

पहले दिन इंग्लैंड की शुरुआत खराब

पहले दिन टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 77 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि टीम 200 का आंकड़ा शायद पार न करे, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए जॉर्डन कॉक्स ने 55 और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए

विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 61 रन की पारी खेल टीम को संभाला था। बेन डकेट 17, एमिलियो गे 8, कप्तान रुट 4, हैरी बूक 15, डैन लॉरेंस 17 और जोफ्रा आर्चर 14 रन बनाकर आउट हुए।

योहान ने गुआर्डा एफसी के साथ किया करार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पुर्तगाल के फुटबॉल क्लब गुआर्डा एफसी ने मुंबई में जन्में भारतीय युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योहान बेंजामिन के साथ दो साल का करार किया है। हालांकि यह अनुबंध अंतरराष्ट्रीय मंजूरी और वीजा प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

योहान के यूरोपीय फुटबॉल करियर में यह करार एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, यह गुआर्डा एफसी के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें वह भारत, एशिया और अन्य उभरते फुटबॉल बाजारों की युवा प्रतिभाओं को यूरोपीय फुटबॉल में आगे बढ़ने का मौका देना चाहता है।

यूरोप में मेरे सफर का अहम कदम

योहान बेंजामिन ने कहा, 'गुआर्डा एफसी के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यूरोप में मेरे सफर में यह एक और अहम कदम है। मुझे इस स्तर पर आगे बढ़ने, मुकाबला करने और खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। मुझ पर भरोसा करने और मौका देने के लिए मैं क्लब का आभारी हूं।' मिडफील्डर योहान ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत फुटबॉल स्कूलों और अकादमियों से की, जिसमें कॉनशिएंट फुटबॉल मुंबई, बेंगलोर फुटबॉल अकादमी और मिनर्वा फुटबॉल अकादमी शामिल हैं।

सितंबर में 4 टी20 और 2 वनडे खेलेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली। श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से जीतने के बाद भारतीय टीम सितंबर 2026 में केवल लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में खेलती दिखेगी। सितंबर में उसे 4 टी20 मैच और 2 वनडे खेलने हैं। 17 दिन के ब्रेक के बाद भारतीय टीम 13 सितंबर को मैदान पर उतरेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ उसे 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।

इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के दो मैच सितंबर में होंगे। इसी दौरान जापान में एशियन गेम्स भी आयोजित होगा, जिसके क्वार्टर फाइनल मैच 28 सितंबर से शुरू होंगे। भारत-अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 13 से 17 सितंबर के बीच खेला जाएगा। अफगानिस्तान इस सीरीज का मेजबान है।भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 27 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी।

ला लीगा: बार्सिलोना ने बिलबाओ को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

ला लीगा 2026/27 सीजन की शुरुआत एफसी बार्सिलोना के लिए शानदार रही है। पहले मैच में जीत दर्ज करने के बाद बार्सिलोना ने दूसरे मुकाबले में कैंप नोउ में एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया। एफसी बार्सिलोना के लिए राफिन्हा (37वें मिनट) और फर्मिन लोपेज (82वें मिनट) ने शानदार गोल करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रतिद्वंद्वी एथलेटिक बिलबाओ की टीम एक भी शॉट टारगेट पर नहीं मार पाई। लामिन यमल ने 15 मिनट बाद एथलेटिक के गोलकीपर उनाई साइमन की परीक्षा ली।

- राफिन्हा-लोपेज ने दागे गोल

बार्सिलोना का बॉल पर कब्जा अधिक

बार्सिलोना का बॉल पर कब्जा अधिक होने के बावजूद, कैटलन क्लब को पेड्री के एक बेहतरीन मूव की जरूरत पड़ी, जिससे राफिन्हा को गोल करने का मौका मिला और ब्राजील के खिलाड़ी ने शानदार अंदाज में गोल दागा। साइमन ने दूसरे हाफ में कई शानदार बचाव किए, लेकिन 82वें मिनट में वह बार्सिलोना का दूसरा गोल नहीं रोक सके। स्पेनिश खिलाड़ी एमेरिक लापोर्टे की गलती का फायदा उठाते हुए लोपेज ने सीजन का अपना तीसरा गोल किया और बार्सिलोना की बढ़त 2-0 कर दी। मैच में सेल्टा विगो ने अच्छी शुरुआत की। इयागो एस्पस ने शुरुआती गोल करके अपनी टीम को ओसासुना के खिलाफ घरेलू मैदान पर बढ़त दिला दी।

दिनुशा का अभावों से शिखर तक का सफर

बहन ने उधार लेकर दिलाया था पहला बल्ला

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत से वंचित करने वाले श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुशा को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा और यहां तक कि उनके लिए पहला बल्ला उनकी बहन ने पैसे उधार लेकर खरीदा था। यह क्रिकेटर अपने खेल के प्रति कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने दूसरे टेस्ट में भारत की संभावित जीत को अकेले दम पर टालने के कुछ ही घंटों के भीतर नेट पर अभ्यास करना चाहा। जश्न मनाना उस श्रीलंकाई खिलाड़ी के लिए कोई मायने नहीं रखता था, जिन्होंने अपने जीवन की कठोर वास्तविकताओं से ध्यान हटाने के लिए खेल को चुना था।

स्वीप शॉट का किया शानदार नमूना पेश

भारत के खिलाफ टेस्ट मैच शुरू होने से कुछ दिन पहले दिनुशा ने प्रियांजन को फोन किया था। प्रियांजन ने कहा, 'उसने कहा, 'सर, भारत के पास हर तरह के स्पिनर हैं। हमें अच्छी तैयारी करनी होगी।' यही हमारी चर्चा का मुख्य बिंदु था। वह हर मैच से पहले मुझे फोन करता है।'' दिनुशा की कड़ी मेहनत आखिर में रंग लाई और उन्होंने भारत के स्पिनरों रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार (सभी बाएं हाथ के स्पिनर) और सारांश जैन (ऑफ-स्पिनर) के खिलाफ स्वीप शॉट का शानदार नमूना पेश करते हुए उन्हें कुंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

नेट पर सिर्फ स्वीप शॉट का अभ्यास

यह 25 वर्षीय खिलाड़ी कड़ी मेहनत करने में विश्वास रखता है और यही वजह है कि प्रियांजन को दिनुशा की भारतीय स्पिनरों के खिलाफ मिली सफलता पर आश्चर्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'मैंने उसे पहली बार स्कूल क्रिकेटर के रूप में देखा था। तब वह 11 या 12 साल का था, लेकिन उस उम्र में भी क्रिकेट के प्रति उसका उत्साह और समर्पण सराहनीय था।' उन्होंने कहा, 'मैंने एक बार उससे कहा था कि स्पिनरों के खिलाफ सफल होने के लिए उन्हें स्वीप शॉट अच्छी तरह से खेलना आना चाहिए। इसके बाद से ही उसने लगभग दो घंटे नेट पर सिर्फ स्वीप शॉट का अभ्यास किया।'

अंतरिक्ष में इंसानों के कदम तो अब तक कई बार पड़ चुके हैं, लेकिन जब वैज्ञानिकों ने जमीन पर भनभनाने वाली नन्हीं मधुमक्खियों को स्पेस में भेजा, तो जो नतीजा सामने आया उसने हर किसी को हैरान कर दिया। जरा सोचिए, जहां बिना गुरुत्वाकर्षण के इंसान के लिए एक-एक कदम संभालना मुश्किल हो जाता है, वहां करीब 3,301 मधुमक्खियां जीरो ग्रेविटी में तैर रही हों! साल 1984 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कुछ ऐसा ही प्रयोग किया था।

स्पेस में भेजीं 3,300 रानी मधुमक्खियां, जीरो ग्रेविटी में टकराने के बाद बनाया अनोखा रिकार्ड!

वॉशिंगटन। नासा के वैज्ञानिक यह देखना चाहते थे कि क्या मधुमक्खियां बिना ग्रेविटी के उड़ सकती हैं और क्या वे अपना छत्ता बना सकती हैं? 7 दिनों के इस मिशन की शुरुआत में मधुमक्खियों को शुरुआती दिनों में काफी समस्या हुई और उड़ते समय वे बॉक्स की दीवारों से टकराने लगीं। लेकिन, कुछ ही दिनों में उन्होंने खुद को अंतरिक्ष के माहौल में ढाल लिया। मिशन के आखिरी दिनों तक मधुमक्खियां सामान्य तरीके से उड़ने लगी थीं और उन्होंने स्पेस में करीब 200 सेंटीमीटर का छत्ता भी बना लिया था।



नासा क्यों करना चाहता था यह प्रयोग?

नासा का यह प्रयोग एसटीएस-41सी मिशन का हिस्सा था और इसके दो उद्देश्य थे। वैज्ञानिक यह देखना चाह रहे थे कि माइक्रोग्रेविटी में मधुमक्खियां कैसा व्यवहार करती हैं और क्या वे वहां जीवित रह भी पाती हैं या नहीं। इसके साथ ही, वैज्ञानिक स्पेस में बने छत्ते की तुलना पृथ्वी पर बनने वाले छत्तों से करना चाहते थे। इन मधुमक्खियों को एक विशेष रूप से डिजाइन किए गए बॉक्स में रानी मधुमक्खी, लकड़ी के फ्रेम और भोजन के साथ रखा गया था। नासा ने उनके भोजन के लिए चीनी, पानी और अगर का एक मिश्रण तैयार किया था, क्योंकि अंतरिक्ष में सामान्य तरल पदार्थ बूंद बनकर तैरने लगते हैं।

शुरुआत में दीवारों से टकराईं मधुमक्खियां

अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग के दौरान मधुमक्खियां सुरक्षित रहीं, लेकिन जीरो ग्रेविटी में उड़ना उनके लिए पूरी तरह से नया एक्सपीरियंस था। शुरुआती जांच में सामने आया कि जब मधुमक्खियों ने उड़ने का प्रयास की, तो वे अपने बॉक्स की ही दीवारों से टकराने लगीं। लेकिन, जैसे-जैसे दिन बीते, उनके व्यवहार में बदलाव आने लगा। सातवें दिन तक अंतरिक्ष यात्रियों ने बताया कि मधुमक्खियों ने जीरो ग्रेविटी के माहौल को पूरी तरह अपना लिया था और वे आत्मविश्वास के साथ उड़ने लगी थीं। क्रू मेंबर्स ने लिखा कि सातवें दिन तक छत्ता अच्छी तरह बन चुका था और मधुमक्खियां जीरो ग्रेविटी में ढल चुकी थीं।

स्पेस में बना दिया 200 सेंटीमीटर का छत्ता

मधुमक्खियों ने स्पेस में न सिर्फ खुद को संभाला, बल्कि अपना काम भी शुरू कर दिया। स्पेस में बंद मधुमक्खियों ने पूरे मिशन के दौरान लगभग 200 सेंटीमीटर लंबा छत्ता तैयार किया। रिसर्चर्स ने पाया कि स्पेस में बने छत्ते और पृथ्वी के छत्ते में कुछ अंतर थे। अंतरिक्ष में बने छत्ते के खानों का व्यास पृथ्वी के मुकाबले छोटा था और उनकी दीवारें ज्यादा मोटी थीं। वहीं, मधुमक्खियां सामान्य गहराई वाले खाने बनाने में सफल रहीं और उन्होंने कुछ खानों में अपनी शुगर सिरप भी जमा की. मिशन के अंत में ज्यादातर मधुमक्खियां जीवित मिलीं। इस दौरान रानी मधुमक्खी ने लगभग 35 अंडे भी दिए थे, लेकिन पृथ्वी पर लौटने के बाद उनमें से बच्चे नहीं निकल सके। इसके पीछे का कारण सामने नहीं आ सका।

रोचक खबरें

जीरो फिगर का खतरनाक नशा, 15 दिन की डाइट के बाद महिला का हुआ बुरा हाल

बीजिंग। आज के समय में स्लिम और सुंदर दिखने की दीवानगी लोगों पर इस कदर हावी हो गई है कि वे अपनी सेहत की कीमत पर जानलेवा नुस्खे अपनाने से भी नहीं कतराते। हाल ही में चीन के हेनान प्रांत से एक ऐसी ही झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। 5 फीट 3 इंच की एक 31 वर्षीय महिला का वजन 70 किलो था। उसे जल्दी वेट लॉस करना था। इसके लिए उसने ऐसा खतरनाक रास्ता चुना, जिसने उससे उसका चलना-फिरना ही छीन लिया। महिला ने लगातार 15 दिनों तक बिना कुछ खाए, सिर्फ पानी के सहारे रहने का फैसला किया। इस क्रैश डाइट से उसने 20 किलो वजन तो घटा लिया, लेकिन उसकी हालत ऐसी हो गई कि आज वह अपने पैरों पर ठीक से खड़ी भी नहीं हो पा रही है और उसकी चाल बिल्कुल पेंगुइन जैसी हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों की रिपोर्ट देख पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला को 'वर्निके एन्सेफेलोपैथी' नाम की गंभीर दिमागी बीमारी हो गई थी। यह बीमारी शरीर में विटामिन बी1 की भारी कमी और अत्यधिक कुपोषण की वजह से होती है। इसकी चपेट में आने के बाद महिला को भ्रम होने लगा, याददाश्त कमजोर हो गई, आंखों को हिलाने में दिक्कत आने लगी और शरीर का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया। डॉक्टरों के मुताबिक, लंबे समय तक भूखा रहने और पोषण न मिलने से महिला के नर्वस सिस्टम को बहुत गहरा नुकसान पहुंचा है। न्यूरोलॉजिस्ट का कहना है कि तमाम इलाज के बाद भी इस बात की आशंका है कि उसकी यह पेंगुइन जैसी चाल उम्रभर के लिए ऐसी ही बनी रह सकती है।

नीले केकड़ों के खिलाफ इटली ने उतारी 1.30 लाख बेबी ऑक्टोपस की फौज

रोम। इटली ने एक खतरनाक घुसपैठिए से निपटने के लिए नया हथियार खोज लिया है। यह हथियार कोई मशीन नहीं, बल्कि ऑक्टोपस की एक विशाल आर्मी है। इटली के समंदर में ब्लू क्रैब नाम के केकड़ों ने भारी आतंक मचा रखा है। ये क्रैब दशकों पहले गलती से इटली के पानी में आ गए थे। अब इनकी संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। ये क्रैब मछली पकड़ने वाले जाल फाड़ रहे हैं। इसके अलावा ये कीमती सीप और मसल्स को भी खा रहे हैं। इससे इटली की कोस्टल इकॉनमी को भारी नुकसान हो रहा है। इस तबाही को रोकने के लिए साइंटिस्ट्स ने समंदर में लाखों ऑक्टोपस छोड़ने का फैसला किया है। उम्मीद है कि ये ऑक्टोपस बड़े होकर इन केकड़ों को अपना शिकार बनाएंगे। इस बड़े कदम से इटली की फिशिंग इंडस्ट्री को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ब्लू क्रैब का वजन लगभग दो पाउंड होता है। इनके नीले रंग के पंजे काफी आकर्षक लगते हैं, लेकिन ये बहुत खतरनाक होते हैं। इन केकड़ों का कोई नेचुरल शिकारी नहीं है। इसलिए इनकी आबादी तेजी से बढ़ रही है। कोल्डिरेटी नाम के एक संगठन ने इस नुकसान का एनालिसिस किया है। यह संगठन मछुआरों और किसानों का प्रतिनिधित्व करता है। उनके अनुमान के मुताबिक अब तक 200 मिलियन यूरो यानी लगभग 170 मिलियन पाउंड (लगभग 22,24,18,00,000 रुपए) का नुकसान हो चुका है। ये क्रैब समंदर में मिलने वाले क्लैम और मसल्स को पूरी तरह चट कर जाते हैं। एमिलिया-रोमाग्ना के एग्रीकल्चर और फिशरीज इंचार्ज एलेसियो ममी ने कहा, 'ब्लू क्रैब सिर्फ एक आक्रामक प्रजाति नहीं है। यह हमारे पानी में आए अब तक के सबसे गंभीर संकटों में से एक है।' कुछ इलाकों में इन केकड़ों ने 70 प्रतिशत क्लैम प्रोडक्शन को नष्ट कर दिया है।

रिसर्च

हाल की इस रिपोर्ट ने बढ़ा दी है वैज्ञानिकों की चिंता

इलेक्ट्रिक रेन का खतरा! बारिश की बूंदें तोड़ रही हैं लोहे की सुरक्षा

बर्लिन। एसिड रेन के बाद वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रिक रेन के बारे में खोज की है, जो आपके घर या आसपास रखे लोहे के सामान के लिए खतरनाक साबित होगी. वैज्ञानिकों की इस नई रिसर्च ने चिंता बढ़ा दी है। आपके घर या आसपास रखे मेटल या लोहे के सामान पर कई बार जंग लग जाती है। आमतौर पर माना जाता है कि एसिड रेन लोहे या मेटल्स को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है। इसके अलावा प्रदूषण से भी लोह के समानों पर जंग लगती है। इस बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है।

दरअसल, जर्मनी की मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट के रिसर्चर्स ने हैरान करने वाला दावा किया है। इस रिसर्च में बताया गया कि इलेक्ट्रिकली चार्ज्ड पानी के कारण भी मेटल्स पर जंग लगती है।

क्या आपने इलेक्ट्रिक रेन के बारे में सुना था?

इलेक्ट्रिकली चार्ज्ड पानी को 'इलेक्ट्रिक रेन' के सामान्य नाम से भी जाना जाता है। वैज्ञानिक पहले से मानते रहे हैं कि बारिश का पानी धातुओं को नुकसान पहुंचाता है। आमतौर पर मुख्य कारण सिर्फ प्रदूषण या पानी की चोट को माना जाता था। अब नए शोध ने पुरानी सोच को पूरी तरह बदल दिया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि पानी में यह छोटा चार्ज काफी नुकसान कर सकता है। इसके कारों या किसी मेटल पर पड़ने से महंगा कोट भी बेकार हो जाता है। वैज्ञानिकों ने माना कि यह चार्ज मेटल को अंदर तक गला देता है।

कैसे कारों पर होता है इसका असर : रिपोर्ट में बताया कि शोध के दौरान लैब में पानी की बूंदों को अलग-अलग चीजों पर गिराया गया। इसमें पौधे के पत्ते, पीवीसी फोम बोर्ड और पालीस्टाइनिन ग्लास शामिल थे। इसके बाद इन बूंदों को टेफ्लॉन से कोट किए गए तांबे पर भी गिराया गया। इसके बाद देखा गया कि बूंदों में काफी हल्का सा इलेक्ट्रिक चार्ज आ गया. यह चार्ज 0.2 से 2 नैनोकूलम्ब के बीच था। वहीं, जब इस प्रकार की 3000 बूंदें तांबे पर गिरीं, तो उसका प्रोटेक्टिव लेयर पूरी तरीके से टूट गया. जिसके बाद तांबे में तेजी से जंग लगी।

जंग से बचने की नई तकनीक की जरूरत?

नई रिसर्च को लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। रिसर्चर्स का कहना है कि चार्ज्ड पानी नेचुरल तरीके से कई जगह बनता है। हैरान करने वाली बात है कि यह बादलों, आंधी-तूफान, समंदर की लहरों और झरनों में भी खुद से पैदा हो जाता है। कुछ इंडस्ट्रियल प्रोसेस के दौरान भी ऐसा होता है। शोधकर्ताओं ने माना कि यह अनदेखा खतरा दुनिया की तमाम ऐतिहासिक धरोहरों को चुपचाप खोखला कर रहा है। बताया जाता है कि मौजूदा एंटी-करोजन रणनीतियां इस खतरे से निपटने के लिए काफी साबित नहीं हो सकती है।

खतरे से निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदम

हालांकि, यह स्टडी केवल लैब तक सीमित नहीं है। नेचर जर्नल की रिपोर्ट बताती है कि इस रिपोर्ट ने अब एक नई परेशानी की ओर वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा है। हालांकि, अभी यह पता लगाना बाकी है कि सामान्य जीवन में बारिश का पानी कितना चार्ज होता है। भविष्य में आने वाली रिसर्च में पता चलेगा कि रोजमर्रा की चीजों पर इसका कितना असर होगा। माना जा रहा है कि जब एक बार वैज्ञानिक इस खतरे को पूरी तरीके से समझ लेंगे, फिर इससे बचाव के तरीके भी सामने आएंगे.

चीन की नई क्रांति, बांस से बना डाला दुनिया का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट

बीजिंग। चीन ने समुद्री ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐसा क्रांतिकारी कदम उठाया है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। आमतौर पर समंदर में तैरते हुए सोलर प्लांट बनाने के लिए लोहे, स्टील और भारी प्लास्टिक के ढांचों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, चीन ने शैंडोंग प्रांत के यांताई तट पर दुनिया का पहला 100-किलोवाट क्षमता वाला ऐसा फ्लोटिंग सोलर फार्म उतारे हैं जिसका पूरा ढांचा बांस से बना है। 'जिलिन -2' नाम का यह अनोखा प्लेटफॉर्म बांस के कंपोजिट ट्यूब्स और पाइप्स की मदद से समंदर में तैर रहा है। यह प्रोजेक्ट न केवल चीन को क्लीन एनर्जी देगा बल्कि समंदर में फैलते प्लास्टिक और लोहे के कचरे को भी काफी हद तक कम करेगा।

यह नया फ्लोटिंग सोलर प्लेटफॉर्म जिलिन-2 चीन के वांगताई में प्रदर्शन बेस पर तैनात किया गया है। इसे यांताई सीआईएमसी रैफल्स ओशन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि पारंपरिक स्टील या हाई-डेंसिटी पॉलीथीन ढांचों की तुलना में यह बांस आधारित डिज़ाइन समुद्री पर्यावरण पर होने वाले बुरे प्रभावों को काफी कम कर देता है।

सी बैम्बू का कमाल: खारे पानी और धूप से भी नहीं होगा खराब

सबके मन में यही सवाल उठ रहा है कि बांस तो पानी में सड़ जाता है, फिर समंदर की तूफानी लहरों में यह कैसे टिकेगा? दरअसल, बीजिंग फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसके लिए खास 'सी बैम्बू पाइप्स' तैयार किए हैं। ये फाइबर-रेनफोर्स्ड वुड-बैम्बू कंपोजिट पाइप हैं, जिन्हें खास तकनीक से मॉडिफाई किया गया है। ये पाइप समंदर के खारे पानी, लगातार बनी रहने वाली नमी, तेज नमक की फुहारों और सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट (यूवी) किरणों को आसानी से झेल सकते हैं।

ये है दुनिया का सबसे जहरीला पक्षी

केनबरा। दुनिया में कई खतरनाक जीव-जंतु हैं जिन्हें देखकर इंसान दूर भागते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी किसी ऐसे पक्षी के बारे में सुना है जो इतना जहरीला हो कि अनुभवी शिकारी भी उसे छूने से डरें? जी हां, ऐसा पक्षी वाकई मौजूद है। इसका नाम है हुडेड पिटोहुई। इसे दुनिया का सबसे जहरीला पक्षी माना जाता है। इस पक्षी के पंखों, त्वचा और शरीर में जानलेवा जहर छिपा रहता है। न्यू गिनी के घने जंगलों में रहने वाले कबीलाई लोग भी इसे देखते ही छोड़ देते हैं क्योंकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि इसका शिकार उन्हें अपाहिज कर सकता है।

आज भी न्यू गिनी के कई इलाकों में जनजातियां पारंपरिक तरीके से जीवन व्यतीत करती है। ये लोग शिकार के जरिए अपना भोजन जुटाते हैं। जंगल उनके लिए घर और रसोई दोनों है। लेकिन एक ऐसा पक्षी है जिसे देखकर ये अनुभवी शिकारी भी तुरंत पीछे हट जाते हैं। वे पीढ़ियों से जानते हैं कि हुडेड पिटोहुई को छूना भारी पड़ सकता है।

डरते है लोग: स्थानीय शिकारी बताते हैं कि वे बचपन से ही इस पक्षी को पहचानना सीख जाते हैं। इसके रंग, उड़ान के अंदाज और आवाज से वे तुरंत समझ जाते हैं कि ये वाला पक्षी हाथ नहीं लगाना है। कई पुरानी लोककथाएं प्रचलित हैं जिनमें किसी शिकारी के छूने के बाद घंटों तक शरीर में दर्द और सुन्नपन रहने की बात कही जाती है। इसलिए कबीले वाले इसे दूर से सलाम करते हैं और दूसरे सुरक्षित पक्षियों का शिकार करना पसंद करते हैं। वैज्ञानिकों को इस पक्षी की जहरीली प्रकृति का पता 1990 के दशक में चला। जब शोधकर्ता न्यू गिनी के जंगलों में अध्ययन कर रहे थे तो उन्होंने इस पक्षी को हाथ में लिया। थोड़ी देर बाद उनके हाथों में जलन और सुन्नपन महसूस होने लगा। आगे की लैब जांच में बैट्राकोटॉक्सिन की पुष्टि हुई। तब से हुडेड पिटोहुई को दुनिया का सबसे जहरीला पक्षी माना जाने लगा। रिसर्च में पाया गया कि ये पक्षी जहर अपने भोजन से प्राप्त करता है। यह कुछ खास तरह के बीटल और कीड़ों को खाता है, जिनमें ये टॉक्सिन नैचुरली होता है। पक्षी का शरीर इस जहर को सहन करने और अपने पंखों व त्वचा में जमा करने के लिए पूरी तरह अनुकूलित हो गया है। शिकारियों और दूसरे जानवरों के लिए ये जहर बचाव का काम करता ह

छूना भी है खतरनाक

इस पक्षी को छूते ही शरीर सन्न पड़ जाता है, सुन्न होने लगता है और गंभीर स्थिति में पक्षाघात तक हो सकता है। सोशल मीडिया पर इस पक्षी की कहानी एक बार फिर तेजी से वायरल हो रही है। लोग हैरानी जता रहे हैं कि पक्षी भी इतना खतरनाक हो सकता है? यह पक्षी मुख्य रूप से पापुआ न्यू गिनी के घने वर्षा वनों में पाया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम पिटोहुई डाइक्रोअस है। दिखने में ये काफी आकर्षक होता है। सिर पर काले रंग का हुड जैसा हिस्सा, नारंगी-भूरे रंग का शरीर और चमकीली आंखें इसे जंगल में आसानी से पहचाने लायक बनाती हैं। लेकिन इसकी खूबसूरती के पीछे मौत का साया छिपा है। इस पक्षी के पंखों, त्वचा और यहां तक कि मांस में भी एक शक्तिशाली जहर होता है, जिसे बैट्राकोटॉक्सिन कहा जाता है। ये वही जहर है जो दक्षिण अमेरिका के जहरीले डार्ट फ्रॉग्स में पाया जाता है। इतना असरदार जहर कि छोटी मात्रा भी इंसान के लिए खतरा बन सकती है। छूने से त्वचा पर तेज जलन, खुजली, सुन्नपन और दर्द होता है। अगर जहर अधिक मात्रा में शरीर में प्रवेश कर जाए तो मांसपेशियां काम करना बंद कर सकती हैं और व्यक्ति अस्थायी रूप से अपाहिज हो सकता है।

इंसानों से बढ़ा टकराव, जापान में 14 हजार भालुओं को मार डाला

टोक्यो। जापान में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2025 से लेकर जनवरी 2026 के बीच 14 हजार से ज्यादा भालुओं को मार दिया गया है। इसकी वजह जापान की खूबसूरत पहाड़ियों और घने जंगलों में इन दिनों इंसानों और भालुओं के बीच टकराव बढ़ना है। जंगलों में रहने वाले भालू अब खाने की तलाश में रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। हालात, इन बिगड़ गए कि जापान में भालुओं को पकड़कर मार दिया जाने लगा।

शिकारियों की भी घटी संख्या : जापान सरकार की तरफ कहा गया है कि प्रशिक्षित शिकारियों की कमी के कारण समस्या बढ़ी है। 1975 के बाद से लाइसेंस प्राप्त शिकारियों की संख्या आधे से भी कम हो चुकी है। इसके कारण सरकार ने आबादी वाले क्षेत्रों में भालुओं को गोली मारने के नियमों में भी ढील दी, जिसके भालुओं को पकड़ने और मारने की कार्रवाई काफी बढ़ गई।

क्यों रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं भालू?

सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर जापान में भालू रिहायशी बस्तियों तक क्यों जा हैं? जवाब है कि जंगलों में खाना कम होने पर बस्तियों में भालू पहुंचने लगे। बताया जा रहा है कि जापान के कई इलाकों में भालुओं और इंसानों के बीच टकराव की बड़ी वजह भोजन की कमी है।

बदलते मौसम से खाद्य पदार्थों की उपलब्धता प्रभावित

सर्दी के मौसम में भालू हाइबरनेशन यानी लंबी नींद में जाने से पहले जमकर खाना खाते हैं, जिसके लिए वे जंगलों में मिलने वाले बीच नट्स और एकॉर्न जैसे फलों और बीजों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन रिकॉर्ड गर्मी और बदलते मौसम से जंगलों में इन खाद्य पदार्थों की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसका नतीजा हुआ कि भूखे भालू पहाड़ों और जंगलों से गांवों और रिहायशी इलाकों में पहुंचने लगे, क्योंकि वो फलों के पेड़, खेत और इंसानों का छोड़ा खाना आसानी से पा जाते हैं। इसके अलावा एक और सबसे बड़ी वजह जापान के गांवों में इंसानों की आबादी भी कम हुई है। खेतों और बगीचे छोड़ दिए गए हैं, जो धीरे-धीरे जंगलों में बदलते जा रहे हैं। इसके कारण भालुओं के रहने की जगह और इंसानी बस्तियों के बीच की दूरी भी कम हो गई। बीते साल भालू और इंसानों के बीच यह सबसे खौफनाक भिड़ंत थी। भालुओं ने 230 से ज्यादा लोगों पर हमले किए, जिनमें 13 लोगों की मौत हो गई।

लद्दाख में दिखा दुर्लभ कुदरती करिश्मा

नई दिल्ली। लद्दाख का भारत का ठंडा रेगिस्तान कहा जाता है। वहां पर साल भर हाड़ लगा देने वाली ठंडी हवाएं बहती हैं और कई इलाकों में भारी बर्फबारी होती है। हालांकि, काफी इलाके ठंडे और सूखे रहते हैं। अब इसी लद्दाख में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिला है। वहां पर एक शिक्षिका ने अपने कैमरे में कुछ खास रिकॉर्ड कर लिया। उन्होंने इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया तो लोग दंग रह गए और देखते ही देखते ही वे तस्वीरें वायरल हो गईं। आखिर प्रेरणा दलाल के कैमरों ने ऐसा किया रिकॉर्ड कर लिया था लोग अवाक रह गए। प्रेरणा दलाल योग शिक्षिका हैं। वे लद्दाख घूमने गई थीं। वहां पर उन्होंने लद्दाख के पहाड़ों पर आसमान में हरे, नीले और बैंगनी रंग के बादल देखे। ऐसा लग रहा था कि जैसे किसी ने हल्के पेस्टल रंगों से आसमान को पेंट कर दिया हो।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें पोस्ट करके प्रेरणा ने लिखा, 'आकाश में जब बादल इंद्रधनुष में बदल जाते हैं। लद्दाख के ग्लेशियरों के ऊपर ड्रोन शॉट लेते समय मैंने यह नजारा देखा। सच कहूं तो मुझे समझ ही नहीं आ रहा था कि मैं क्या देख रही हूं. मैं बस वहां खड़ी होकर सोचती रही कि यह क्या है?' उनकी तस्वीरों को देखकर इंटरनेट यूजर्स बुरी तरह चौंक गए। उनके दंग रहने की वजह ये थी कि खाली आसमान में तो इस तरह इंद्रधनुष अक्सर देखने को मिल जाते थे। लेकिन, बादलों का इस तरह रंग-बिरंगा हो जाना, ये नई बात थी. इन अजीब और खूबसूरत दृश्य को देखकर कई यूजर्स ने उसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से तैयार पिक्चर्स बताया. हालांकि, बाद में फैक्ट-चेकर्स ने तस्वीरों की जांच की तो वे बिल्कुल असली निकली।

क्या होता है बादलों का सतरंगी होना?

रिपोर्ट के मुताबिक, बादलों को सतरंगी हो जाने की घटना को 'क्लाउड इरिडेसेंस' या 'इंद्रधनुषी बादल' कहा जाता है। यह तब होता है, जब सूर्य की रोशनी बादलों में मौजूद पानी की छोटी बूंदों के साथ संपर्क करता है। इस वजह से प्रकाश का बिखराव होता है, जिससे इंद्रधनुष जैसे रंग बनते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, हालांकि क्लाउड इरिडेसेंस एक प्राकृतिक घटना है। इसके बावजूद, यह काफी दुर्लभ और क्षणिक घटना होती है। इसे देखना बेहद खास होता है। चूंकि, लद्दाख बहुत ऊंचाई पर है और वहां का वातावरण भी एकदम साफ रहता है। इसलिए वहां पर ऐसी अनोखी वायुमंडलीय घटनाएं देखने को मिल जाती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930